CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

नई दिल्ली, सोमवार 13 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 5 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 24 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्राफी को बदलना चाहते हैं: योगी पेज 2



रुतुराज गायकवाड़ पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



आम्बेडकरवादी भी जातिवादी हैं! सम्पादकीय



ईरान से वार्ता विफल होने पर भड़के ट्रम्प, ईरान को बताया जिम्मेदार पेज 12

# वैश्विक ताकत की रेस में कमजोर हुआ सुपर पावर अमेरिका

**वाशिंगटन, वार्ता**



■ **शक्ति संतुलन में नए समीकरण खड़े हुए, ईरान युद्ध से अमेरिका को झटका, कई मोर्चों पर असर, चीन-रूस को होगा फायदा**

ईरान युद्ध ने वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण खड़े कर दिए हैं। जहां अमेरिका को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं चीन और रूस इस स्थिति का रणनीतिक लाभ उठाते नजर आ रहे हैं।

आने वाले समय में यह संघर्ष वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। ईरान में जारी युद्ध और उससे उपजे भू-राजनीतिक तनाव ने अमेरिका की वैश्विक स्थिति पर गहरा असर डाला है। विश्लेषकों के मुताबिक इस संघर्ष ने न केवल अमेरिका की रणनीतिक पकड़ कमजोर की है, बल्कि रूस और चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों को नए अवसर भी प्रदान किए हैं। हाल ही में 14 दिन के संघर्षविराम के बाद भले ही अमेरिका और ईरान दोनों ने जीत का दावा किया हो, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में इस घटनाक्रम को अमेरिका के लिए झटके के रूप में देखा जा रहा है। इस रिपोर्ट में उन चार प्रमुख पहलुओं को समझाया गया है, जिनके जरिए ईरान में जारी संघर्ष ने 21वीं सदी की वैश्विक महाशक्ति प्रतिस्पर्धा में अमेरिका की स्थिति को कमजोर किया है। अमेरिका लंबे समय से पश्चिम एशिया में अपने रणनीतिक हितों को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन बदलते वैश्विक समीकरणों ने उसकी चुनौतियां बढ़ा दी हैं। शीत युद्ध के दौर में अमेरिका का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में सोवियत प्रभाव को सीमित करना था, जबकि साथ ही इजरायल और पाकिस्तान जैसे सहयोगियों के परमाणु विकास पर नजर रखना भी शामिल था। 2020 के दशक में यह फोकस बदलकर चीन और रूस के बढ़ते प्रभाव को रोकने पर केंद्रित हो गया। वहीं चीन और रूस ने विभिन्न गठबंधनों और कूटनीतिक कदमों के जरिए पश्चिम एशिया में अपनी पकड़ मजबूत की है। चीन ने 2023 में सऊदी-ईरान समझौते में मध्यस्थता की, जबकि रूस ने ईरान और सीरिया के साथ सहयोग बढ़ाया। बदलते हालात में खाड़ी देश अब सुरक्षा और सहयोग के लिए नए विकल्प तलाश रहे हैं। अमेरिका का रणनीतिक फोकस हाल के वर्षों में लगातार पश्चिम एशिया से हटकर इंडो-पैसिफिक और पश्चिमी गोलार्ध की ओर बढ़ रहा था, लेकिन ईरान में छिड़े युद्ध ने इस दिशा को उलट दिया। इराक और अफगानिस्तान के लंबे युद्धों के बाद रूस और चीन ने इसी खालीपन का फायदा उठाते हुए क्षेत्र में अपने सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक संबंध मजबूत किए। नवम्बर 2025 की अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भी पश्चिम एशिया को कम प्राथमिकता देने की बात कही गई थी, लेकिन ईरान युद्ध ने इस नीति से विपरीत स्थिति पैदा कर दी। ट्रम्प द्वारा बिना सहयोगी देशों से सलाह किए लिए गए फैसलों ने नाटो और अन्य साझेदारों में असंतोष बढ़ाया।

# सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का निधन

## 92 साल की उम्र में ब्रीच कैंडी अस्पताल में ली अंतिम सांस



■ **चेस्ट इंफेक्शन के बाद अस्पताल में हुई थीं भर्ती**

■ **आज शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा अंतिम संस्कार**

**मुंबई।** सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डा. प्रतीत समदानी ने बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-आर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ।

आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे सोमवार सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार सोमवार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा। आशा भोसले का पार्थिव शरीर हॉस्पिटल से उनके घर लाया गया। आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने 'इन आंखों की मस्ती', 'दम मारो दम', 'पिया तू अब तो आजा' और 'चुरा लिया है तुमने' आज भी लोकप्रिय हैं। आशा भोसले मशहूर थिएटर एक्टर और क्लासिकल सिंगर दीनानाथ मंगेशकर की बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। जब वो सिर्फ 9 साल की थीं, तब उनके पिता का निधन हो गया था, जिसकी वजह से उन्होंने बहन लता मंगेशकर के साथ मिलकर परिवार को सपोर्ट करने के लिए सिंगिंग शुरू कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### वृंदावन नाव हादसे में दो लापता शव मिले मृतक संख्या हुई 13

**मथुरा।** उप्र में मथुरा जिले के वृंदावन क्षेत्र में यमुना नदी में हुए भीषण नाव हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन के तीसरे दिन रविवार को दो और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। प्रशासन और बचाव दल अब भी तीन लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। रविवार सुबह पंजाब के लुधियाना निवासी बीए अंतिम वर्ष की छात्रा डिकी तथा जगराओं निवासी ऋषभ शर्मा के शव बरामद किए गए। दोनों शव नदी में ऊपर आने के बाद रस्सी के सहारे बाहर निकाले गए। परिजनों ने भावुक माहौल में उनकी पहचान की। इससे पहले शनिवार को मानिक टंडन नामक युवक का शव मिला था, जिसकी सितम्बर में शादी तय थी। बचाव कार्य को तेज करते हुए प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन का दायरा 14 किलोमीटर से बढ़ाकर 20 किलोमीटर कर दिया है।

### उत्तर प्रदेश समेत 16 राज्यों में आज से बढ़ेगी गर्मी

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान, यूपी-एमपी, दिल्ली, गुजरात समेत देश के 16 राज्यों में इस हफ्ते पारा 40डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़, ओडिशा में 2 दिन बाद लू चलने की आशंका है। हालांकि, रविवार को केरल, कर्नाटक, सिक्किम, बंगाल, जम्मू-कश्मीर, असम, मेघालय, अरुणाचल, मणिपुर मिजोरम, त्रिपुरा और नगालैंड में बारिश का अलर्ट है। शनिवार शाम को अटल टनल और मनाली के आसपास के इलाकों में हल्की बर्फबारी हुई।

### स्टालिन के आरोप तथ्यों से परे, राजनीति से प्रेरित: सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण ने तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के उन आरोपों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार ने राज्य के धान किसानों को बोनस न देने का निर्देश दिया है। सीतारमण ने कहा कि स्टालिन के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और जानबूझकर लोगों को गुमराह करने के प्रयास के तहत लगाए गए हैं। एक राज्य के सीएम से, जो एक संवैधानिक पद पर बैठे हैं, इस तरह के व्यवहार की उम्मीद नहीं की जाती है।

# इस्लामाबाद में अमेरिका ईरान वार्ता रही बेनतीजा

## नहीं हो सका कोई समझौता, दोनों प्रतिनिधिमंडल वापस लौटे

**इस्लामाबाद, वार्ता**



■ **मिडिल ईस्ट में एक बार फिर जंग शुरू होने की आशंका बढ़ी**

■ **अमेरिका ने कहा: ईरान ने वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार करने से इन्कार किया**

■ **लेबनान मुद्दे को लेकर स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई**

■ **ईरान का कूटनीतिक रुख कायम कहा- बहाना तलाश रहा था अमेरिका**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस्लामाबाद में शांति वार्ता को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। 21 घंटे की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला है और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान से लौटा गया है। इससे अब एक बार फिर जंग शुरू होने की आशंका बढ़ गई है, हालांकि लेबनान को लेकर स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है।

पाकिस्तान में हुई उच्च स्तरीय वार्ता के बाद ईरान का प्रतिनिधिमंडल वापस लौट गया है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है, जब अमेरिका- ईरान वार्ता किसी ठोस समझौते पर नहीं पहुंच सकी। ईरान ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि कूटनीति का रास्ता कभी समाप्त नहीं होता और वह बातचीत के लिए हमेशा तैयार है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार कूटनीति राष्ट्रीय हितों की रक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। ईरान, पाकिस्तान और अन्य मित्र देशों के साथ परामर्श की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, संवाद और बातचीत के रास्ते खुले रहेंगे। क्षेत्रीय मुद्दों पर विभिन्न देशों के साथ संपर्क और चर्चा जारी रखने पर जोर दिया गया है। ईरानी पक्ष से जुड़े एक सूत्र ने दावा किया है कि अमेरिका वार्ता से बाहर निकलने के लिए बहाना तलाश रहा था। अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बातचीत का इस्तेमाल करना चाहता था, लेकिन मौजूदा मतभेदों और युद्ध जैसे हालात के चलते कोई समाधान नहीं निकल सका। सूत्र ने यह भी संकेत दिया कि ईरान ने फिलहाल आगे की वार्ता को लेकर कोई योजना नहीं बनाई है, जिससे कूटनीतिक तनाव और बढ़ सकता है। 21 घंटे तक चली मैराथन वार्ता के बाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने किसी भी समझौते पर सहमति नहीं बनने की पुष्टि की और पाकिस्तान से वापस लौट गया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंसकहा कि ईरान ने वाशिंगटन की शर्तों को स्वीकार करने से इन्कार कर दिया।

### पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति से कहा- हम निभा सकते हैं मध्यस्थ की भूमिका

**मास्को।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच शांति की कोशिशों को लेकर नई हलचल देखने को मिली है। पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से फोन पर बातचीत की और क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए रूस की भूमिका निभाने की इच्छा जताई। यह बातचीत उस समय हुई है, जब इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान वार्ता कोई ठोस नतीजा नहीं दे सकी। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस पश्चिम एशिया में राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान खोजने में मदद करने के लिए तैयार है।

### ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से 20 लाख डॉलर शुल्क के साथ 10 जहाजों को गुजरने की अनुमति दी

**तेहरान।** ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से प्रतिदिन लगभग 10 जहाजों को गुजरने की अनुमति देने का फैसला किया है, जिसमें सुपरटैंकर के लिए शुल्क 20 लाख डॉलर तक हो सकता है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जनरल ने अपनी एक रिपोर्ट में दी। अखबार के मुताबिक, कई देशों के जहाज मालिक आईआरजीसी के साथ इस स्ट्रेट से गुजरने के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो जहाज इस रास्ते से गुजरेंगे, उन्हें तय किए गए विशेष मार्गों पर ही चलना होगा और आवश्यक अनुमति लेनी होगी। गौरतलब है कि बुधवार रात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने होर्मुज स्ट्रेट को खोलने की घोषणा की थी। यह स्ट्रेट दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और एलएनजी की आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

# भारत ने दी चीन को दो टूक चेतावनी

## अरुणाचल के कुछ स्थानों का नाम बदलने के दावे को किया खारिज

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **विदेश मंत्रालय ने कहा- इस तरह की हकरतें भ्रामक व निराधार**

भारत ने चीन की उन कोशिशों को सख्ती से खारिज कर दिया है, जिनमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम बदलने की कोशिश की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की हरकतें भ्रामक और निरर्थक हैं और भारत इन्हें पूरी तरह अस्वीकार करता है।

मंत्रालय के अनुसार चीन की तरफ से किया गया यह कदम गलत और बिना आधार का है। भारत का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहा है और रहेगा। चीन के किसी भी तरह के नाम बदलने या झूठे दावे करने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की इस तरह की कोशिशें भ्रामक और बिना आधार की हैं, जिन्हें भारत पूरी तरह खारिज करता है। जायसवाल ने दोहराया कि भारत अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर कोई समझौता नहीं करेगा। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत ऐसे सभी भ्रामक और गलत प्रयासों को पूरी तरह अस्वीकार करता है। उन्होंने साफ कहा कि चीन द्वारा किए जा रहे झूठे दावे और मनगढ़ंत कहानियां किसी भी तरह की सच्चाई को नहीं बदल सकतीं। अरुणाचल प्रदेश समेत भारत के सभी क्षेत्र हमेशा से देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा रहे हैं और आगे भी रहेंगे। बता दें कि विदेश मंत्रालय का यह बयान चीन की उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों के नए नाम जारी करने की कोशिश की थी। ऐसे में भारत ने इसे एक बार फिर राजनीतिक और भड़काऊ कदम बताया है और ऐसे सभी दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

# राहुल ने 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन को दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग द्वारा आयोजित 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को हरी झंडी दिखाई।

मैराथन नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित सफदर हाशमी मार्ग से शुरू होकर डॉ. अंबेडकर नेशनल मेमोरियल (26, अलीपुर रोड) तक जाएगी। इस आयोजन का संचालन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग ने अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के सहयोग से किया। इस मौके पर गांधी ने कहा कि 'मैं भी अंबेडकर' मैराथन बाबासाहेब अंबेडकर जी के विचारों और भारतीय संविधान के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आज जब संवैधानिक मूल्यों पर प्रहार हो रहे हैं, ऐसे समय में हमें हर अन्याय और भेदभाव के खिलाफ बाबासाहेब अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

### अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से होगी शुरू 15 अप्रैल से पंजीकरण

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को घोषणा की कि श्री अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होगी और 28 अगस्त को समाप्त होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि भगवान शिव का आशीर्वाद लेने के लिए प्रथम पूजा 29 जून 2026 को ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन आयोजित की जाएगी। यहां लोक भवन में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कुल 57 दिनों तक चलने वाली इस यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल 2026 से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से शुरू होगा।

# चार मई के बाद बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार: मोदी

**कोलकाता, वार्ता**



■ **टीएमसी को देना होगा पाई-पाई का हिसाब**

■ **सिलीगुड़ी में पीएम ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सिलीगुड़ी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दार्जिलिंग और सिलीगुड़ी के लोगों ने हमेशा उन्हें भरपूर प्यार दिया है और कल के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब यह साफ करता है कि बंगाल अब परिवर्तन का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार के 15 साल के शासन में बंगाल सिर्फ बर्बाद हुआ है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जो युवा आज पहली बार वोट देने जा रहे हैं, वे बंगाल का भविष्य तय करें। ये किसी के भी काम के मूल्यांकन का बहुत बड़ा समय है। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी ने 15 वर्षों में कोई काम नहीं किया, बल्कि सिर्फ काले कारनामे किए हैं। उन्होंने सिलीगुड़ी को नार्थ बंगाल का प्रवेश द्वार बताते हुए कहा कि टीएमसी ने जान-बूझकर यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री और टूरिज्म को पीछे रखा। केंद्र सरकार ने जो पैसा भेजा, उसे सिंडिकेट वाले हजम कर गए। पीएम मोदी ने टीएमसी पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि इस निर्मम सरकार ने मदरसों के लिए तो 6,000 करोड़ रुपये का बजट दिया, लेकिन नार्थ बंगाल के विकास के लिए पर्याप्त पैसा नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब नार्थ बंगाल बारिश और तबाही से जूझ रहा था, तब टीएमसी सरकार कोलकाता में जश्न मना रही थी। पीएम ने टीएमसी को नार्थ बंगाल, आदिवासी, चाय-बागान, महिला और युवा विरोधी पार्टी बताया। भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी, टीएमसी वाले कान खोलकर सुन लें, चार मई के बाद बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और उन्हें पिछले 15 वर्षों के पल-पल और पाई-पाई का हिसाब देना होगा। सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी कारिडोर मां भारती की भुजा है, लेकिन टीएमसी ने तुष्टिकरण के लिए उन टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन किया जो नार्थ-ईस्ट को देश से अलग करने की धमकी देते हैं। चाय बागानों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि असम की भाजपा सरकार श्रमिकों को जमीन के पट्टे और सुविधाएं दे रही है, जबकि टीएमसी इन्हें बर्बाद कर रही है।

# भाजपा ने सांसदों के लिए व्हिप जारी किया

■ **16-18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहना होगा, महिला आरक्षण के लिए विशेष सत्र, पीएम ने पत्र लिखा**

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक संसद में मौजूद रहने को कहा है।

इस दौरान किसी को भी छुट्टी नहीं दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई थी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात हाई कोर्ट ने 'फांसी की सजा वाले को किया बरी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने अहमदाबाद के ओढव इलाके में साल 2017 में हुए चर्चित मां-बेटे के डबल मर्डर केस में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने उस आरा.पी को बरी कर दिया है, जिसे निचली अदालत ने 'रेयरेस्ट आफ रेयर' (दुर्लभ से दुर्लभतम) मामला मानते हुए मौत की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी को तुरंत जेल से रिहा करने का भी आदेश दिया है। 6 जून 2017 को अहमदाबाद शहर के ओढव इलाके में बेला पार्क स्थित एक घर से असहनीय दुर्गंध आने की खबर मिली थी। जब मकान मालिक दिव्येश मोदी ने मौके पर जाकर जांच की, तो उन्हें वहां दो सड़ी-गली और कीड़ों से भरी लाशें मिलीं। पुलिस तफ्तीश में सामने आया कि ये लाशें उनके किराएदार विपुल मोदी और कंचनबेन मोदी की थीं। कोर्ट केस के दौरान सरकारी वकील ने पूरी कहानी सामने रखी थी।

### सर्जन वाइस एडमिरल ने एएमसी के वीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** सर्जन वाइस एडमिरल कविता सहाय द्धएवीएसएम, एसएम, वीएसएमत्रऋ, महानिदेशक चिकित्सा सेवा (नौसेना) ने लखनऊ स्थित आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) केंद्र एवं कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने एएमसी के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने शनिवार को लखनऊ छावनी में स्थित एएमसी युद्ध स्मारक 'श्रद्धांजलि' पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उन सैनिकों को याद किया। इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह, एवीएसएम, जो एएमसी केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट हैं, भी उपस्थित रहे।

## वोट बैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्रॉफी बदलना चाहते हैं: योगी

# दंगाइयों का इलाज कर देगी डबल इंजन सरकार

**सोनामुखी (बांकुड़ा), वार्ता**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले बांग्लादेश में एक दलित हिंदू की निर्मम हत्या पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी मौन रहीं। उन्हें भय था कि बोलने पर उनका मुस्लिम वोट न खिसक जाए। उन्होंने कहा कि वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं। सोनामुखी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस को भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़



■ कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस को भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट न दीजिए: आदित्यनाथ

करने की छूट न दीजिए। ये लोग नवरात्र आयोजन में व्यवधान पैदा करते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम सब मिलकर बंगाल का पुराना वैभव लौटा सकते हैं।

सीएम ने कहा कि मैं इसी आह्वान के साथ आपके बीच आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तृणमूल के शासन में यहां बहुत तांडव हुआ है। हमारे कार्यकर्ता सुमन को गोली मार दी गई। स्वरूप घोष, पलाश घोष, उत्पल दास जैसे कार्यकर्ताओं के घर उजाड़ दिए गए। सुशोभन का हाथ काट दिया। तृणमूल की गुंडागर्दी के ऐसे अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं। सीएम ने बंगालवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली में मोदी हैं, पश्चिम बंगाल में भी आप भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी। तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा सरकार के पास है। उन्होंने स्थानीय भाषा में संवाद स्थापित करते हुए कहा कि अब बंगाल में 'खेला' बंद और भाजपा की जीत से विकास शुरू होगा। उन्होंने मंच से भाजपा प्रत्याशियों सोनामुखी से दिबाकर घरामी, इंडास से निर्मल धारा व बरजोड़ा से बिलेश्वर सिघा को जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल की धरती पर राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर व राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को भी याद किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मैं विश्वास से कह रहा हूं कि बंगाल परिवर्तन की नई राह पर चल पड़ा है।

### स्वामी विवेकानंद की धरती है बंगाल

उन्होंने कहा कि बंगाल ने स्वामी विवेकानंद जैसा संन्यासी दिया, जिन्होंने 'गर्व से कहो, मैं हिंदू हूं' का भाव जगाया। बंगाल रामकृष्ण परम.हंस व भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद की धरती है, लेकिन भारत की संस्कृति की आत्मा और राष्ट्रवाद की धरती बंगाल को तृणमूल कांग्रेस ने तुष्टिकरण, लूट-खसोट, अराजकता की धरती बनाकर रख दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अराजकता, अव्यवस्था, गुंडागर्दी आज पश्चिम बंगाल में है, 9 वर्ष पहले वही स्थिति उप्र में भी थी। वहां त्योहारों के पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू रहता था। गुंडे-माफिया समानांतर सत्ता संचालन करते थे। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उप्र में जनता-जनार्दन ने डबल इंजन सरकार बनाई तो आज यूपी में तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण है।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे का उद्घाटन 14 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डा. भीमराव आंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

210 किलोमीटर लंबे और छह लेन वाले इस एक्सप्रेसवे के लोकार्पण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं। कार्यक्रम की तैयारियां अपर पुलिस महानिद.शक मेरठ जोन भानु भास्कर, सहारनपुर मंडलायुक्त डा. रूपेश कुमार, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी अभिनंदन सिंह, एनएचएआई अध्यक्ष संतोष यादव, राज्यमंत्री जसवंत सैनी तथा भाजपा जनप्रतिनिधियों की निगरानी में पूरी की गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह एक्सप्रेसवे दिल्ली के अक्षरधाम से शुरू होकर पश्चिमी उप्र के बागपत, बड़ौत, मुजफ्फरनगर, शामली और



■ पीएम मोदी सौंपेंगे जनता को, तैयारियां पूरीं

सहारनपुर होते हुए उत्तराखंड की राजधानी देहरादून तक जाएगा। एक्सप्रेसवे का निर्माण चार चरणों में किया गया है जिसमें पहला चरण अक्षरधाम से बागपत के खेकड़ा तक 32 किमी का है जबकि दूसरा चरण बागपत से सहारनपुर के लाखनौर तक 32 किमी, तीसरा चरण लाखनौर से गणेशपुर-बिहारीगढ़ तक 42 किमी और चौथा चरण गणेशपुर टोल से देहरादून तक 18 किमी लंबा है। अंतिम चरण में 12 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया गया है, जो राजा.जी नेशनल पार्क से होकर गुजरेगा।

# यूपी में अगले सात दिन शुष्क रहेगा मौसम, हवाएं चलेंगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में गर्मी ने दस्तक दे दी है। शुष्क मौसम के बीच दिन और रात का तापमान बढ़ने से दोपहर में सड़कों पर भीड़भाड़ कम होने लगी है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले सात दिनों तक मौसम सामान्यतरू शुष्क रहने की संभावना है। पश्चिमी और पूर्वी उप्र के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने बताया कि 12 अप्रैल को पश्चिमी और पूर्वी उप्र में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। 13 और 14 अप्रैल को भी 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने के आसार हैं। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक पश्चिमी और पूर्वी उप्र दोनों क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान किसी



■ कटाई के बाद फसल को रखें सुरक्षित

विशेष मौसम गतिविधि की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने 12 अप्रैल से 18 अप्रैल तक पूरे प्रदेश के लिए किसी प्रकार की मौसम चेतावनी जारी नहीं की है। किसानों को सलाह दी गई है कि तेज हवाओं को देखते हुए किसान कटाई के बाद फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें। खुले में रखी उपज को ढककर रखें तथा अनावश्यक रूप से धूलभरी हवाओं में बाहर निकलने से बचें।

# महिला आरक्षण पर सर्वदलीय बैठक बुलाएं

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा लेटर

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सरकार से महिला आरक्षण विधेयक और परिसीमन के मुद्दे से जुड़े प्रस्तावित संवैधानिक संशोधनों पर चर्चा करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाने का आग्रह किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष को भरोसे में लिए बिना संसद का स्पेशल सेशन बुलाया गया है और चेतावनी दी कि सही चर्चा के लिए जरूरी बातें अभी भी साफ नहीं हैं। यह तब हुआ जब संसद 16 अप्रैल से तीन दिन का स्पेशल सेशन शुरू करने वाली है, जिसका फोकस महिला आरक्षण संशोधन बिल पर होगा। पत्र में खड़गे ने लिखा कि मुझे



■ हमें भरोसे में लिए बिना विशेष सत्र बुलाया: कांग्रेस

अभी-अभी 16 अप्रैल से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए संसद के स्पेशल सेशन पर आपका लेटर मिला है। यह स्पेशल सेशन हमें भरोसे में लिए बिना बुलाया गया है और आपकी सरकार होने वाले डिलिमिटेशन पर कोई डिटेल बताए बिना फिर से हमारा सहयोग मांग रही है। आप समझेंगे कि डिलिमिटेशन और दूसरी बातों की डिटेल के बिना इस ऐतिहासिक कानून पर कोई काम की चर्चा करना नामुमकिन होगा। आपने अपने पत्र में लिखा है कि आपकी सरकार ने इस बारे में पॉलिटिकल पार्टियों से बातचीत की है। हालांकि मुझे यह बताते हुए कहना पड़ रहा हैं कि 29 अप्रैल 2026 को चुनाव का मौजूदा दौर खत्म होने के बाद संविधान में किए जा रहे बदलावों पर चर्चा करने के लिए एक ऑल-पार्टी मीटिंग बुलाई जाए। अभी चल रहे राज्य चुनावों के दौरान स्पेशल मीटिंग बुलाना हमारे इस विश्वास को और पक्का करता है कि आपकी सरकार महिलाओं को सही मायने में मजबूत बनाने के बजाय पॉलिटिकल फायदा उठाने के लिए बिल को लागू करने में जल्दबाजी कर रही है।

# यूपी में 49 बस स्टेशनों का होगा काया-कल्प, परियोजना को मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र में परिवहन व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने फेज-2 के तहत 49 बस स्टेशनों के पुनर्विकास को मंजूरी दे दी है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि यह परियोजना उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर लागू की जाएगी। इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न प्रमुख जनपदों में स्थित बस स्टेशनों को आधुनिक, विश्वस्तरीय और बहुउद्देश्ईय बस टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी और पारदर्शी तरीके से डेवलपर्स का चयन किया जाएगा। परियोजना के तहत बनने वाले बस टर्मिनलों में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें स्वच्छता, सुरक्षा, डिजिटल सूचना प्रणाली, सुव्यवस्थित पार्किंग, वाणिज्यिक परिसर और अन्य सहायक सेवाएं शामिल होंगी। साथ ही स्मार्ट और टिकाऊ द्धसस्टेनेबलत्रऋ अवसंरचना विकसित की जाएगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और बेहतर परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराएगी, बल्कि रोजगार सृजन, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और शहरी विकास को भी गति देगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 77550.25
निफ्टी 24050.60



सोना 151700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239685
प्रति किलो



# आंकड़ों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्ध विराम पर सहमति से घरेलू शेयर बाजारों बीते सप्ताह रही जबरदस्त तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों को नजर वृहत आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

आने वाले सप्ताह में अमेरिका और ईरान के बीच स्थाई शांति वार्ता की प्रगति बाजार को सबसे अधिक प्रभावित करेगी। साथ ही घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई, थोक महंगाई और आयात-निर्यात के आंकड़े भी जारी होने हैं जिनका बाजार पर बड़ा प्रभाव देखा जाएगा। निवेशकों की नजर कंपनियों के तिमाही परिणामों पर भी रहेगी। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 4.230.70 अंक (5.77 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में एक महीने के उच्चतम स्तर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। बाजार में गुरुवार को छोड़कर सभी चार दिन लिवाली का जोर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान 1,337.50 अंक यानी 5.89 फीसदी चढ़कर 24,050.60 अंक पर बंद हुआ। यह इसका भी एक महीने का उच्चतम स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 7.74 प्रतिशत और



स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 7.60 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस का शेयर 11.86 फीसदी, ट्रेंट का 10.28, बजाज फिनसर्व का 10.24, टाइटन का 9.87, एलएंडटी का 9.58 और अल्ट्राटेक सीमेंट का 9.06 प्रतिशत चढ़ गया। एशियन पेंट्स में 8.76 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 8.71, इंडिगो में 8.62, मारुति सुजुकी में 8.54, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 8.31, एचडीएफसी बैंक में 7.90, अडानी पोर्ट्स में 7.10 और टाटा स्टील में 6.47 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई। एनटीपीसी का शेयर 5.64, बीईएल का 4.93, भारतीय स्टेट बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक दोनों का 4.63, भारती एयरटेल का 4.50, पावरग्रिड का 4.40 औघ हिंदुस्तान यूनीलिवर का 4.39 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटीसी का शेयर 3.88 प्रतिशत, इटरनल का 3.71 प्रतिशत चढ़ा।

### आईजीआरएस की मार्च माह रिपोर्ट में रामपुर अव्वल

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) की मार्च माह की रिपोर्ट में रामपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। रामपुर को 140 में से 139 अंक मिले हैं, जो 99.29 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार हाथरस और बाराबंकी ने 137-137 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जबकि शाहजहांपुर और पीलीभीत 136-136 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। बरेली, आजमगढ़ और लखीमपुर खीरी 134 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इसके अलावा हमीरपुर, सहारनपुर, बलिया, प्रयागराज और मथुरा ने टॉप-10 में जगह बनाई है।

# चावल, गेहूं में साप्ताहिक गिरावट चीनी मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी में मजबूती देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 67 रुपये टूटकर सप्ताहांत पर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 14 रुपये गिरकर 2,770 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 15 रुपये महंगा हुआ और 3,278 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान उड़द दाल की औसत कीमत 28 रुपये और मूंग दाल की सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 43 रुपये सस्ती हुई। तुअर दाल और चना दाल की

■ गुड़ का औसत भाव सात रुपये टूट गया

कीमत 13.13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। बीते सप्ताह मूंगफली तेल औसतन 207 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की कीमत 125 रुपये और पाम ऑयल की 112 रुपये बढ़ गई।

सूरजमुखी तेल में 94 रुपये और सरसों तेल में 31 रुपये की मजबूती देखी गई। वनस्पति पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। वहीं, चीनी भी 23 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल.दलहन: दाल चना 7666.84 रुपये, मसूर काली 8055.01 रुपये, मूंग दाल 10183.61 रुपये, उड़द दाल 10801.14 रुपये, तुअर दाल 11227.68 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.81 रुपये और चावल 3759.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3277.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4328.72 रुपये और गुड़ 4998.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल : सरसों तेल 17881.67 रुपये, मूंगफली तेल 19000.95 रुपये, सूरजमुखी तेल 17507.82 रुपये, सोया तेल 14838.54 रुपये, पाम ऑयल 13531.46 रुपये और वनस्पति 14798.33 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अयोध्या में कारसेवकों पर गोली किसने चलवाई थी

## अखिलेश के आरोपों पर नृपेंद्र मिश्रा का आरोप

**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष व श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य नृपेंद्र मिश्रा ने अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलाने वाले आरोपों पर जवाब दे दिया है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखलिश यादव इस मामले को लेकर नृपेंद्र मिश्रा पर आरोप लगाते हैं। अब हाल ही में फिर इस मामले पर विवाद छिड़ गया है, जिससे सूबे की सियासत गरमा गई है।

अखिलेश यादव लगातार नृपेंद्र मिश्रा पर गोली चलवाने के आरोप लगाते रहे हैं। एक प्रेस वार्ता में नृपेंद्र मिश्रा से सवाल किया गया कि अखिलेश यादव ने 1990 में अयोध्या में कारसेवकों पर गोलीबारी पर आप पर सवाल उठाया है। उस समय आप प्रमुख सचिव थे। अखिलेश यादव द्वारा लगाए गए आरोपों पर उन्होंने कहा कि हां मैं सचिव था। अखिलेश यादव द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर स्पष्ट करते हुए नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इस तरह के निर्णय प्रमुख सचिव स्तर पर नहीं किए जाते हैं। ऐसे निर्णय 90 प्रतिशत राजनीतिक होते हैं, जिसमें 10 प्रतिशत राय गृह सचिव/सचिवों और डीजीपी की होती है। वह देश के नेता जी के बेटे हैं, इसलिए उनको तो सभी जानकारी होगी। मैं मुलायम सिंह यादव की सरकार के समय में सचिव भी था। पत्रकार वार्ता के दौरान एक अहम सवाल पर नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि बड़े फैसलों में जहां 10 प्रतिशत निर्णय प्रशास.निक होते हैं, वहीं 90 प्रतिशत फैसले राजनीतिक होते हैं।

# आशा भोंसले ने संगीत के एक युग को परिभाषित किया : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने निधन पर जताया शोक, दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वर कोकिला आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्होंने देश में संगीत के एक युग को परिभाषित किया है और उनका गायन अमर रहेगा।

श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आशा भोसले के निधन ने संगीत की दुनिया में एक खालीपन छोड़ दिया है। एक महान गायिका के तौर पर उन्होंने भारत में संगीत के एक पूरे दौर को परिभाषित किया है। उनके साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने की मेरी बहुत प्यारी यादें हैं। उन्होंने कहा, एक कलाकार और एक इंसान के तौर पर उन्होंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जी। उन्होंने अपनी सुरीली और सदाबहार आवाज से दशकों तक भारतीय संगीत को



समृद्ध किया। उनका गायन हमेशा अमर रहेगा। उनका जाना संगीत प्रेमियों के लिए एक ऐसी क्षति है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। मैं उनके परिवार और उनके अनगिनत चाहने वालों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि पद्मश्री और दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती भोसले का 92 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। उन्हें सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### कोडीन कफ सिरप तस्करी मामले में दो गिरफ्तार

**सोनभद्र।** कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप की अंतरराज्ईय और अंतर्राष्ट्रीय तस्करी के मामले में सोनभद्र पुलिस की एसआईटी टीम ने प्रयागराज से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एडिशनल एसपी अनिल कुमार ने रविवार को बताया कि थाना रॉबर्ट्सगंज में दर्ज मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य ड्रग माफिया शुभम जायसवाल और भोला प्रसाद जायसवाल के करीबी संस्कार वर्मा तथा उसके पिता विनोद कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों प्रयागराज के अतरसुइया थाना क्षेत्र के निवासी हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी संगठित तरीके से दिल्ली स्थित वान्या इंटरप्राइजेज के माध्यम से कोडीन युक्त एस्कफ कफ सिरप की बड़ी खेप मंगाते थे और उसे अवैध रूप से अन्य राज्यों में डायवर्ट करते थे।

# बदलाव को विज्ञान-तकनीक जरूरी

## जनजातीय जीवन सम्मेलन में बोल उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने जनतजातीय जीवन में बदलाव के लिए विज्ञान और तकनीक को जरूरी बताया है। श्री राधाकृष्णन ने रविवार को यहां भारत मंडपम में आयोजित विज्ञान और प्रौद्योगिकी उपायों के माध्यम से जनजातीय जीवन में परिवर्तन विषयक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि आधुनिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं।

सम्मेलन का आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने नेक्टर और आईटीआईटीआई दून संस्कृति स्कूल के सहयोग से किया गया। श्री राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समुदाय भारत की संस्कृति, परंपरा और जैव



विविधता के सच्चे संरक्षक हैं। देश में लगभग 1.4 लाख जनजातीय गांव हैं, जहां करीब नौ प्रतिशत आबादी निवास करती है। इन समुदायों के पास पारंपरिक ज्ञान का समृद्ध भंडार है, जो प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग में सहायक है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि जब आधुनिक विज्ञान और तकनीक, भाषा, आस्था और संस्कृति के साथ समन्वय में काम करते हैं, तो यह सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनता है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में हरित आर्थिक विकास की अपार संभावनाओं पर भी जोर दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विज्ञान और तकनीक के माध्यम से जनजातीय जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाते हुए उनकी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण भी संभव है। श्री राधाकृष्णन ने 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना का जिक्र करते हुए कहा कि इसका मूल मंत्र 'विकास भी, विरासत भी' है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित रखते हुए आधुनिक विकास को आगे बढ़ाना ही देश की प्राथमिकता है। उन्होंने जनजातीय उत्थान के लिए सरकार की विभिन्न पहलों का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नयन कार्यक्रम के तहत हजारों किलोमीटर सड़क और सैकड़ों पुलों को मंजूरी दी गई है।

# दिनदहाड़े दो मासूम बहनों के अपहरण का प्रयास, भीड़ ने आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना के मोहल्ला कमरा नवाबान में रविवार सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया, जहां एक युवक ने दो सगी नाबालिग बहनों के अपहरण का प्रयास किया। समय रहते लोगों की सतर्कता से घटना टल गई और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। नगर के मोहल्ला कमरा नवाबान निवासी सलीम पुत्र शमशेर की कालंद चुंगी पर फूलों की दुकान है। रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे उनकी दोनों बेटियां सुहाना और जोया घर से दुकान की ओर जा रही थीं। आरोप है कि रास्ते में इस्तियाक की फैक्ट्री के पास एक युवक ने दोनों को रोक लिया और उन्हें 20-20 रुपये का लालच देकर अपने साथ चलने के लिए कहने लगा, जिसे परिजनों ने अपहरण का प्रयास बताया है। इस दौरान बड़ी बेटी सुहाना किसी तरह मौके से भागकर अपने पिता के पास पहुंच गई और पूरी घटना की जानकारी दी। वहीं दूसरी बेटी जोया ने मौके पर ही शोर मचा दिया, जिससे आसपास के लोग सतर्क हो गए और तुरंत मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने आरोपी की पिटाई कर दी और बाद में उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया।



पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम अंकुश सैनी पुत्र सूरज सैनी निवासी मोहल्ला गांधी नगर, सरधना बताया है। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है और उसके इरादों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के संबंध में पीड़ित पिता सलीम ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और अभिभावकों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इलाके में गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## परिवर्तन संस्था ने फुले अम्बेडकर रेव्यूलेशन सेमिनार का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** परिवर्तन संस्था ने रविवार को दिल्ली रोड स्थित रॉयल पैलेस में एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार की थीम थी फुले अम्बेडकर रेव्यूलेशन। इस अवसर पर वक्ताओं ने बोलते हुए कहा कि कई सौ वर्ष फुले को हो गए और अम्बेडकर को भी 100 वर्ष से ज्यादा हो गए लेकिन सामाजिक समरसता आज भी परिहास का विषय है, केवल वोट बैंक के लिए ही दलित समुदाय को याद किया जाता है अन्यथा दलित समाज पर अत्याचारों की कहीं कोई कमी नहीं है। सलावा प्रकरण हो या फिर बाबा साहेब की मूर्तियों का बार-बार खण्डित होना हो हर बार दलित समाज को नीचा दिखाया जाता है, जबकि देश में विभिन्न रूपों में सबसे ज्यादा दलित समाज ही है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विनोद अम्बेडकर ने कहा कि अब वह समय आ गया है जब समाज को अपनी असली ताकत का अहसास कराना है।

## पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व स्वामी कर्मवीर महाराज ने हस्तिनापुर साहित्य उत्सव का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बिहार व केरल के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा इज्जत उसकी होती है जो दूसरों को इज्जत देता है। उन्होंने कहा हम श्रेष्ठ हैं तो दूसरे देशों पर हमला कर कब्जा करेंगे। हम सात समुंदर पार से आएंगे हम कहेंगे कि हम उसे देश की सभ्यता सीखने आए हैं। जिसका सभ्यता का इतिहास आपसे कई हजार साल पुराना है। तुलनात्मक अध्ययन के तौर पर कह रहा हूं भारतीय सभ्यता, मेरी सभ्यता भारतीय संस्कृति मेरी विरासत है। वे शनिवार शाम को क्षेत्र के गांव हंसापुर में स्वर्गीय जयकरण सिंह व राजमाता अत्री देवी की स्मृति में आयोजित हस्तिनापुर साहित्य सम्मेलन्त में बोल रहे थे।







हस्तिनापुर साहित्य सम्मेलन का शुभारंभ पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व स्वामी कर्मवीर महाराज एवं पूर्व मंत्री एवं एमएलसी वीरेंद्र सिंह नागर ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, साहित्य सम्मान व पुस्तक विमोचन तथा व्याख्यान किया गया। पूर्व राज्यपाल ने कहा साहित्य क्या है केवल शब्दों का श्रृंगार नहीं यह तो आत्मा की भूख है और उपनिषद वे साहित्य के शिकार है जहां प्रश्न पूछने का साहस हो उत्तर खोजने का धैर्य एक साथ जन्म लेते हैं। साहित्य का काम दीवारों को उठाना नहीं पुल बनाना है इसलिए मैं आज की पीढ़ी से कहता हूं उपनिषद खोलो। क्योंकि जहां उपनिषद समाप्त होते हैं वहां चिंतन शुरू होता है और जहां चिंतन है वहीं भारत जिंदा है। स्वामी कर्मवीर महाराज ने कहा कि शाहिद भाई गंगा है जो हिमालय के मोहन से निकलती है और जन-जन के आंगन को पवित्र करती है। उनके विचार में कविता केवल तुकबंदी नहीं वह तो ऋषियों की वह वाणी का आधुनिक रूप है। उन्होंने कहा अपने बच्चों को गुरुकुल में जरूर पढ़ाया गुरुकुल में पढ़ने वाला बच्चा कभी परेशान नहीं रहता। भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि इसके बाद कई पुस्तकों को विमोचन किया गया।

प्राचीन इतिहास हो या मध्यकाल या वर्तमान हो उनकी चर्चा इतिहास में नहीं आई है। एक बहुत बड़ा इतिहास सामने आया है कि रामप्यारी गुर्जर का नाम अब से पहले आप लोग नहीं जानते थे। साहित्य सम्मेलन में मुरादाबाद की संसद रुचि वीरा, विधान परिषद सदस्य पूर्व मंत्री वीरेंद्र सिंह नागर, पूर्व डीएम पवन कुमार, कार्यक्रम का संचालन यतींद्र कटारिया व अध्यक्षता स्वामी कर्मवीर ने की। इस मौके पर साहित्यकार योगेश मोहन गुप्ता, राजीव त्यागी, पुष्कर शर्मा, हस्तिनापुर ब्लॉक प्रमुख नितिन पोसवाल, राजीव त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, नेपाल सिंह कसाना, संदीप सरासर, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी, प्रशांत चौधरी पूर्व विधायक,यशवीर सिंह, निर्देशक पुष्कर शर्मा, देही देवी, अशोक कुमार, सतीश जेनर रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक कुंवर देवेंद्र सिंह, पूर्व आईआरएस आदर्श कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार, सतीश वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सुभारती विश्वविद्यालय के गौरव में जुड़ा एक और स्वर्णिम अध्याय स्वामी विवेकानंद सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 से नवाजा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद शोध पीठ एवं स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ को उनके उत्कृष्ट, समर्पित एवं समाजोन्मुखी कार्यों के लिए वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित 'स्वामी विवेकानंद सेवा उत्कृष्टता पुरस्कार' प्रदान किया गया। यह सम्मान डाकिन कालिकाता क्रीरा ओ संस्कृति परिषद (सेवा प्रतिष्ठान) द्वारा अजय कुमार दास सेवा फाउंडेशन के सहयोग से प्रदान किया गया। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरव और प्रेरणा का विषय है, जो शिक्षा, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यह पुरस्कार स्वामी विवेकानंद शोध पीठ द्वारा किए जा रहे उन बहुआयामी प्रयासों का परिणाम है, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वामी जी के विचारों को पहुंचाने के लिए समर्पित हैं। शोध पीठ केवल एक शैक्षणिक इकाई नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन बन चुकी है। यहाँ नियमित रूप से आयोजित होने वाले सेमिनार, कार्यशालाएं, पुस्तक प्रदर्शनियां और पैनल चर्चाएं विद्यार्थियों के भीतर केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण कर रही हैं। इस गरिमामयी अवसर पर शोध पीठ की संयोजिका प्रो. (डॉ.) मोनिका मेहरोत्रा को उनके अथक परिश्रम और विजनरी नेतृत्व के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके कार्यकाल में शोध पीठ ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत प्रो. मेहरोत्रा ने एक ओजस्वी संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने स्वामी जी के जीवन दर्शन की आधुनिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में प्रो. मेहरोत्रा ने 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन का स्मरण कराते हुए कहा कि स्वामी जी ने भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता से पूरे विश्व को चकित कर दिया था। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के लिए शिक्षा का अर्थ सूचनाओं का ढेर नहीं, बल्कि मनुष्य निर्माण था। सुभारती विवि इसी 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के सिद्धांत को अपना आधार मानता है। उन्होंने स्वामी जी के चार योगोंकृकर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्तियोग और राजयोगकृकी व्याख्या करते हुए बताया कि कैसे ये सिद्धांत आज के तनावपूर्ण दौर में युवाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं। प्रो. मेहरोत्रा ने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना में स्वामी जी के योगदान को रेखांकित किया।




विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा और मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने इस बड़ी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय के प्रत्येक सदस्य की निष्ठा का फल है। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए के उद्घोष के साथ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय अब और अधिक ऊर्जा के साथ अपने मिशन में जुट गया है। यह पुरस्कार केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी हैकृआने वाली पीढ़ी को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने की और भारत को पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन करने की।

**प्रतिभा जब हस्ताक्षर बन जाती है...**

## न्यायाधीश पवन शुक्ला और नदीम अनवर ने दिए हैं कई महत्वपूर्ण निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अप्रैल माह न्यायाधीशों के लिए तबादलों का माह होता है। कार्यकाल पूर्ण कर चुके 20 से 25 न्यायाधीशों का तबादला होता है और लगभग इतने ही न्यायाधीशों का आगमन भी होता है। मेरठ में लगभग 100 न्यायाधीश की व्यवस्था है और इनमे एक-तिहाई हर साल परिवर्तित होते हैं। इस वर्ष भी चर्चा है कि वरिष्ठ न्यायाधीश पवन शुक्ला और एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश नदीम अनवर को बाहर भेजा जा रहा है। इन दोनों ही न्यायाधीशों का अपना-अपना योगदान न्याय की गति को आगे बढ़ाने में रहा है। सबसे पहले बात करें वरिष्ठ न्यायाधीश पवन शुक्ला की तो लोग गुदड़ी बाजार का तिहरा हत्याकांड भूले नहीं होंगे जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। आरोपी परिवार इतना रसूकदार था कि परिवार से एमपी, एमएलए व मेयर रहे हैं और पैसे की तो कोई कमी ही नहीं है। माना जाता था कि इस केस में कभी इंसाफ नहीं होगा। लगती थी सिर्फ तारीख पर तारीख, लेकिन जब पवन शुक्ला के पास केस गया तो केस का निर्णय हुआ और आरोपियों को सजा भी मिली। एंटी करप्शन द्वितीय के न्यायाधीश के रूप में पवन शुक्ला ने एक मामले में गवाहों के पक्षद्रोही हो जाने पर भी मामले में सजा सुनाई थी। बात करें एसीजेएम रैंक के न्यायाधीश नदीम अनवर की तो उन्हें हाईकोर्ट ने एमपी एमएलए कोर्ट का विशेष न्यायाधीश बनाया हुआ था। आमतौर पर माननीय माननीय ही होते हैं और सजा के प्रभाव से बच जाते हैं लेकिन कुछ न्यायाधीश ऐसे भी होते हैं जो अपनी साख को बचाकर ले जाते हैं। नदीम अनवर भी ऐसे ही न्यायाधीश हैं जिन्होंने दो बार के सपा विधायक रफीक अंसारी को सीखचो के पीछे जाने के लिए मजबूर किया तो वहीं तीन बार के भाजपा सांसद राजेन्द्र अग्रवाल को अदम्य साहस का परिचय देते हुए सांकेतिक ही सही सुबह से शाम तक कोर्ट में खड़ा रहने की सजा सुनाई। हालांकि बड़ी कोर्ट में अपील के बाद राजेन्द्र अग्रवाल बरी हो गए थे लेकिन नदीम अनवर अपने निर्णय के लिए जनप्रिय बन गए थे। शाह टाइम्स परिवार दोनों ही न्यायाधीशों को उज्जवल भविष्य की कामना करता है।




एडीजे पवन शुक्ला एसीजेएम नदीम अनवर

# लावड़ में ज्योतिबा फूले के 199वें जन्मदिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## सैनी समाज किसी एक राजनीतिक दल का बंधुआ मजदूर न बने: पूर्व सांसद राजपाल सैनी

■ कार्यक्रम में समाज के हजारों लोग हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के सामाजिक परिवर्तन के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इनको भारत रत्न दिए जाने की मांग अब पूरे देश की जनता कर रही है हम उनको यह सम्मान दिलाने के लिए हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। यह बात ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के पूर्व राष्ट्रीय अधयक्ष चौधारी इंद्राज सिंह सैनी ने रविवार को लावड़ में सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले के 199 वें जन्मदिवस के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि सरकार को समय रहते जाग जाना चाहिए अब पूरे देश का सैनी समाज ही नहीं बल्कि समस्त जातियां फुले दंपति को भारत रत्न के सम्मान के साथ देखना चाहती है।



सेवानिवृत्ति सीनियर पीसीएस योगराज सिंह सैनी ने कहा महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने विषम परिस्थितियों में देश में जागृति लाने का काम किया। समता मूलक समाज की स्थापना के लिए लड़ाई लड़ी और शिक्षा की ज्योति जलाई, जिसको हमें आगे ले जाना चाहिए। इस दौरान छात्र दिव्यांशी सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में महिलाओं का झंडा बुलंद है इसका श्रेय माता सावित्रीबाई फुले को जाता है। पूर्व सांसद राजपाल सैनी ने कहा कि समाज किसी एक राजनीतिक दल का बंधावा मजदूर न बने जो समाज को सम्मान दे उसी के साथ रहे। पूर्व विधायक हरपाल सैनी ने कहा कि उनकी 40 साल की तपस्या के बाद अब सैनी समाज पूरी तरह जाग गया है। वीर सिंह सैनी ने कहा कि शीघ्र ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंप कर फुले दंपति को भारत रत्न दिए जाने और फुले दंपति के नाम पर विश्वविद्यालय में छात्रावास स्थापित करने की मांग की जाएगी। श्यामलाल उर्फ बच्ची सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में एकता और शिक्षा का संदेश दिया है इसलिए आने वाले चुनाव में समाज इस एकता का परिचय दें। फलावदा चेयरमैन अशोक सैनी ने कहा कि समाज का भविष्य उज्जवल है अब समाज का बच्चा-बच्चा अपने अधिकारों के लिए जाग गया है। लावड़ के पूर्व चेयरमैन महकार सैनी ने कहा कि छोटे से बुलावे पर सैनी समाज के हजारों लोगों की भीड़ कार्यक्रम में पहुंची, जिससे साबित हो चुका है कि अब समाज जाग गया है। डॉ. तेजपाल सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले महापुरुष ही नहीं बल्कि एक विचार हैं, जिसको जन-जन तक पहुंचना चाहिए। चौधारी ब्रजवीर सिंह सैनी ने कहा कि समाज के लोग अब अपने आप को छोटा न समझे। इस देश के किसी भी प्रदेश में आपके बगैर कोई सरकार बनने वाली नहीं है। इस अवसर पर अदिति सैनी की टीम ने महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए एक नाटक की प्रस्तुति दी। इस दौरान सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय शिक्षा मिशन की ओर से सैनी समाज के प्रतिष्ठित लोगों को सैनी गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र सिंह सैनी एडवोकेट ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक कमलेश सैनी, डॉ. मूलचंद सैनी, डॉ. पवन सैनी, डॉ. केपी सैनी, किरण पाल, इंद्रपाल, हेमेंद्र सिंह, पवन, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# निगम की बोर्ड बैठक में मेयर व नगर आयुक्त का घेराव करेगी महानगर कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस कार्यालय पर रविवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला और पूर्व शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। कांग्रेस नेताओं ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि 13 अप्रैल को प्रस्तावित नगर निगम बोर्ड की बैठक में जनहित के प्रस्ताव पास नहीं किए गए, तो कांग्रेस कार्यकर्ता मेयर और नगर आयुक्त का घेराव करेंगे। कांग्रेस नेताओं ने पत्रकार वार्ता के दौरान शासन और प्रशासन से कुछ मांगे रखी। जिसमे सेंट्रल मार्केट विस्थापितों को दुकान, सेंट्रल मार्केट में हुए ध्वस्तीकरण के बाद मेयर, सांसद और भाजपा नेताओं ने नगर निगम के नए कार्यालय में दुकान देने का जो वादा किया था,




उसका प्रस्ताव कल की बोर्ड बैठक में अनिवार्य रूप से पास किया जाए।

**हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत की कटौती:** शासन के निर्देशों के अनुसार, गाजियाबाद की तर्ज पर मेरठ नगर निगम भी हाउस टैक्स में 10 प्रतिशत रिवाइज (कटौती) का प्रस्ताव पास करे।

**सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति:** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुधारने के लिए 400 नए सफाई कर्मचारियों की भर्ती की जाए और उनके मानदेय में वृद्धि की जाए।

**सीलिंग से राहत और व्यापारियों का हित:** कांग्रेस नेताओं ने याद दिलाया कि डॉ. मनमोहन सिंह और शीला दीक्षित की सरकार के समय सीलिंग के विरुद्ध बिल लाकर व्यापारियों को राहत दी गई थी। भाजपा सरकार पिछले 11 वर्षों (केंद्र) और 9 वर्षों (राज्य) से केवल खोखले आश्वासन दे रही है।

**कानूनी सहायता का भरोसा:** कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि व्यापारियों को न्याय दिलाने के लिए पार्टी सुप्रीम कोर्ट तक वकील खड़ा करने और हर संभव कानूनी मदद देने को तैयार है।

**नामांतरण शासनादेश:** 9 मई 2025 के नामांतरण (Mutation) से संबंधित शासनादेश को बोर्ड बैठक में तत्काल प्रभावी किया जाए।

**सांसद के 'भीख' वाले बयान पर तीखा प्रहार:** कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के राज्यसभा सांसद द्वारा व्यापारियों के हित में 'भीख मांगने' वाले बयान की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार में रहते हुए भीख मांगना केवल एक ढोंग है। जनता ने आपको अधिकार देने और काम करने के लिए चुना है, न कि तमाशा करने के लिए।

### घेराव की चेतावनी

महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि यदि कल बोर्ड बैठक में जनहित के इन प्रस्तावों पर मुहर नहीं लगी, तो मेयर और नगर आयुक्त का तब तक घेराव किया जाएगा जब तक वे जनता के पक्ष में निर्णय नहीं लेते।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश मिश्रा, सलीमुद्दीन शाह, सचिन शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, कमल जायसवाल, मगन शर्मा, आशुतोष अग्रवाल, फिरोज रिजवी आदि कांग्रेसी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना निशान वाली स्तन गांठ सर्जरी पर लाइव वर्कशॉप का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्तन रोगों के आधुनिक उपचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए न्यूटीमा हॉस्पिटल में Scarless Breast Lump Excision विषय पर लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से 100 से अधिक चिकित्सकों ने ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य सर्जन डॉ. सुधि ए. कम्बोज ने जटिल मामलों का लाइव प्रदर्शन करते हुए बताया कि फाइब्रोएडेनोमा जैसी गांठें सामान्यतः सौम्य होती हैं, लेकिन मरीज इन्हें हटवाना चाहते हैं। नई तकनीक में अल्ट्रासाउंड गाइडेंस और विशेष उपकरणों की मदद से छोटे छिद्र के जरिए गांठ को बिना बड़े चीरे के निकाला जाता है, जिससे निशान लगभग नहीं रहता। यह अत्याधुनिक सुविधा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में न्यूटीमा हॉस्पिटल को एक अग्रणी केंद्र बनाती है। कार्यक्रम में देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

# अवैध हथियारों संग युवकों की रील वायरल, मुंडाली पुलिस पर उठे बड़े सवाल

## अजराड़ा के युवकों का तमंचों के साथ प्रदर्शन, अपराध पर पुलिस की चुप्पी बनी चर्चा का विषय


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद के मुंडाली थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही दो युवकों की फोटो और वीडियो ने सनसनी फैला दी है। वायरल तस्वीरों में युवक खुलेआम अवैध हथियारों के साथ पोज देते और रील बनाते नजर आ रहे हैं, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया है। बताया जा रहा है कि ये युवक गांव अजराड़ा निवासी मोहम्मद उमर पुत्र हसमत और कादिर पुत्र फुरकान हैं।

वायरल वीडियो में दोनों युवक तमंचे और पिस्टल जैसे हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन करते दिखाई दे रहे हैं, जो कानून व्यवस्था पर सीधा सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि युवकों के पास मौजूद हथियार पूरी तरह अवैध हैं और इसके बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में मुंडाली थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठना लाजिमी है। मामला इसलिए और भी गंभीर हो जाता है क्योंकि एक युवक के पिता हसमत पर हत्या, लूट और अवैध हथियारों की सप्लाई जैसे तीन दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, वह जिला बदर भी रह चुका है। इसके बावजूद उसके बेटे द्वारा खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन करना पुलिस की सतर्कता पर सवाल खड़े करता है। सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी स्थानीय पुलिस को होने की भी संभावना जताई जा रही है, लेकिन कार्रवाई न होना कई आशंकाओं को जन्म दे रहा है। क्या पुलिस किसी बड़ी वारदात का इंतजार कर रही है? या फिर मामला किसी दबाव में दबाया जा रहा है ये सवाल अब आम चर्चा का विषय बन चुके हैं। इस घटना ने न केवल क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, बल्कि प्रशासन को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। इस संबंध में एसओ मुंडाली देवेन्द्र कुमार मिश्र का कहना है कि मामला संज्ञान में आ गया है। वीडियो में नजर आ रहे युवकों के नाम भी प्रकाश में आ चुके हैं और उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी तत्परता दिखाती है और आरोपियों के खिलाफ क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं या फिर यह मामला भी जांच की फाइलों में ही सिमट कर रह जाएगा।








# रालोद की मासिक बैठक का आयोजन, संगठन को सशक्त बनाने पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोक दल कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को सशक्त बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में आगामी 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी की उपस्थिति में मुजफ्फरनगर के नुमाइश मैदान में प्रस्तावित विशाल जनसभा एवं वृहद रोजगार मेले को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को अधिकतम रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे तथा जनसभा के जरिए सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, जनसम्पर्क अभियान, प्रचार-प्रसार एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के आयोजन को लेकर भी राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के निर्देशानुसार कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित की गई, जिसमें विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठी, पुष्पांजलि एवं सामाजिक समरसता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर विधायक गुलाम मोहम्मद, जिला अध्यक्ष अनिकेत भारद्वाज, सुनील रोहटा, चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर , गौरव जटौली, रणवीर दहिया, नईम सागर, ऋचा सिंह, डॉ. सुशील, वीरेंद्र तोमर, बाबूराम प्रजापति, संगीता दोहराय सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# समावेशी स्वास्थ्य की ओर सुभारती का कदम, योग सत्र ने दिया संतुलित जीवन का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सुभारती विकलांगता सलाहकार सेवा केंद्र एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष योग सत्र का सफल एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। "Inclusive Wellness, Strength & Calm" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी वर्गों के लिए शारीरिक, मान. सिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना रहा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. निशांत कुमार के कुशल निर्देशन में आयोजित यह सत्र योग हॉल, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मिस दीपिका चौधरी के स्वागत भाषण से हुआ, जिसके उपरांत डॉ. मंजू अधिकारी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत करते हुए योग के माध्यम से समावेशी स्वास्थ्य की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों के सम्मान में डॉ. मंजू अधिकारी एवं मिस दीपांशु चौधरी द्वारा पौधा (पाटका) भेंट किया गया, जो विकास, हरित सोच एवं सकारात्मकता का प्रतीक रहा। योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इन अभ्यासों से प्रतिभागियों में शारीरिक सुदृढ़ता, लचीलापन और मानसिक शांति का संचार हुआ। विशेष बात यह रही कि यह सत्र सभी वर्गों के लिए अनुकूल एवं समावेशी रूप में तैयार किया गया था, जिससे हर व्यक्ति सहजता से इसमें सहभागिता कर सका। इस अवसर पर डॉ. अंकित सिंह जादौन, डॉ. दीपक राघव, डॉ. पिंटू मिश्रा डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. निशांत कुमार, मिस दीपांशु चौधरी, संजीत तिलक, शरद पंवार तथा शोधार्थी मोहम्मद सरताज सहित अन्य शिक्षक गण की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह योग सत्र न केवल सफल रहा, बल्कि प्रतिभागियों को एक स्वस्थ, संतुलित और समावेशी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर गया।




# हस्तिनापुर भारत के प्राचीन विरासत तथा आत्मबोध से विश्वबोध का संवाहकः आरिफ खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हस्तिनापुर की पावन ऐतिहासिक धरा पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हस्तिनापुर साहित्य महोत्सव-2026 अत्यंत गरिमामय एवं भव्य रूप में प्रारंभ हुआ। महाभारतकालीन इस प्राचीन नगरी मे सजे इस साहित्यिक महाकुंभ ने ज्ञान, संस्कृति और विचारो का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। बहसूमा रियासत हस्तिनापुर द्वारा आयोजित हस्तिनापुर साहित्य उत्सव अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वाधान में धूमधाम से मनाया गया तथा इस अवसर पर उद्घाटन सत्र के अवसर पर आत्मबोध से 'विश्वबोध' विषय पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रहे, जिनकी गरिमामीय उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को चार चाँद लगा दिए। आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि हस्तिनापुर भारत के प्राचीन विरासत तथा आत्मबोध से विश्वबोध का संवाहक है। उन्होंने कहा कि भारत के प्राचीन नगरी हस्तिनापुर में प्रथम बार आयोजित हस्तिनापुर साहित्य उत्सव साहित्य कला और संस्कृति का आधार बनेगा उन्होने हस्तिनापुर के प्राचीन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए हस्तिनापुर की बहसूमा रियासत के वैभवशाली इतिहास को आधुनिक इतिहास का गौरव कहा तथा महाराजा जैता सिंह नागर से लेकर राजा नैन सिंह गुर्जर तक के समय को याद करते हुए मुगल काल के संघर्ष व 1857 की क्रांति में उनके योगदान का स्मरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य स्वामी कर्मवीर जी महाराज ने की, जिनके आध्यात्मिक सान्निध्य ने पूरे आयोजन को दिव्यता से भर दिया। कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि/वक्ता के रूप में श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने हस्तिनापुर को भारतीय सभ्यता एवं धर्म संस्कृति का स्तम्भ बताते हुए हस्तिनापुर के संदर्भ में सनातन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए हस्तिनापुर साहित्य महोत्सव-2026 की सराहना की। मुम्बई से आई विख्यात लेखिका डॉ. वैदेही तामण ने उत्सव का बीज वक्तव्य प्रस्तुत किया।

■ **हस्तिनापुर 'कल आज और कल' सहित कई पुस्तकों का विमोचन**

हस्तिनापुर साहित्य महोत्सव 2026 का मुख्य आकर्षण 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर आयोजित व्याख्यान रहा, जिसमें वक्ताओं ने आत्मचिंतन, आध्यात्मिक जागृति और वैश्विक चेतना के गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। विचारो की इस गहन धारा से उपस्थित जनसमूह को आत्मंथन और सकारात्मक जीवन दृष्टि के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का भव्य विमोचन भी किया गया, जिनमें डॉ. यतीन्द्र कटारिया विद्यालंकार द्वारा लिखित 'हस्तिनापुर, कल, आज और कल' तथा आदर्श कुमार जैनर द्वारा लिखित अनुभूति, डॉ. वैदेही तामण द्वारा लिखित वीर सावरकर व सुरेन्द्र सिंह द्वारा लिखित उजाले की ओर प्रमुख रहीं। इस कृतियों के माध्यम से हस्तिनापुर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और समकालीन स्वरूप को उजागर किया गया, साथ ही साहित्यिक चेतना को नई दिशा प्रदान की गई। अखिल भारतीय कवि सम्मलेन इस उत्सव का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें देश से आए ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपनी ओजपूर्ण, भावपूर्ण और प्रेरणादायक रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हास्य, वीर रस, श्रृंगार और करूण रस की विविध प्रस्तुतियों ने वातावरण को सरस और जीवंत बना दिया। कार्यक्र में अखिल भातीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील त्रिवेदी राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. पवनपत्र बादल सहित देशभर से अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रतिनिधि मौजूद रहे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह ने साहित्य साधकों के प्रति समाज के सम्मान और कृतज्ञता को अभिव्यक्ति किया। हस्तिनापुर साहित्य महोत्सव-2026 में श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रहित में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के विभिन्न कार्यक्रमों में योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।




# पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का आयोजन, भाजपा कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण सत्रों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें मुख्य अतिथियों और वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यशैली और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, कार्यकर्ताओं को यह भी प्रशिक्षित किया गया कि चुनाव के दौरान जनता के बीच प्रभावी संवाद कैसे स्थापित किया जाए और पार्टी की नीतियों को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से कैसे प्रस्तुत किया जाए। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया और कार्यकर्ताओं से निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संगीत सोम, महिला आयोग की सदस्या मीनाक्षी भराला और जिला अध्यक्ष हरबीर पाल ने अलग-अलग सत्रों में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज जैन, कल्लू आमीन, कैप्टन मानिक जैन, डॉ. ओमकार पुंडीर और रामभूल जैन ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष ललित गुप्ता, मंडल महामंत्री रक्षित गर्ग, संजीव शर्मा, शालिनी सैनी, नवीन त्यागी, अरुण सिंह, दीपक विश्वकर्मा, मुदित माहेश्वरी, आलोक जैन, मंगू प्रधान, नीरज जैन, सचिन चौधरी, कमल चौहान, सुदेश मास्टर, योगेश सैनी, हिमांशु कर्णवाल, सुनील कुमार, विनोद कश्यप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष विनोद जैन ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाते हैं।




# विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदेशव्यापी 'जन-जागरण अभियान' का ऐलान

## 15 अप्रैल से 21 मई तक सभी डिस्कॉम मुख्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लखनऊ में रविवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के प्रांतीय पदा. धिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश भर से लगभग 1000 से अधिक बिजली कर्मचारी एवं अभियंता पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि आंदोलन के फलस्वरूप बिजली कर्मियों पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां तत्काल वापस नहीं ली गईं, तो आने वाली भीषण गर्मियों में बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की पूरी जिम्मेदारी पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष प्रबंधन की होगी।

बैठक में यह भी स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि प्रबंधन अपनी किलताओं को छिपाने के लिए किसी भी कर्मचारी या अभियंता पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई करता है, तो बिजली कर्मी कार्यस्थल पर काम छोड़कर बाहर आने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। संघर्ष समिति ने 15 अप्रैल से 21 मई तक प्रदेशव्यापी 'जन-जागरण अभियान' चलाने की घोषणा की है। इस अभियान के अंतर्गत केंद्रीय पदाधिकारी पूरे प्रदेश का व्यापक दौरा करेंगे और प्रत्येक जनपद में बिजली उपभोक्ताओं एवं किसानों के साथ संयुक्त सभाएं आयोजित की जाएंगी। इन सभाओं के माध्यम से बिजली कर्मियों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न के विरुद्ध जनसमर्थन जुटाया जाएगा तथा आम उपभोक्ताओं को यह अवगत कराया जाएगा कि 501 दिनों से चल रहे आंदोलन के बावजूद बिजली कर्मियों ने उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया।

व्यापक जनजागरण अभियान के तहत 24 अप्रैल को मेरठ डिस्कॉम, 2 मई को केस्को, 6 मई को आगरा, 14 मई को लखनऊ और 21 मई को वाराणसी डिस्कॉम पर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

बैठक में पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन की नीतियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा गया कि एक ओर जहां बिजली कर्मियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग के नाम पर बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों की छंटनी की जा रही है तथा नियमित कर्मचारियों की संख्या लगातार कम की जा रही है, जिससे बिजली व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। संघर्ष समिति ने मांग की कि आंदोलन के दौरान की गई सभी अनुशासनात्मक एवं उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को तत्काल वापस लिया जाए तथा सेवा से हटाए गए अनुभवी संविदा कर्मियों को पुनः कार्य पर रखा जाए, ताकि बढ़ती विद्युत मांग के बीच सुचारु एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

संघर्ष समिति ने यह भी कहा कि बिजली कर्मी उपभोक्ताओं एवं किसानों के प्रति पूर्णतः संवेदनशील हैं और उनके सहयोग से ही आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रबंधन से बार-बार अपील की जा रही है कि उत्पीड़न की नीति को तत्काल समाप्त किया जाए। संघर्ष समिति ने खेद व्यक्त किया कि मार्च 2023 के आंदोलन के बाद 19 मार्च 2023 को माननीय ऊर्जा मंत्री द्वारा सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को वापस लेने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, किन्तु आज तक उन पर अमल नहीं किया गया। इसके विपरीत, नई-नई उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयां लगातार की जा रही हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रबंधन की नीतियां निजीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य कर रही हैं।

संघर्ष समिति ने दोहराया कि यदि समय रहते उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस लेकर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। संघर्ष समिति की रविवार को हुई बैठक में मुख्य रूप से संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे, राहुल बाबू कटियार, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, महेंद्र राय, पी के दीक्षित, सुहेल आबिद, अंकुर पांडेय, चन्द्र भूषण उपाध्याय, मोहम्मद वसीम, बिमल चन्द्र पाण्डेय, मोहम्मद इलियास, प्रेम नाथ राय, श्री चंद, सरजू त्रिवेदी, के एस रावत, सुरेन्द्र सिंह, विशंभर सिंह, सनाउल्लाह, मनोज कुमार, रुीक अहमद, निखिल कुमार, आलोक त्रिपाठी ने मुख्यतया संबोधन किया।



# अंबेडकर जयंती को लेकर परीक्षितगढ़ पुलिस ने क्षेत्र के गांवों में निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर थाना अध्यक्ष ने फोर्स के साथ रविवार को क्षेत्र के अनेक गांवों में फ्लैग मार्च निकालते हुए पुलिस स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम गावड़ा गोविंदपुरी दुर्गेशपुर अगवानपुर आदि गांव में चौकी इंचार्ज रविंद्र त्यागी सब इंस्पेक्टर राजकुमार छविराम आदि पुलिस स्टाफ के साथ फ्लैग मार्च निकालते हुए क्षेत्र में जहां पर अंबेडकर जयंती यात्रा निकाली जाएगी वहां का निरीक्षण किया तथा अंबेडकर जयंती को लेकर पुलिस फोर्स को क्षेत्र में मुस्तैद रहने के आदेश दिए तथा शोभायात्रा के संबंध में जगह-जगह मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## अंतोदय तक विकास कर रही है डबल इंजन सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** उदयगिरि गोस्वामी के तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल नगाड़ों से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने आगामी त्रिस्तरीय एवं विधानसभा चुनावों में जुटने का आह्वान किया।

नगर के लक्ष्मीनगर में भाजपा नेता चौधरी महावीर सिंह के आवास पर हुए कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी का फूल मालाएं पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार 'सबका साथ सबका विकास' की नीति पर देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। आज अंतोदय तक विकास की योजनाओं चलाकर जनमानस को लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व स्तर पर भारत की साख बढ़ी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि त्रिस्तरीय एवं विधानसभा चुनावों में जुट जाएं।

# बैसाखी पर्व पर गुरूद्वारा से निकली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बैसाखी पर्व और खालसा सृजना दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत रविवार से हर्षोल्लास के साथ हो गई। सुबह गुरुद्वारा साहिब से भव्य प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने श्रद्धा के साथ भाग लिया।

प्रभातफेरी गुरुद्वारा परिसर से अरदास के बाद शुरू हुई। संगत 'वाहेगुरु' का सिमरन करते हुए गुरुद्वारा मार्ग से मुख्य बाजार पहुंची, जिससे पूरा कस्बा भक्तिमय माहौल में डूब गया। इसके बाद प्रभातफेरी सब्जी मंडी से होती हुई होली पार्क तक पहुंची। रास्ते में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने फूल बरसाकर और सिर ढककर प्रभातफेरी का स्वागत किया। गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि प्रभातफेरी का आयोजन 12, 13 और 14 अप्रैल तक लगातार किया जाएगा। वहीं 12 अप्रैल से गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ हो चुका है। इसका भोग 14 अप्रैल को बैसाखी के पावन अवसर पर डाला जाएगा। बैसाखी के मुख्य उत्सव को लेकर विशेष कीर्तन जत्थे को भी आमंत्रित किया गया है, जो संगत को गुरुबाणी और गुरमत विचारों से निहाल करेगा। रविवार को प्रभातफेरी के बाद गुरुद्वारा परिसर में चाय के लंगर का आयोजन किया गया।

# रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित तान्या का फूलों से किया स्वागत

## केटी विंग स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय हैमर थ्रो खिलाड़ी तान्या चौधरी के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** केटी विंग स्टेडियम में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय हैमर थ्रो खिलाड़ी तान्या चौधरी के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उन्हें प्रतिष्ठित 'रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार' मिलने की खुशी में आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी उर्फ केटी भैया के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

समारोह से पूर्व तान्या चौधरी का गांव में जोरदार स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और पूरे लाव-लश्कर के साथ रैली निकालते हुए उन्हें स्टेडियम तक लाया गया। वहां पहुंचने पर पगड़ी पहनाकर, फूल-मालाओं से लादकर और भगवान श्रीराम की मूर्ति भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इसके बाद तान्या अपने ननिहाल खेकड़ा क्षेत्र के फखरपुर गांव पहुंचीं, जहां केटी विंग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। फखरपुर निवासी तेजपाल सिंह उर्फ तेजू, तान्या के मामा हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें प्रधान लोकेंद्र त्यागी, प्रधान दिनेश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष जयकिशोर, मित्तन पहलवान और सतपाल प्रधान शामिल रहे। बागपत जिले के गाधी गांव की निवासी तान्या चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने एशियन गेम्स 2023 (हांगझोउ, चीन) में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए महिलाओं की हैमर थ्रो स्पर्धा के फाइनल में 60.50 मीटर की सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में 61.97 मीटर की थ्रो के साथ नौवां स्थान हासिल किया। जनवरी 2026 में आयोजित 85वीं अखिल भारतीय







अंतर-विश्वविद्यालय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तान्या ने 65.60 मीटर की थ्रो कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सरिता सिंह का 9 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। साथ ही खेलो इंडिया में 64.29 मीटर की रिकॉर्ड थ्रो के साथ गोल्ड मेडल और 5वीं इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता 2026 में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। समारोह के दौरान तान्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग और प्रोत्साहन के बिना यह संभव नहीं था। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को खेलों में आगे बढ़ाने की अपील की। वहीं उनके पिता नरेंद्र चौधरी ने कहा कि उनकी बेटी की मेहनत ही उसकी सफलता का आधार है और वह बेटों से किसी भी मायने में कम नहीं है।

# सेवा निवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा की मासिक बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** रविवार को सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.यशवीर सिंह तोमर ने की और संचालन जिला मन्त्री सुरेन्द्र पाल मोघा ने किया। इस दौरान पिछली बैठक की कार्यवाही पढकर सुनाई गई जिसकी आम सहमति से पुष्टि की गई। जिला मन्त्री ने संगठन द्वारा साथियों के लिए के लिए किए गए कार्यो की जानकारी दी। कुछ साथियों के देयक प्रक्रियाधीन है और जल्दी ही सभी समस्याओं का निस्तारण सम्भव है। जिला मन्त्री ने बैठक में बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जनपद में याचिका हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जिसकी प्रगति सन्तोषजनक है। शिव ओंकार शर्मा ने संगठन की सभी गतिविधियों की जानकारी विस्तार से दी। सभी साथियों से अनुरोध किया कि प्रदेश नेतृत्व व्दारा दिया गये लक्ष्य की पूर्ति करने का प्रयास करना है। राजेन्द्र प्रसाद जैन, श्रध्दानन्द त्यागी, जयपाल सिंह जावला, यज्ञदत्त शर्मा, सत्यपाल सिंह, धर्मवीर सिंह तोमर, सुनीता राणा, कुसुम लता, राजकुमार मान आदि वक्तओं ने सभी से 21 अप्रैल को आयोजित धरने/प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की गई है। बैठक में डा उदयवीर सिंह दांगी, यशपाल सिंह, उमरजान, जयकुमार तोमर, ईश्वर दास, विरेंद्र सिंह आदी मौजूद रहे।

# कपड़ा व्यापारी के इकलौते बेटे की हार्ट अटैक से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में कपड़ा व्यापारी नीरज जैन के इकलौते बेटे प्रतीक जैन 21वर्षीय का रविवार सुबह निधन हो गया। बताया जा रहा है कि प्रतीक को सुबह करीब चार बजे हार्ट अटैक आया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

परिवार अभी प्रतीक की मां शिल्पी जैन के निधन के दुख से उबर नहीं पाया था। अब इकलौते बेटे की असामयिक मृत्यु ने परिवार को गहरा सदमा पहुंचाया है।



मृतक का फाइल फोटो

प्रतीक अपनी दो बहनों नीशु जैन और खुशी जैन का इकलौता भाई था। बेटे की मौत की खबर सुनकर पिता नीरज जैन बेहोश हो गए, जबकि दोनों बहनें भी सदमे में आ गईं।

घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारी समाज और परिचितों में शोक फैल गया।

व्यापारी नेता मुदित जैन, नवनीत जैन, हर्षित जैन, प्रभात जैन, बोबी सहित कई लोगों ने घर पहुंचकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

गमगीन माहौल में प्रतीक जैन का अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# मिशन शक्ति टीम का विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण अभियान के तहत 12 अप्रैल को छपरौली थाना की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम रठौड़ा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव की महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना था। टीम ने उन्हें इन विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान, मिशन शक्ति टीम ने वीडियो के माध्यम से



महिलाओं को विभिन्न सामाजिक, कानूनी और सुरक्षा संबंधी पहलुओं से अवगत कराया। उन्हें छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य आपात स्थितियों से निपटने के तरीके बताए गए। महिलाओं को यह भी जानकारी दी गई कि किसी भी आपात स्थिति में वे बिना किसी संकोच के पुलिस की सहायता ले सकती हैं। साथ ही, उन्हें महिला सुरक्षा से संबंधित प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 181 (महिला सहायता) के बारे में भी बताया गया।

# एक नजर

## पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली में तैनात सिपाही श्रीकांत ने दिल्ली की महिला हिना और उसके पति आलम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सिपाही ने आरोप लगाया है कि उसे दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर धर्म परिवर्तन कराया गया और 20 लाख रुपये भी हड़प लिए गए। पुलिस ने आरोपी महिला हिना को गिरफ्तार कर लिया है और उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। बुलंदशहर निवासी सिपाही श्रीकांत वर्ष 2022 में गाजियाबाद कोतवाली में तैनात थे। कुछ समय पहले उनका गाजियाबाद से बागपत तबादला हुआ था, जिसके बाद उन्हें खेकड़ा कोतवाली भेजा गया। गाजियाबाद में तैनाती के दौरान ही सिपाही की मुलाकात दिल्ली की रहने वाली महिला हिना से हुई थी। सिपाही का आरोप है कि हिना ने उसे दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर 20 लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद भी महिला ने सिपाही के खिलाफ गाजियाबाद कोतवाली में शिकायत कर उसे जेल भिजवाने की धमकी दी। इसी डर के कारण सिपाही पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया गया, जिसके बाद उसने अपना धर्म बदल लिया और उसका नाम हारिश रख दिया गया। करीब चार साल तक सिपाही धर्म बदलकर रहा। आरोप है कि हिना का पति आलम उसे जबरन कई बार जमात पर भी ले गया। जब भी सिपाही अपने मूल धर्म में लौटने की बात करता, तो उसे दोबारा जेल भिजवाने की धमकी दी जाती थी। बागपत तबादला होने के बाद महिला से परेशान होकर सिपाही श्रीकांत ने शुक्रवार रात को हिना और उसके पति आलम के खिलाफ जबरन धर्म परिवर्तन कराने और रुपये हड़पने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई। सीओ रोहन चौरसिया ने बताया कि सिपाही श्रीकांत की शिकायत पर महिला हिना को गिरफ्तार कर लिया गया है। हिना के पति आलम की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं और उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बागपत की मिट्टी में बसता है इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अब बागपत केवल एक जिला नहीं, बल्कि अपनी पहचान को फिर से गढ़ने की दिशा में बढ़ता हुआ एक उदाहरण बनने जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का ऐतिहासिक जिला बागपत अब अपनी उस विरासत को सामने लाने की तैयारी में है, जो अब तक गांवों की परंपराओं, मंदिरों और लोककथाओं में जीवित थी, लेकिन एक संगठित रूप में सामने नहीं आ पाई थी। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन ने Centre for Historic Houses of India के सहयोग से जिले में पहली बार 'हेरिटेज ट्रेल' शुरू करने की घोषणा की है। यह पहल केवल पर्यटन बढ़ाने की योजना नहीं, बल्कि बागपत की आत्मा-उसकी संस्कृति, उसकी परंपराएं और उसका इतिहास-को एक नई पहचान देने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरह धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को स्वच्छता, सुव्यवस्था और गौरव के साथ जोड़ा जा रहा है, उसी क्रम में बागपत भी अब अपनी विरासत को विकास के साथ जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हेरिटेज ट्रेल इसी सोच का हिस्सा है, जहां अतीत को संजोते हुए भविष्य को मजबूत किया जाएगा। बागपत की मिट्टी में इतिहास बसता है। यह वही क्षेत्र है, जो महाभारत कालीन घटनाओं से जुड़ा रहा है। यमुना किनारे बसे गांवों में आज भी ऐसी परंपराएं, मान्यताएं और स्थल मौजूद हैं, जो सदियों पुराने सांस्कृतिक प्रवाह को दर्शाते हैं, लेकिन समय के साथ ये धरोहरें सीमित पहचान तक सिमट गई थीं। अब हेरिटेज ट्रेल के माध्यम से इन्हें एक साथ जोड़कर एक ऐसी श्रृंखला बनाई जाएगी, जो बागपत को एक अलग पहचान दे सके। हेरिटेज ट्रेल केवल एक रास्ता नहीं होगी, बल्कि एक जीवंत अनुभव होगी। इसमें शामिल हर स्थल अपने आप में एक कहानी होगा-कहीं मंदिरों की आस्था, कहीं गांवों की परंपरा, तो कहीं इतिहास की झलक। पर्यटक जब इस मार्ग पर चलेंगे, तो वे केवल स्थानों को नहीं देखेंगे, बल्कि बागपत की आत्मा को महसूस करेंगे। इस पहल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें गांवों को केंद्र में रखा गया है। अब तक जो विरासत केवल स्थानीय लोगों तक सीमित थी, वह अब पूरे देश और दुनिया के सामने आएगी। इससे बागपत के लोगों में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व की भावना और मजबूत होगी। हेरिटेज ट्रेल का सीधा लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। गांवों के युवाओं को गाइड के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे उन्हें अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही गांवों में होमस्टे, स्थानीय भोजन और हस्तशिल्प को भी बढ़ावा मिलेगा। छोटे दुकानदारों, कारीगरों और महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के लिए यह पहल नई संभावनाएं लेकर आएगी। मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक वस्त्र और स्थानीय उत्पाद अब केवल गांव तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें नया बाजार मिलेगा। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस पूरी योजना में Centre for Historic Houses of India तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। संस्था धरोहर स्थलों के संरक्षण, उनके सही दस्तावेज तैयार करने और उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखने में मदद करेगी। जिला प्रशासन का स्पष्ट मानना है कि विरासत को बचाने का काम केवल सरकारी स्तर पर नहीं हो सकता। इसके लिए जनभागीदारी जरूरी है। इसलिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इस पहल से जोड़ा जाएगा, ताकि वे अपनी धरोहर को अपनी जिम्मेदारी समझें। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने इस पहल को जिले के भविष्य से जोड़ते हुए कहा, ह्बागपत की पहचान उसकी विरासत से बने, यही हमारा लक्ष्य है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎011-41509401-2

फैक्सः 011-41509403

मुख्यालय मोबाइल 9720007290

R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो युवतीयों की बरामदगी को लेकर भाकियू (भानु) का बडौत कोतवाली में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** भारतीय किसान यूनियन (भान) ने बड़ौत थाने में धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन दो युवतीयों के अपहरण यह प्रदर्शनअब तक बरामदगी नहीं होने पर किया गया। कोतवाली में पुलिस प्रशासन एवं संगठन के लोगों में नोक झोंक भी हुई सभी कार्यकर्ता ने नारेबाजी करते हुए धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों के बीच कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी संगठन के लोगों के बीच में पहुंचे। उन्होंने संगठन के लोगों को जल्द ही दोनों युवतियों को बरामद करने का भरोसा दिलाया तब जाकर संगठन के लोग धरना स्थल से उठकर अपने कार्यालय पर पहुंचे।

संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि एक गांव से 19 वषीय युवती और 16 वर्षीय किशोरी को उत्तम पुत्र सतवीर शिवम पुत्र सुभाष



निवासी मलकपुर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। इस संबंध में बड़ौत थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। किसान यूनियन का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद बड़ौत पुलिस अब तक दोनों अपहरण युवतियों को बरामद नहीं कर पाई है। भारतीय किसान यूनियन भानू ने इन बच्चियों की बरामदगी और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 19 अप्रैल को बड़ौत थाने में महापंचायत करने की घोषणा की है। ज्ञापन देने वालों मे सचिन शर्मा एडवोकेट रवि कुमार संदीप पाराशर जिला संगठन मंत्री विक्रांत चौधरी जिला सचिव देवेंद्र शर्मा जिला उपाध्यक्ष शुभम तोमर आदि मौजूद रहे।

# मोहित चौहान बोलेः मुख्य मांगों को लेकर जल्द ही दिया जाएगा धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी मोहित चौहान ने पत्रकारो से वार्ता करते हुए कहा कि जनपद बागपत के निजी स्कूलों में अभिभावकों के आर्थिक शोषण के विरुद्ध अब मोर्चा खोला जाएगा और जल्दी तहसील परिसर में धरना भी दिया जाएगा।

समाजसेवी मोहित चौहान ने मोर्चा खोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और स्कूल प्रबंधकों के बीच सांठगांठ का आरोप लगाते हुए मेरठ की तर्ज पर बागपत में भी कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होने बताया कि इन मुख्य मांगों को लेकर जल्द ही धरना दिया जाएगा। प्रमुख मांगें अभिभावकों से लूट पर लगे



लगाम- स्कूल अपनी ड्रेस सार्वजनिक घोषित करें ताकि अभिभावक कहीं से भी खरीद सकें। नियमों को ताक पर रखने वाले प्रबंधकों और भ्रष्ट अधिकारियों पर दंडात्मक एक्शन हो। जनहित में यह लड़ाई शासन स्तर पर तब तक जारी रहेगी, जब तक अभिभावकों को इस लूट से राहत नहीं मिल जाती।

# निःशुल्क शिविर में की गई 130 मरीजों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम नें एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जिसमें 130 मरीजों की जांच कर मुफ्त दवाईयां वितरित की गयी। लहचौड़ा गांव में रविवार को रामा हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मीनाक्षी पैलेस, लहचौड़ा में सुबह से दोपहर तक आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 130 मरीजों की जांच की गई। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डा.आकाश तयाल तथा नर्सिंग स्टाफ की टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श के साथ निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस दौरान विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच और स्वास्थ्य परामर्श



दिया गया। शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए विशेष सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा विभिन्न ऑपरेशन पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट की जानकारी दी गई। शिविर में आने वाले लोगों से आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड साथ लाने का अनुरोध किया गया था। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर प्रधान पद प्रत्याशी प्रवीण शर्मा के सौजन्य से आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि इस प्रकार के शिविर से गांव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उनके नजदीक ही उपलब्ध हो जाती हैं, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है।

# पीड़ितों का आरोपः आरोपी लगातार दे रहे जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** सिनौली गांव में मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। यहां 5 अप्रैल को एक युवक पर हमला किया गया, जिसके बाद अगले दिन उसके घर में घुसकर परिवार के सदस्यों से मारपीट की गई और पिता पर चाकू से वार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता प्रवेश पत्नी सुनील ने छपरौली थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि 5 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे उनका बेटा प्रियांशु दुकान से सामान लेकर लौट रहा था। रास्ते में निखिल पुत्र कल्लू ने उसे रोककर गाली-गलौज की और डंडे से मारपीट की।

इस हमले में प्रियांशु के हाथ, छाती, पेट और पैर में गंभीर चोटें आईं।

सूचना मिलने पर डायल 112 और थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रियांशु का सरकारी अस्पताल छपरौली में मेडिकल कराया गया।

प्रवेश के अनुसार, इस घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराने के बाद अगले दिन 6 अप्रैल को दोपहर करीब 1:30 बजे निखिल पुत्र कल्लू, कल्लू पुत्र कटारा और सविता पत्नी कल्लू लाठी-डंडे व चाकू लेकर उनके घर में घुस आए।

आरोप है कि उन्होंने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उन्होंने प्रवेश के पति सुनील, बेटे प्रियांशु और ननद कोमल के साथ मारपीट की। इस दौरान निखिल ने चाकू से सुनील पर हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी कल्लू को हिरासत में लिया था, लेकिन अगले दिन उसे छोड़ दिया गया।

पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने पहले कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जबकि आरोपी लगातार परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

थाना छपरौली प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# हिंदू युवा वाहिनी जिला कार्यालय पर की गई 2027 मिशन को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में रविवार को हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत की एक बैठक हिंदू युवा वाहिनी जिला कार्यालय बड़ौत पर की गई जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 2027 मिशन को लेकर बैठक रखी गई। बैठक संचालन जिला संगठन महामंत्री अमित सरोहा ने किया।

बैठक की अध्यक्षता हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने की।

बैठक में मुख्य वक्ता आलोक शास्त्री ने कहा कि मिशन 2027 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए हिंदू युवा वाहिनी प्रत्येक नगर में प्रत्येक ब्लॉक में और ग्राम स्तर पर कार्य करेगी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं को मिशन 2027 देते हुए प्रत्येक गांव स्तर तक कार्य करने के लिए योजना तैयार की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं हिंदू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक योगी आदित्यनाथ महाराज का जो सपना है, उसको हिंदू युवा वाहिनी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरा करेगा, यही विश्वास है अब ब्लॉक में नगर की बैठकर आयोजित करेगी। हिंदू युवा वाहिनी बैठक में छपरौली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन जिंदल बड़ौत ब्लॉक के अध्यक्ष मोहित उपाध्याय बिनौली ब्लॉक के अध्यक्ष आकाश शर्मा खेकड़ा ब्लॉक के अध्यक्ष आकाश त्यागी जिला मंत्री राजीव भारद्वाज जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मलानिया जिला सहसंयोजक रवि पालीवाल नगर मंत्री शैंकी जैन विजय वर्मा अंकित वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# युवा जागरूक और सक्रिय होंगे, तो समाज स्वतः प्रगति करेगाःधर्मपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** कस्बे में रविवार को भारतीय रोहिला क्षत्रिय विकास परिषद की दोघट शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समाज के विकास में युवाओं की भागीदारी, संगठन की मजबूती और उनके विस्तार पर विस्तृत चर्चा हुई।

दोघट की जैन धर्मशाला में आयोजित इस बैठक में परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.धर्मपाल सिंह रोहिला ने कहा कि युवा वर्ग किसी भी समाज की रीढ़ होता है। उन्होंने जोर दिया कि यदि युवा जागरूक और सक्रिय होंगे, तो समाज स्वतः प्रगति करेगा। डा.रोहिला ने युवाओं से समाज के कार्यों में सहयोग करने और संगठन को मजबूत बनाने का आहवान किया। नगर अध्यक्ष रामदास रोहिला ने शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा ही नई सोच और विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर डा. सिंह रोहिला ने आगामी जून माह में टपरी स्थित केंद्रीय कार्यालय में होने वाले युवा सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन युवाओं के लिए एक बड़ा मंच होगा, जहां वे अपने विचार साझा कर समाज के उत्थान में योगदान दे सकेंगे। उन्होंने सभी से सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियों में जुटने की अपील की। इस मौके पर कुलदीप सिंह रोहिला, सुभाष चंद्र रोहिला, विनोद कुमार, हरपाल सिंह, आत्माराम, राजकुमार, चंद्रपाल सिंह, सुरेंद्र, दिनेश रुहेला और सतीश रुहेला सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# जसाला में दिनेश शर्मा का विपक्ष पर तीखा प्रहार





**महिला आरक्षण को बताया ऐतिहासिक फैसला, बंगाल सरकार पर साधा निशाना।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला स्थित भाजपा एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह के फार्म हाउस पर आयोजित विशाल जनसभा में पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पश्चिम बंगाल की सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वहां भाजपा की सरकार बनते ही ममता बनर्जी की मनमानियों पर पूरी तरह रोक लग जाएगी।रविवार को आयोजित जनसभा में भारी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार जनता को गुमराह कर रही है, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में परिवर्तन निश्चित है।संघ प्रमुख डा. मोहन भागवत के बयान का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि वह जो भी कहते हैं, वह तथ्यों पर आधारित होता है। उन्होंने कहा कि हिंदू कोई संकीर्ण परिभाषा नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है, जो सभी को साथ लेकर चलने और विश्व कल्याण की भावना से जुड़ी है।

महिला आरक्षण विधेयक को लेकर डॉ. शर्मा ने कहा कि यह देश की महिलाओं को मिला अब तक का सबसे बड़ा अधिकार है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार महिलाओं को राजनीति में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित करने का रास्ता साफ हुआ है, जिससे लोकसभा और विधानसभाओं में उनकी उपस्थिति बढ़ेगी।विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर निर्णय का विरोध करना विपक्ष की आदत बन चुकी है, लेकिन जनता अब उनके बहकावे में नहीं आने वाली।कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए पूर्व की सपा, बसपा और कांग्रेस सरकारों पर भी निशाना साधा।जनसभा की अध्यक्षता चौधरी वीरेंद्र सिंह ने की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप, मनीष चौहान, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, कोमल सैनी, हरबीर सिंह मलिक, सुनील भराला, मोहित बेनीवाल समेत कई नेताओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## दीवार तोड़कर कब्जे का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर के हनुमान रोड निवासी प्रमोद कुमार पुत्र कौशलवीर अग्रवाल ने आरोप लगाया कि उनके मकान के पास स्थित करीब 70 गज सरकारी/बेनामी संपत्ति पर अतुल बंसल द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ है।

आरोप है कि 11 अप्रैल को उक्त पक्ष द्वारा उनकी मकान की मुख्य दीवार और नींव को क्षतिग्रस्त करना शुरू कर दिया गया। विरोध करने पर अतुल बंसल, कपिल बंसल सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मकान गिराने की बात कही। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने अपने प्रभाव का हवाला देते हुए कार्रवाई न होने की बात कही। प्रमोद कुमार के अनुसार, इस मामले की पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, जिस पर पुलिस द्वारा समझौता कराया गया था। इसके बावजूद दोबारा घटना को अंजाम दिया गया।

## अंकित गोयल के आवास पर हुआ दिनेश शर्मा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाजपा नेता व उद्यमी अंकित गोयल के कमला कॉलोनी स्थित आवास पर पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉण दिनेश शर्मा का आगमन हुआ। व्यापारियों द्वारा शॉल ओढ़ाकर, बुके देकर व पगड़ी पहनकर सम्मान किया गया। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि मुझे मालूम हुआ है कि शामली के व्यापारियों को कुछ दिक्कतें आ रही है। दिल्ली आवास का समय दे दिया है।सभी व्यापारी वहां पर आकर समस्या रखे। मुख्यमंत्री से बात कर समस्या का हल कराया जायेगा। मौके पर एमएलसी मोहित बेनीवाल, चौधरी वीरेंद्र सिंह, विधायक प्रसन्न चौधरी जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, मनीष चौहान, हरबीर मलिक, अशोक बंसल, आलोक जैन, अशोक मित्तल, सुधीर जैन, डा. अशोक सिंहल, डॉ0 मुकुट मोहन सिंघल, अनुराग जैन, राहुल गोयल, संजीव कुमार, अमित जैन, आशीष अग्रवाल, राहुल जैन, अनुराग शर्मा, पुनीत द्विवेदी, भूपेंद्र शर्मा, मयंक गर्ग मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का शामली के एक निजी चिकित्सालय में उपचार जारी है। रविवार को कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी योगेश कुमार किसी कार्य से दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित भरासी गेट की ओर जा रहा था।

जैसे ही वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल का फिलहाल शामली के एक निजी चिकित्सालय में उसका इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# गोवंश की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जिडाना के निकट बेसहारा गोवंश की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मियों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।



रविवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी आकाश पुत्र जयपाल और राहुल पुत्र जिले सिंह बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से हरियाणा अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे।बाइक सवार जैसे ही गांव जिडाना के पास पहुंचे तो बाइक सड़क पर घूम रहे हैं गोवंश से टकरा गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और दोनों घायलों को जिला अस्पताल लेकर चले गए।

# भाविसं ने वितरित की निःशुल्क कॉपियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम के तत्वावधान में कॉपी वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 500 विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपियां वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविन्द संगल, ललित बिंदल कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद ख्रष्टा महाराज रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अरविंद दृष्टा महाराज ने कहा कि विद्यार्थियों को कॉपी वितरण करना सच्ची सेवा का कार्य है, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी हैं और इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है। इस दौरान 500 बच्चों को कॉपियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सत्र संयोजक अनुज जैन, अध्यक्ष अनुराग जैन, सचिव मनीष भटनागर, कोषाध्यक्ष वैभव संगल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा अजय जैन, अनिल बंसल, प्रदीप बंसल, प्रदीप शर्मा, सतेंद्र शर्मा, मनोज धीमान, अंकित गोयल, डॉ. अर्जुन वर्मा, नीरज वशिष्ठ, ऋषभ जैन, संजय जैन, सुधीर सिंगला, अरविंद कौशिक, विजय शर्मा मौजूद रहे।

# सीएचसी संचालक मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के मलकपुर रोड स्थित एक जन सेवा केंद्र संचालक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।




थाना क्षेत्र की हमजा कॉलोनी निवासी जावेद पुत्र अब्दुल बासित मलकपुर रोड पर जन सेवा केंद्र संचालित करता हैं। पीड़ित के अनुसार, बीते मंगलवार को मोहल्ले का ही तस्लीम किसी कार्य से प्रिंट आउट निकलवाने केंद्र पर पहुंचा था।किसी कारणवश प्रिंट आउट देने से मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।आरोप है कि इसके बाद तस्लीम ने अपने पुत्र मोईन, मुरसलीन व एक अन्य सदस्य को मौके पर बुला लिया। सभी ने मिलकर जावेद के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल ने सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी।पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी तस्लीम व उसके पुत्र मोईन को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## किशोरी को अगवा करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को जबरन उठाने के प्रयास का आरोप गांव के ही एक युवक और उसके साथी पर लगाया है। पीड़ित पिता के अनुसार, उसकी नाबालिग बेटी को कुछ समय पूर्व गांव निवासी युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। बाद में किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से निकलकर घर लौट आई थी। आरोप है कि अब वही युवक अपने एक साथी के साथ मिलकर दोबारा उसकी बेटी को जबरन उठाने की कोशिश कर रहा है और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नितिन कस्बा तीतरो जनपद सहारनपुर सहित एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया



# श्री सैन महाराज की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज में रविवार को संत शिरोमणि श्री सैन महाराज की 727 वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्य मक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्रओं, गणमान्य लोगों और अनेकों परीक्षाओं में फसल हुए युवाओं को सम्मानित किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्योगपति कमल सिंह ने किया। विशिष्ठि अतिथि भोपाल सिंह जाफरपुर, धर्मपाल सिंह, महिपाल सिंह दिल्ली, मांगेराम ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सैन समाज समिति लंबे समय से कार्य कर रही है। आज आवश्यकता है कि समाज का प्रतिनिधित्व प्रदेश और केन्द्र की सरकारों में होना चाहिए, जिसके लिए सभी को विचार विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। इस दौरान समाज के मेधावी बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए युवाओं अखिल कुमार नकुड को संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयन होने पर सैन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा आशीष कुमार, सचिन प्रताप सिंह, अन्नू, तथा डा. जितेन्द्र सिंह द्वारा देहदान करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, पवन कुमार पवन, संजीव पंवार, विनोद सैन, दीपक पंवार, ब्रिजेश कुमार, कमलकांत सरोहा, हरिओम सैन आदि मौजूद रहे।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया महर्षि कश्यप एवं निषादराज जयंती महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** संयुक्त कश्यप महासभा के तत्वावधान में रविवार को शहर के माजरा रोड स्थित कृष्णा गार्डन में महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषादराज जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर समाज की एकजुटता का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा ने महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति के महान ऋषि थे, जिन्होंने मानव सभ्यता के विकास में अहम योगदान दिया। वहीं महाराजा निषादराज की निष्ठा, मित्रता और सेवा भाव आज भी प्रेरणादायक है। संयुक्त कश्यप महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप जयंती समाज की आस्था, पहचान और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने समाज को एकजुट होकर अपने उत्थान के लिए कार्य करने का आहवान किया और सनातन संस्कति के संरक्षण पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने समाज की राजनीतिक भागीदारी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि कश्यप समाज की संख्या अधिक होने के बावजूद उसे अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है, जिससे समाज में असंतोष है।

साथ ही उन्होंने आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार से सकारात्मक पहल की मांग की। कार्यक्रम में एमएलसी वीरेंद्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनीवाल, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, चेयरमेन अरविंद संगल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान, जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित किया। महासभा के पदाधिकारियों ने बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज में जागरूकता और सशक्तिकरण संभव है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, नशामुक्ति और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन से ही समाज का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन रेखा चौहान व डॉ. राजीव कश्यप ने संयुक्त रूप से किया।

# पन्द्रह दिन में उखड़ी नवनिर्मित सड़क





- ग्रामीणों का प्रदर्शन।
- घटिया निर्माण पर हंगामा, जांच की मांग करते हुए कहा जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड की ग्राम पंचायत गंगेरू के मजरा गढ़ी मियां में लाखों रुपये की लागत से निर्मित आरसीसी सड़क महज 15 दिन में ही बदहाल हो गई। सड़क की परतें उखड़ने और जगह-जगह दरारें पड़ने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य में हुई लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। रविवार को ग्रामीणों ने बताया की,सड़क निर्माण कार्य में शुरू से ही अनियमितताएं बरती गईं। मानकों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते सड़क इतनी जल्दी खराब हो गई। ग्रामीण इरफान ने बताया कि गांव के लोग करीब दो दशक से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। बड़ी उम्मीदों के साथ यह सड़क बनाई गई थी, लेकिन कुछ ही दिनों में इसकी गुणवत्ता की पोल खुल गई। उन्होंने कहा कि सड़क की ऊपरी परत हाथ लगाने भर से उखड़ रही है, जिससे ठेकेदार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीण कौशर ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की जांच नहीं की गई और जिम्मेदार अधिकारियों ने भी निगरानी में लापरवाही बरती।

उन्होंने कहा कि यदि कार्य की सही तरीके से मॉनिटरिंग होती, तो इतनी बड़ी खामी सामने नहीं आती। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो तहसील और जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि एक टीम गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान हंगामा प्रदर्शन करने में दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग का कहना है कि यह राजनीतिक षडडंत्र है उनके विरोधी जानबूझकर सड़क उखाड़ कर उनकी छवि धूमिल करने में लगे हुए हैं।

मामला उनके संज्ञान में नहीं है अगर ठेकेदार सहित किसी ने भी सड़क में घटिया सामग्री लगाई है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई कराई जाएगी और सड़क की जांच करा कर दोबारा से मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

# कराटे चैंपियनशिप का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**शामली।** कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली के तत्वावधान में जिला स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का भव्य आयोजन अवेंजर फाइट क्लब में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों व आयोजकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को अनुशासन, खेल भावना और आत्मरक्षा के महत्व के बारे में भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवांश भार्गव ने बताया कि चौंपियनशिप का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप के लिए किया गया है, जो 24 से 26 अप्रैल तक लखनऊ के चौक स्टेडियम में आयोजित होगी। आयोजन प्रबंधक ऋषभ कांत शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रतियोगिता का संचालन सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों के आत्मक्श्विास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अद्रिका मलिक, सृष्टि दीक्षित, अनाया सिंह, सनाया प्रजापति, वन्या भारद्वाज, अभिनव शर्मा, शौर्य वर्मा, वीर वर्मा, आदित्य राठी, कुंज पाल, अथर्व सिंह, देवांश चौहान, अंश चौहान, युवराज शर्मा, युवान भारद्वाज, अद्रिक सिंह और आरव चौधरी शामिल रहे। ?वहीं द्वितीय स्थान पर रियांश गर्ग और राघव शर्मा ने स्थान प्राप्त किया। अंत में आयोजकों ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया और प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

# श्रमिकों की सहायता के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**■ गौतम बुद्ध नगर में जिलाधिकारी ने की शांति की अपील**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर में श्रमिकों के लगातार धरना प्रदर्शन के मद्देनजर, जिलाधिकारी मेधा रूपम ने शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने श्रमिकों की समस्याओं के समाधान और औद्योगिक शांति सुनिश्चित करने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित करने की घोषणा भी की है।

जिलाधिकारी ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों में जनपद की औद्योगिक इकाइयों के साथ बैठकें की गई हैं, जिनमें महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों का सभी औद्योगिक इकाइयों में कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

इन निर्णयों के अनुसार, श्रमिकों को ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से किया जाएगा और इसमें कोई कटौती नहीं होगी। प्रत्येक श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश मिलेगा, और यदि रविवार को काम कराया जाता है, तो उसका भुगतान भी दोगुनी दर से होगा। सभी श्रमिकों को नियमानुसार बोनस का भुगतान अधिकतम 30 नवंबर तक उनके बैंक खातों में किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, प्रत्येक कारखाने में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति गठित की जाएगी, जिसकी अध्यक्ष महिला होगी। शिकायत पेटी भी स्थापित की जाएगी और श्रमिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक श्रमिक का वेतन हर महीने की 10 तारीख तक एकमुश्त उनके बैंक खातों में जमा किया जाएगा, और उन्हें वेतन पर्ची अनिवार्य रूप से प्रदान की जाएगी।

श्रमिकों के कल्याण और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके हेल्पलाइन नंबर 120-2978231, 120-2978232, 120-2978862 और 120-2978702 हैं। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से श्रमिक अपनी किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत या सूचना दर्ज करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने सभी श्रमिकों से शांतिपूर्वक अपने-अपने कार्यस्थलों पर पहुंचकर काम करने की अपील की है। उन्होंने भ्रामक सूचनाओं या अफवाहों पर ध्यान न देने तथा जिले में सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

# विवादों में जीबीयू, कूलर खरीद में भी लगा था घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्व. विद्यालय (जीबीयू) का घोटालों से पुराना नाता है। भले ही नौ अप्रैल को फीस घोटाले को लेकर 12 अधिकारियों-कर्मचारियों पर एफआईआर हुई हो, लेकिन पहले भी नियुक्ति से लेकर मेंटेनेंस में हुए घोटाले को लेकर प्रोफेसरों ने मोर्चा खोला था। वाटर कूलर की खरीद में किए गए भ्रष्टाचार का मामला लखनऊ तक पहुंच गया था। हालांकि, जीबीयू में एक तरफा राज चलने के कारण कार्रवाई की आंच किसी पर नहीं आने दी गई।

प्रो. विकास पंवार ने जिलाधिकारी के माध्यम से सीएम को भ्रष्टाचार को लेकर पत्र भी लिखा था, लेकिन उन्हें ही बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उन्होंने तत्कालीन कुलपति आरके सिन्हा व कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने बताया कि 2020 में ही छात्र बताते थे कि फीस जमा होने के बाद भी नहीं जमा होने की बात कही जाती है। बैलेंस शीट भी वेबसाइट पर नहीं डाली जाती थी।

**नियुक्ति के नाम पर पैसे लेने का आरोपः** प्रो. विकास पंवार ने बताया कि नियुक्ति के नाम पर मोटा पैसा लोगों से लिया गया। उनसे वादा किया गया था कि उन्हें स्थाई करवा दिया जाएगा, लेकिन बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उन्होंने बताया कि कोर्ट में जाने के बाद समझौता करवाकर पांच साल बाद 2020 में फिर से नियुक्ति दे दी गई। लेकिन, 2024 में जब विश्वविद्यालय की पोल खोलनी शुरू की तो बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। उनका कहना है कि टेंडर प्रथा को खत्म करके सारे काम खुद करवाए गए, जिसमें घोटाले हुए।

**डीन समेत दो पर यौन उत्पीड़न का आरोपः** जीबीयू के डीन समेत दो लोगों पर एक छात्रा ने यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था। पीएचडी की छात्रा ने डीन पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया था। उसकी बहन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज एंड अप्लाइड साइंसेज के तत्कालीन डीन ने पीड़िता को कार्यालय में बुलाकर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल कर यौन शोषण किया।

# मानसून से पहले पुल का काम शुरू करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पी-3 गोलचक्कर के पास हवालिया नाला पर नया पुल बनाने का काम मानसून से पहले शुरू करने की तैयारी है। सिंचाई विभाग की बाढ़ और नहर समिति से मंजूरी मिल गई है। प्राधिकरण द्वारा भी स्वीकृत प्रदान कर दी गई है। तीन लेन के इस पुल का निर्माण सिंचाई विभाग कराएगा, जबकि खर्च प्राधिकरण उठाएगा।परियोजना विभाग के अधिकारी के मुताबिक सेक्टर ओमेगा-1 से सूरजपुर-कासना मार्ग पर पी-3 गोलचक्कर की तरफ आने वाली लेन पर नए पुल का निर्माण किया जाएगा।

यहां पर वर्षों पहले बना पाइप का पुल सकरा होने के साथ जर्जर भी हो चुका है। मुख्य सड़क से काफी नीचा भी है। ऐसे में हादसे का खतरा बना रहता है। रात के समय सबसे ज्यादा डर रहता है। इसको देखते हुए पाइप वाले पुल के स्थान पर तीन लेन का आरसीसी का नया पुल बनाया जाएगा। पुल लंबाई लगभग 28 और चौड़ाई 10.5 मीटर यानी तीन लेन होगी। योजना के मुताबिक नए पुल को पी-3 गोलचक्कर से सेक्टर ओमेगा-1 की तरफ जाने वाली लेन पर बने पुल के बराबर ऊंचा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक तरफ का पुल आरसीसी का है। इससे आवागमन सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। नया पुल बनकर तैयार हो जाने पर यह छह लेन का हो जाएगा।इस माह निविदा जारी की जाएगीहवालिया नाला सिंचाई विभाग के अंतर्गत आता है। कोई भी काम करने से पहले अनुमति लेना जरूरी होता है। सिंचाई विभाग की बाढ़ और नहर समिति से मंजूरी मिलने के बाद पुल के निर्माण की तैयारी तेज कर दी गई है। इसके निर्माण पर आने वाली लागत की 50 फीसदी राशि जारी करने के लिए पत्र लिखा है। सिंचाई विभाग के अधिकारी के मुताबिक इस माह निविदा जारी कर मानसून से पहले काम शुरू करा दिया जाएगा। उम्मीद है कि एक साल में बनकर तैयार हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि नोएडा में बीते जनवरी माह में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिरकर मौत की घटना के बाद इस परियोजना पर काम तेज कर दिया गया है। उच्चाधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मुद्दे को स्थानीय लोग भी प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष उठा चुके हैं।इन सेक्टरों और गांवों को लाभ होगापी-3 गोलचक्कर के पास हवालिया नाला पर एक हिस्से में नया पुल बनने से सेक्टर ओमेगा-1, पी- 3, चाई-फाई, फाई-3, बिल्डर्स एरिया, यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस मार्ग और आसपास के गांवों में जाने वाले लोगों के साथ सूरजपुर-कासना मार्ग पर आने वाले लोगों के लिए आवाजाही करना आसान हो जाएगा।-हवालिया नाला पर पी-3 के पास एक हिस्से में बने पाइप पुल के स्थान पर नए पुल का निर्माण किया जाएगा। नया पुल तीन लेन का होगा। सिंचाई विभाग से मंजूरी मिल चुकी है। जल्द काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। पुल के निर्माण पर आने वाला खर्च प्राधिकरण उठाएगा।

# स्टंटबाजी करने वाले पांच छात्र गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास कार की छत पर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने रविवार को पांच छात्रों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।



पुलिस के अनुसार, यह वीडियो करीब दो दिन पहले सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। इसमें कुछ युवक चलती कार की छत पर चढ़कर खतरनाक स्टंट करते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो में दिख रही कार के नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान की। गिरफ्तार किए गए छात्रों की पहचान आर्यन, अनमोल, जीत, उत्तम और अर्पित के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ये सभी एक यूनिवर्सिटी के छात्र हैं। वे सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट कर रहे थे।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर लोक. प्रियता के लिए ऐसे खतरनाक स्टंट करना कानूनी अपराध है। पुलिस ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रखेगी। सिंह ने युवाओं से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अपनी व दूसरों की सुरक्षा को खतरे में न डालें।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल एक राहगीर की रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

घटना शनिवार रात फेज-दो थाना क्षेत्र के विशेष निर्यात जोन के पास उस समय हुई, जब पैदल जा रहे ग्राम सलारपुर निवासी सुभाष कुमार (40) को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल कुमार को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# अवैध स्विमिंग पूल व जिम सेंटरों पर सख्ती, आज से चलेगा अभियान

> जिन स्विमिंग पूलों और जिम के पास एनओसी नहीं है या जो मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ, तो उनके लाइसेंस निलंबित करने सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **- डॉ. परवेज अली, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला खेल विभाग ने सोमवार से बिना एनओसी और सुरक्षा मानकों के संचालित जिम सेंटर व स्विमिंग पूलों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का फैसला किया है। इसका उद्देश्य गौतमबुद्ध नगर में खेल और फिटनेस सुविधाओं को सुरक्षित व मानक अनुरूप बनाना है।

जिला खेल विभाग के अनुसार, जिले में एक हजार से अधिक स्विमिंग पूल और जिम सेंटर संचा. लित हो रहे हैं, लेकिन इनमें से केवल 400 से 500 पूल व जिम ने आवश्यक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) प्राप्त किया है। शेष संच. ालकों ने या तो निर्धारित सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं किया है या एनओसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए अवैध और मानक विहीन संस्थानों की जांच का निर्णय लिया है। अभियान के तहत विभाग की टीमें विभिन्न क्षेत्रों में जाकर जिम और स्विमिंग पूलों का निरीक्षण करेंगी। इस दौरान लाइफगार्ड की उपलब्धता, महिला लाइफगार्ड की नियुक्ति, स्वच्छता व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन सुरक्षा उपकरण जैसे मानकों की जांच की जाएगी। जिन संस्थानों में ये सुविधाएं नहीं हुईं, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

खेल अधिकारियों का कहना है कि अभियान केवल कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि अवैध रूप से स्विमिंग पूल व जिम संचालकों की मनमानी रोकने के लिए चलाया जा रहा है। विभाग का कहना है कि सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता।

## एक नजर

### किशोरी ने फंदे पर लटककर जान दी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** फेज-तीन थाना क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव में रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा ने रविवार सुबह घर पर पंखे से फंदा लगाकर जान दे दी। ई-रिक्शा चलाकर घर पहुंचे भाई को इसकी जानकारी हुई। पुलिस को शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। तनाव के कारण छात्रा के आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है।मूलरूप से बिहार के जिला खगड़िया निवासी परिवार गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रहता है। परिवार में दंपति के अलावा उनके दो बच्चे हैं। दंपति अलग-अलग प्राइवेट कंपनियों में नौकरी करते हैं। जबकि, बड़ा बेटा ई-रिक्शा चलाता है। घर पर 16 वर्षीय बेटी रहती है।

रविवार सुबह किशोरी के माता-पिता ड्यूटी करने चले गए और भाई ई-रिक्शा लेकर चला गया। कुछ घंटे बाद जब भाई घर लौटा तो कमरा अंदर से बंद था। खिड़की खोलकर देखा तो उसकी बहने पंखे के सहारे चुन्नी से बने फंदे पर लटकी हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल की वीडियोग्राफी की। शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि परिजन ने भी किशोरी के आत्महत्या करने का कोई कारण नहीं बताया। जांच के बाद ही आत्महत्या के कारण पता चला सकेगा।

### श्रमिकों व फैक्ट्री मालिकों के बीच बेहतर तालमेल बनाने की पहल

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** श्रमिकों और फैक्ट्री मालिकों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर काम करने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रविवार को एक बैठक हुई, जिसमें प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव, एडीएम मंगलेश दुबे, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, प्रबंधक उद्योग अरविंद मोहन सिंह, जिला प्रशासन से एडीएम मंगलेश दुबे और डीसीपी पुलिस प्रवीण रंजन सिंह शामिल हुए। बैठक में नोएडा एंट्रेप्रिन्योर एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन, इंडिया इंडस्टरीज एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल एंट्रेप्रिन्योर एसोसिएशन, ग्रेटर नोएडा एंट्रेप्रिन्योर एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती और ईकोटेक-12 एसोसिएशन के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में अधिकारियों ने उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों को कारखाना विभाग के नए दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी दी। बैठक में गौतमबुद्ध नगर के एडीएम मंगलेश दुबे की तरफ से कहा गया कि अनावश्यक किसी भी श्रमिक को नहीं निकाला जाएगा। ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर से किया जाएगा, उसमें कोई कटौती नहीं की जाएगी। प्रत्येक श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश प्रदान किया जाएगाघ्, यदि रविवार को कार्य कराया जाता है तो उसका भुगतान भी दोगुनी दर से किया जाएगा। सभी श्रमिकों को नियमानुसार बोनस का भुगतान अधिकतम 30 नवंबर तक उनके बैंक खातों में किया जाएगाघ्। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से घोषित की जाने वाली वेतन वृद्धि को लागू तिथि से सभी श्रमिकों को इस तिथि से प्रदान की जाएगी। प्रत्येक कारखाने में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति गठित की जाएगी, जिसकी अध्यक्ष महिला ही होगी, शिकायत पेटी स्थापित की जाएगी तथा श्रमिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाएगा। प्रत्येक श्रमिक के वेतन का भुगतान हर माह के 10 तारीख के भीतर एकमुश्त किया जाएगा सभी श्रमिकों को वेतन पर्ची अनिवार्य रूप से प्रदान की जाएगी।

डीसीपी पुलिस प्रवीण रंजन सिंह ने कहा कि उद्यमियों और श्रमिकों के बीच समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी से सहयोग अपेक्षित है। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने उद्यमी संगठनों से अच्छा और स्वस्थ माहौल बनाए रखने की अपील की।

# डीएम ने परीक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के निर्देशन में 12 अप्रैल 2026 को जनपद के 08 परीक्षा केन्द्रों पर एनडीए/एन ए परीक्षा (I) एवं सीडीएस परीक्षा (I)-2026 सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन वातावरण में संपन्न हुई। (05 परीक्षा केन्द्रों पर एनडीए/एन ए एवं 03 परीक्षा केन्द्रों पर सीडीएस परीक्षा आयोजित हुई।)

05 परीक्षा केन्द्रों पर एनडीए/एन ए परीक्षा केंद्रों पर 1913 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1455 अभ्यर्थी उपस्थित रहे एवं 458 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे तथा 03 परीक्षा केन्द्रों पर सीडीएस परीक्षा में 1187 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 706 अभ्यर्थी उपस्थित रहे एवं 481 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा महामाया बालिका इंटर कॉलेज, सेक्टर 44 नोएडा पहुंचकर परीक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था एवं अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था एवं अभ्यर्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं दुरुस्त मिली।

इस अवसर पर संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट, लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर, केंद्र व्यवस्थापक एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परी चौक से एयरपोर्ट के लिए हर 30 मिनट में बस मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए परी चौक से हर 30 मिनट में बस सेवा मिलेगी। उड़ान शुरू होने के पहले दिन से सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक यह सेवा मिलने का दावा है। यात्री 60 से 90 मिनट में नोएडा के सिटी सेंटर और ग्रेनो के परी चौक से एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे।यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (यापल) ने एयरपोर्ट से बस सेवा शुरू करने के लिए उत्तरप्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड परिवहन निगम के साथ समझौता किया है।

उत्तरप्रदेश में एयरपोर्ट के लिए 14 बस रूट तय किए गए हैं। इनमें एयरपोर्ट से नोएडा सेक्टर-37, परी चौक, बॉटनिकल गार्डन, कौशांबी, कासना, गाजियाबाद वाया सिकंद. राबाद, मेरठ, हापुड़ और आगरा, हाथरस, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, अलीगढ़ व बुलंदशहर के विभिन्न रूट होंगे।

वहीं, उत्तराखंड के लिए देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश और हल्द्वानी जैसे क्षेत्रों से भी बसें चलेगी। हरियाणा रोडवेज की बसें चंडीगढ़, गुरुग्राम, फरीदाबाद और पलवल जैसे प्रमुख शहरों और दिल्ली परिवहन निगम कश्मीरी गेट आईएसबीटी, सराय काले खां, आनंद विहार, और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक बसें सेवा देगा। दावा किया गया है कि उड़ान के पहले दिन से ही सभी राज्यों के परिवहन निगम से बस सेवा शुरू हो जाएगी। सभी राज्य के परिवहन निगम इसके रूट चार्ट पर कार्य कर रहे हैं।

# गौड़ सिटी में 2000 से अधिक फ्लैटों की बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र स्थित गौड़ सिटी सोसायटी के 2000 से अधिक फ्लैटों में शनिवार शाम से बिजली आपूर्ति ठप है। तकनीकी खराबी के कारण रविवार शाम तक भी बिजली बहाल नहीं हो सकी, जिससे निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सोसायटी के 16जी एवेन्यू और पार्कव्यू अपार्टमेंट के निवा. सियों ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे अचानक बिजली चली गई। शिवशंकर, योगेश भाटी, सरवन अवाना, भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र राणा, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र राय, रिंकू और जयप्रकाश सहित कई लोगों ने इस समस्या की पुष्टि की।।निवासियों के अनुसार, उन्होंने मेंटेनेंस विभाग से संपर्क किया, जहां उन्हें बताया गया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को सूचना दे दी गई है और फाल्ट को सुबह तक ठीक कर लिया जाएगा। हालांकि, रविवार को भी बार-बार संपर्क करने पर केवल जल्द समाधान का आश्वासन ही मिलता रहा। निवा. सियों ने आरोप लगाया कि देर शाम तक भी बिजली बहाल न होने पर बिल्डर और मेंटेनेंस कर्मचारियों ने फोन उठाना बंद कर दिया। लंबे समय तक बिजली न रहने के कारण घरों में लगे इन्वर्टर भी काम करना बंद कर गए, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। इस संबंध में सोसायटी के फैसिलिटी मैनेजर पीयूष कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# दो हजार से अधिक खरीदारों को फ्लैट मिलने की उम्मीद जगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ग्रुप हाउसिंग परियोजना श्री राधा स्काई पार्क के 2064 खरीदारों को फ्लैट मिलने की उम्मीद जगी है। पिछले सात सालों से रुकी पड़ी इस परियोजना का काम शुरू कर दिया गया है। सह विकासकर्ता के रूप में इस परियोजना को हवेलिया समूह पूरा करेगा।

करीब 770 करोड़ की लागत से फ्लैटों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना को साढ़े तीन से चार सालों में पूरा करने का लक्ष्य है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16बी में श्री राधा स्काई पार्क हाउसिंग सोसाइटी के लिए प्राधिकरण द्वारा श्री ग्रुप को आवंटित 7.8 एकड़ भूखंड पर वर्ष 2017 में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था।

बजट की कमी और अन्य वजह से वर्ष 2019 में काम बंद हो गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पायलट पॉलिसी के अंतर्गत इस परियोजना की जिम्मेदारी हवेलिया समूह को मिली है। सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद साइट पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। कंपनी के प्रबंध निद. ेशक निखिल हवेलिया ने बताया कि हवेलिया समूह ने वर्ष 2023 में इंवेस्ट इन यूपी के साथ एकमात्र समझौता ज्ञापन (एमओयू) निष्पादित कर रुकी हुई परियोजनाओं के समाधान का एक ठोस प्रारूप प्रस्तुत किया।

# व्यापारी की जमीन पर चला बुलडोजर

**■ दबंगों पर जबरन कब्जे का आरोप, पुलिस ने जेसीबी जब्त की**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक व्यापारी ने अपनी पुश्तैनी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। व्यापारी का कहना है कि दिनदहाड़े बुलडोजर चलाकर उनकी दीवार तोड़ दी गई और जमीन पर कब्जा करने की को. शिश की गई। पुलिस ने शिकायत के बाद कार्रवाई करते हुए जेसीबी जब्त कर ली है और दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

यह घटना दादरी थाना क्षेत्र के बिसहाड़ा रोड पर हुई। दादरी निवासी व्यापारी राकेश गोयल ने बताया कि बिसहाड़ा रोड पर उनका एक पुश्तैनी प्लॉट है, जो जीवनलाल के नाम पर दर्ज है। शनिवार को कुछ लोगों ने बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के उनके प्लॉट पर जेसीबी से दीवार तोड़ दी। राकेश गोयल के अनुसार, इस दौरान 20 से 25 लोग हथियारों के साथ मौके पर मौजूद थे। आसपास के व्यापारियों ने उन्हें जमीन पर जेसीबी चलने की सूचना दी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और किसी तरह काम रुकवाया। गोयल ने आरोप लगाया कि उन्हें हथियार दिखाकर डराने और जान से मारने की धमकी भी दी गई।

व्यापारी ने घटना का वीडियो बनाकर पुलिस को उपलब्ध कराया है और लिखित शिकायत भी दी है। उन्होंने नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। गोयल ने अपनी जान-माल को खतरा बताते हुए दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले में त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से जेसीबी को जब्त कर लिया है और दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह मामला दो परिवारों के बीच जमीन विवाद से जुड़ा है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का समापन






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत चल रहा विधानसभा के समस्त मंडलों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। इसमें संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मुजफ्फरनगर रोड स्थित मेपल्स एकेडमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह गोस्वामी ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं के कंधों पर ही है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के दम पर ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटी हुई है। क्षेत्रीय विधायक एवं लोनिवि राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने भाजपा शासन में देश और प्रदेश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर घर तक पार्टी की जनहित नीतियों को पहुंच. ाकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा व पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने कहा कि संगठन के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के मार्ग पर चलकर भाजपा देश ही नहीं दुनियाभर में तिरंगे झंडे का मान बढ़ा रही है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष विजेंद्र कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. महेंद्र सैनी, जिला महामंत्री डा. पवन सवई, पालिका अध्यक्ष विपिन गर्ग, ब्लाक प्रमुख पति विजय त्यागी, भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता आदि ने भी विचार रखे। विशाल गर्ग, पवन धीमान, नीरज त्यागी, आलोक खटीक, सभासद विपिन त्यागी, राहुल वाल्मीकि, डा. कांता त्यागी, उषा शर्मा, अमरीश त्यागी, राजेश अनेजा आदि भाजपा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# डा. सुधांशु त्रिवेदी ने देवीकुंड आश्रम का भ्रमण कर मंदिर में की पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य डा. सुधांशु त्रिवेदी देवबंद पहुंचे। उन्होंने महाकालेश्वर ज्ञान आश्रम में ब्रह्मलीन स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही स्वामी दीपांकर महाराज से मुलाकात कर उनके द्वारा हिंदू समाज की एकजुटता के लिए चलाए जा रहे अभियानों की प्रशंसा की।





डा. सुधांशु त्रिवेदी ने देवीकुंड स्थित आश्रम के भ्रमण के साथ ही मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने स्वामी दीपांकर महाराज से काफी देर तक आध्यात्मिक और विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उन्होंने स्वामी दीपांकर के भिक्षा यात्रा अभियान की प्रशंसा की और कहा कि समाज में जातिवाद को खत्म करने और हिंदू समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से शुरू किया गया उनका यह अभियान वास्तव में एक अनूठा है। इससे समाज का मार्गदर्शन हुआ है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां आकर बहुत अच्छा लगा और वह इन लम्हों को कभी भुला नहीं पाएंगे। इस मौके पर स्वामी दीपांकर महाराज और उनके शिष्यों ने सुधांशु त्रिवेदी का अभिनंदन किया। इस मौके पर काफी संख्या में साधक शामिल रहे।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा की आयोजित बैठक में संगठन का विस्तार किया गया और नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।



मलखान सिंह चौक पर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा की आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष जयेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में दिनेश सैनी और डॉ. राजेश्वर सैनी समर्थकों संग भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट को छोड़कर संघर्ष मोर्चा में शामिल हुए। इस दौरान संगठन का विस्तार किया गया। इसमें दिनेश सैनी को उप जिला अध्यक्ष, डॉ. राजेश्वर सैनी को जिला सलाहकार, राकेश सिंघल नगर सलाहकार, अभिषेक नगर मंत्री, विपिन कुमार ब्लॉक सचिव, सुशील ब्लॉक मंत्री, गुलफाम अंसारी जिला प्रभारी नियुक्त किए गए। इसके अलावा मोहम्मद कलीम को तहसील प्रभारी, नसीम अहमद नगर उपाध्यक्ष, शाहबाज नगर महासचिव और शमीम को नगर सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ प्रारंभ, संगतों ने की निशान साहिब के चोले की सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खालसा पंथ के साजना दिवस वैसाखी के उत्सव के उपलक्ष्य में निशान साहिब के चोले गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ प्रारंभ हो गए। 14 अप्रैल को बैसाखी का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जाएगा।



गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा में प्रात: काल परमजीत सिंह व गुरजंट सिंह परिवार की ओर से श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ प्रारंभ हुए। इस दौरान श्याम लाल भारती परिवार की ओर से राजपाल सिंह व संगत ने निशान साहिब के चोले की सेवा की। गुरुद्वारा कमेटी के सचिव गुरजोत सिंह सेठी ने बताया कि 14 अप्रैल को श्री अखंड पाठ साहिब के पाठ की समाप्ति के बाद कीर्तन दरबार का आयोजन कर बैसाखी का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान श्याम लाल भारती, अमित भारती, ज्ञानी गुरदयाल सिंह, अमनद. ीप सिंह, बलविंदर सिंह, हर्षप्रीत मनचंदा, अमृत सिंह कपूर, हर्ष नारंग, गिरीश कोहली और चरण सिंह आदि शामिल रहे।


# उपमुख्यमंत्री से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विद्यार्थियों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं पीसीआई मेंम्बर से की भेंट एवं संवाद किया। ज्ञान की गंगा में जब अनुभव की धारा मिलती हैं, तब भविष्य की नई दिशाएं जन्म लेती हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक दृश्य लखनऊ में देखने को मिला, जहां स्कूल ऑफ फार्मेसी, विवेक विश्व. विद्यालय के विद्यार्थियों ने उ.प्र. के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सेंट्रल काउंसिल सदस्य डा. आकाश वेद के साथ गहन एवं सार्थक संवाद किया। विवेक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के 38 विद्यार्थियों का एक दल डा. रिजवान अहमद के नेतृत्व में एवं अन्य फैकल्टी मेम्बर्स डा. छवि वर्मा, अभय प्रताप सिंह एवं सलोनी शर्मा लखनऊ शैक्षिक भ्रमण ले जाया गया।

# एसडी इंजीनियरिंग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस।डी। कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव ने एक बार फिर संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण प्रणाली को प्रमाणित किया। इस अवसर पर मेरठ की प्रतिष्ठित कंपनी जैन क्लीन टेक प्राइवेट लिमिटेड ने संस्थान के विद्यार्थियों को चयनित किया। कॉलेज के प्लेसमेंट सैल द्वारा आयोजित इस ड्राइव में कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 7 विद्यार्थियों का चयन कंपनी द्वारा किया गया। चयनित विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, तकनीकी ज्ञान और साक्षात्कार कौशल के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। इस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कंपनी की ओर से विकास जैन मैनेजर, दीपक कुमार मैनेजर, प्रियंका वर्मा एचआर तथा निशांत सपोर्ट टीम के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली एवं अवसरों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। इसके पश्चात अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया तथा वेतन संबंधी चर्चा की गई।




अंत में कंपनी के मैनेजर ने कॉलेज के छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि हएसडीसीईटी के छात्र अत्यंत बुद्धिमान एवं कौशलयुक्त हैं। इस अवसर पर संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट प्लेसमेंट अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया कि वे अपने कौशल को निखारें और भविष्य के अवसरों के लिए स्वयं को तैयार रखें। संस्थान के निदेशक डॉ। सिद्धार्थ शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, संकाय के मार्गदर्शन एवं संस्थान की सु.ढ़ प्रशिक्षण प्रणाली का परिणाम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में और अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे।

# गुलदार के हमले में बच्ची घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** ग्राम पंचायत कमलापुर में एक आठ वर्षीय बच्ची पर गुलदार ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को ग्रामीणों ने गुलदार के चंगुल से छुड़ाया और तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। यह घटना उस समय हुई जब अल्ताफ की पुत्री सना अपने परिजनों के साथ ग्राम के पास गेहूं के खेत में गेहूं इकट्ठा कर रही थी। गुलदार के हमले के बाद सना की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने चारों तरफ से गुलदार को घेरकर बच्ची को बचाया।

## कव्वाली मुकाबले का शानदार आयोजन

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला खद्दर बाजार में हजरत राहत अली शाह के दरगाह पर बीती रात कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ सपा नेता जिला पंचायत सदस्य इमरान ने किया। मुरादाबाद से आए उमर दराज ने अपने कलाम से हजरत राहत अली शाह को खिराजे अकीदत पेश की। उन्होंने अपना कलाम सुनाते हुए कहा है कि हसीन फूलों में खुशबू उतारने वाले, क्या खूब घड़ी यह प्यार की। फिरदौस आजमी कुद्दूसी ने अपना कलाम सुनाते हुए 'सर अपना झुका सकते नहीं आगे किसी के हम, बड़ी शान से दीवाने नबी के हम, में अमन पसंद हूं मेरे शहर में दंगा रहने दो।' कव्वाल उमर दराज ने कहा 'ना मस्जिद में है मौजूद ना मंदिर में छिपा है जिस दिल में मुहब्बत है उस दिल में खुदा है।' कव्वालों ने रात भर खूब दाद बटोरी। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इमरान भैया ने कहा है कि हमारे देश की खूबसूरती यही है यहां पर सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। यहां की संस्कृति की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। इस मौके पर रिजवान अहमद सिद्दीकी, आसिफ अली, मुजाहिद फारूकी, इमामुद्दीन इदरिसी, अमजद सिद्दीकी, हाफिज कल्लन, मुदसीर आदि मौजूद रहे।

## विशाल भंडारे का आयोजन

**नजीबाबाद।** मूसेपुर मंदिर में आज हवन-पूजन के साथ एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें देर शाम तक आसपास और क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे का आयोजन भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद मेरठ प्रांत के जिलाध्यक्ष आदेश चौधरी और उनके छोटे भाई संजीव द्वारा किया गया। तीनों भाईयों ने बताया कि यह भंडारा उनकी माता राजबा. ला देवी की इच्छा पर आयोजित किया गया था। भंडारे में दूर-दराज से आए गणमान्य व्यक्तियों और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया। हवन के उपरांत तीनों भाइयों ने आर्य सुगन संस्थान में अनाथ बच्चों को भी भोजन कराया। इसके बाद उपस्थित लोगों को भंडारे का प्रसाद वित. रित किया गया।

## पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह का स्वागत

**कासमपुर गढ़ी।** सपा मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री ठाकुर सिद्धार्थ सिंह कई वरिष्ठ सपा नेताओं के साथ यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अतुल शर्मा के ग्राम मुरलीवाला स्थित आवास पर पहुंचे। अपने स्वागत से अभिभूत सिद्धार्थ सिंह सहित सभी सपा नेताओं ने पार्टी के प्रति अतुल शर्मा की लगातार चल रही मेहनत को सराहा। इस मौके पर मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद कुमार, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पवार, चौधरी मेहरबान गुर्जर, विकास यादव, अरविंद दिवाकर, मौहम्मद अरमान गुर्जर आदि सपा नेता मौजूद रहे।

## गांव चलो अभियान में योजनाओं की जानकारी दी

**नांगल सोती।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई। भाजपा के नांगल मंडल अध्यक्ष डा. भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम पूंडरी खुर्द, बरकातपुर, सबलपुर बीतरा, पूंडरी कलां आदि गांव में लाभार्थी जनसंपर्क, सम्मान, धार्मिक स्थलों की सफाई एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया गया।

## विजयपाल सिंह नगराध्यक्ष बने

**धामपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक पंजाबी कॉलोनी स्थित सनातन धर्म सभा शिव मंदिर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता चुनाव अधिकारी एवं पर्यवेक्षक जगदीश चंद्र चौहान की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें समिति के विभिन्न पदों का सर्वसम्मति से आवंटन किया गया। बैठक के दौरान विजयपाल सिंह को नगर अध्यक्ष, राकेश चमोली को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा राजेश सिंह को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए शोभा शर्मा को महिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा श्याम लाल सिंह और सचिन खजान सिंह को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। जबकि वीरेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष और स्वतंत्र कुमार कोऑडिटर नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी जगद. ीश चंद्र चौहान ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य मिलकर वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बैठक में रामस्वरूप सिंह, जगदीश प्रसाद, मनोज कुमार रस्तोगी, रिटायर्ड इंस्पेक्टर धर्मेश कुमार, अनिल कश्यप, राम सिंह सैनी, सुमन, आनंद कुमार, पूर्व सभासद सुनीता नंदा, शिवकुमार, मदनपाल राणा और सुरेश सिंह चौहान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बजरंगबली का गुणगान

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सीमा चौहान के आवास पर श्रीमद् हनुमान भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। 'बालाजी तुम नहीं सुनोगे तो कौन सुनेगा' भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सीमा चौहान, प्रियांशु चौहान, महिमा चौहान, आकांक्षा चौहान, सुहांसी चौहान, समर्थ चौहान आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अग्रवाल श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, राजकुमार प्रजापति, संदीप भारद्वाज, सर्वेश गोस्वामी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

## हाउस कैबिनेट चयन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी की तैयारी के अंतर्गत हाउस कैबिनेट चयन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: कालीन प्रार्थना से हुई। जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम का सुंदर संदर्भ प्रस्तुत किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को हाउस प्रणाली के महत्व एवं उनकी जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

# हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## अभियुक्त के पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हाईवे के निकट चकरोड वृद्ध महिला के शव प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर चंद घंटों के भीतर ही मुठभेड़ के दौरान हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।



गौरतलब है कि शनिवार सुबह जब कुछ महिलाएं खेत पर जा रही थी तो उन्हें हाईवे से लगभग 200 मीटर दूरी पर चकरोड पर एक वृद्धा का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था। शव की शिनाख्त कालागढ़ निवासी 70 वर्षीय कश्मीरी पत्नी रामवीर सिंह के रूप में हुई थी। मृतका के पुत्र रामनिवास ने अपनी मां की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। वहीं थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के विवेचना के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के आधार पर जीशान पुत्र शराफत निवासी नहटौर का नाम प्रकाश में आने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तो आरोपी ने बताया कि उसने लूट के इरादे से महिला को कमाल आईज हॉस्पिटल से लिफ्ट देकर शेरकोट स्थित सिंघाई के पुलिया के निकट लूट का प्रयास किया, लेकिन वृद्धा के विरोध करने पर उसने पत्थर से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी की निशानदेही पर बरामदगी हेतु जब पुलिस टीम आरोपी को साथ लेकर मौके पर पहुंची, तो आरोपी ने छिपाए गए तमंचे से पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षा हेतु पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में आरोपी के पैर में गोली लगी। जिसे गिरफ्तार कर उपचार हेतु भेजा गया। पुलिस ने मौके से मृतका का मोबाइल फोन, दो हजार रुपए, एक अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा व आलाकत्ल पत्थर व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सहित एसआई योगेश कुमार, एसआई मोहित कुमार, मुख्य आरक्षी प्रदीप यादव, संदीप कुमार, यशवीर राठी व अंकुर आदि शामिल रहे।

# ग्राम प्रधान संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने सीएम को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश राज्य की 57694 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। भारत के संविधान के भाग 9 में निहित अनुच्छेद 243 के अंतर्गत पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ द्वारा पिछड़ा वर्ग आयोग गठित किए जाने की कार्यवाही भी अभी अपूर्ण है। राज्य की 485 ग्राम पंचायतों का विलय नगरीय सीमा में हो चुका है, जिसके कारण क्षेत्र पंचायतों के वार्डों के पुनर्गठन की आवश्यकता उत्पन्न हो गई है।

पंचायत में आरक्षण निश्चित किए जाने में भी विलंब होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में 26.5.26 से पूर्व त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव संपन्न कराए जाना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। ज्ञापन देने वालों में मुरादाबाद मंडल के मीडिया प्रभारी डा. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार, उदित सिंह, सुरेश सिंह, कार्मेंद्र सिंह, राहुल सिंह हुड्डा, अंकित कुमार एवं ग्राम प्रधान शमशाद, सरफराज, खड़क सिंह, सुभाष सिंह, मोनिका, जमील अहमद, जफर, अशोक कुमार, नीतीश कुमार, रविंदर सेहरावत, मौहम्मद राशिद, जगदीश कुमार, उमेश कुमार, किरण आर्य, मिथिलेश, रोहिताश सिंह, अमित कुमार, मीना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धान क्रय केंद्रों पर धांधली

**कालागढ़।** धान क्रय केंद्रो पर किसानों की फर्जी आईडी लगाकर सरकारी धन की लूट की जा रही है। जिसकी शिकायत कई बार शासन व प्रशासन से की, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। जिससे प्रतीत होता है कि कई बड़े अधिकारियों की मिलीभगत के चलते किसानों की आईडी पर धन लूटा जा रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार शेरगढ़ निवासी सौरभ शर्मा ने डीएम जसजीत कौर को कई बार शिकायती पत्र भेजकर धान पीसीएफ के क्रय केंद्र सुआवाला पीसीएफ शेरगढ़, कादराबाद पीसीएफ, हरेवली पीसीएफ, शेरकोट पीसीएफ, चांदपुर एसएमआई, नूरपुर एसएमआई, हल्दौर एसएमआई पर सत्र 2025-26 में उक्त केंद्रों के प्रभारियों ने फर्जी किसानों के पंजीकरण कराए तथा धान क्रय किया। उसके बाद इन फर्जी किसानों के आधार पंजीकृत सम्बंधित बैंक खाते में धान खरीद का पैसा भेजा गया है। शिकायती पत्र के साथ सुआवाला केंद्र पर फर्जी तरीके से हुए किसान पंजीकरण सूची भी सम्मलित की गई है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD ZAKIL से बदलकर MOHAMMAD ZAKIR रख लिया है अब भविष्य में मुझे MOHAMMAD ZAKIR नाम से ही जाना जाये।

MOHAMMAD ZAKIR
S/O HAJI ZAHID
ADD-J-450/4 T/F KHIRKI
EXTENSION MALVIYA
NAGAR SOUTH DELHI
PIN 110017

# 40 करोड़ की संपत्ति पर चला बुल्डोजर





**पीड़ित ने दी आत्महत्या की चेतावनी**
**पीड़ित व्यापारी ने अपना वीडियो वायरल कर कई लोगों पर लगाया आरोप, प्रशासन से लगाई मदद की गुहार।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के रेलवे रोड निवासी व्यापारी के पुत्र ने कस्बे के कई व्यक्तियो पर करीब 40 करोड़ रुपये मूल्य की अपनी संपत्ति पर जबरन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने न्यायालय के स्पष्ट स्थगन आदेश (स्टे) को दरकिनार करते हुए जेसीबी मशीन से जमीन पर तोड़फोड़ कर कब्जा कर लिया, जिससे वह और उनका परिवार दहशत में पीड़ित ने आत्महत्या की चेतावनी दी है।कस्बे के रेलवे मार्ग माता मंदिर निवासी दीपक अग्रवाल के पुत्र अजय अग्रवाल ने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया उसकी संपत्ति को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अदालत द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद कस्बे के कई आरोपियों ने कानून की अवहेलना करते हुए सुनियोजित तरीके से भारी मशीनरी के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन को समतल कर कर दिया और कब्जे की नीयत से उसका बिजली का कनेक्शन व दुकान मकान क्षतिग्रस्त कर दिया । पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और मौके से भगा दिया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने के लिए विवश होंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसी स्थिति में उनकी मौत के लिए संबंधित आरोपी ही जिम्मेदार होंगे। गौरतलब है कि यह मामला नया नहीं है। इससे पूर्व पीड़ित के पिता दीपक अग्रवाल भी इन्हीं आरोपियों के खिलाफ आवाज उठा चुके हैं। कई वर्ष पहले उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोग उनके कारोबार में लगातार बाधाएं उत्पन्न कर रहे हैं और उनकी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उस दौरान उन्होंने विरोध स्वरूप अपने मकान पर पलायन के पोस्टर तक चस्पा किए थे, जिससे यह मामला चर्चा का विषय बना था।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि न्यायालय के आदेशों का भी खुलेआम उल्लंघन होने लगेगा तो आम नागरिकों का कानून पर से विश्वास उठ जाएगा। फिलहाल पीड़ित व्यापारी के पुत्र का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# परशुराम जयंती को लेकर मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा द्वारा आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाई जायेगी। शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में हवन यज्ञ और विचार गोष्ठी के साथ विशाल भंडारों का आयोजन होगा।

रविवार को कार्यक्रम आयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि अखिल भारत वर्षीय ब्रहमण महासभा द्वारा आगामी 19 अप्रैल को संस्था द्वारा प्रथम भगवान परशुराम की जयंती मनाई जायेगी। यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह बारातघर में होगा। सवेरे 10 बजे हवन यज्ञ होगा, जिसके बाद दोपहर 12 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीड़ी शर्मा, शिवमोहन शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंडित त्रिभून शर्मा, अंजू अग्रिहोत्रे, लोकेश वत्स, राकेश शर्मा रहेगे। उन्होने सभी समाज के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आहवान किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा, डॉ0 उनेन्द्र शर्मा, पंडित राजकुमार शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, विकास शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रविवार को पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन व क्षेत्रधिकारी हेमंत कुमार के नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान असलम पुत्र सगीर निवासी ग्राम मण्डावर, थाना कैराना के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार त्यागी, हेड कांस्टेबल ज्योति प्रकाश और हेड कांस्टेबल राहुल शामिल रहे। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में मंजीत ने जीता गोल्ड

**नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल महिला शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में भारत की टीम ने जीता गोल्ड ।**
**नगर निवासी गौरव की धर्मपत्नी भी रही विजेता टीम की सदस्य।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के मोहल्ला रेत्ती निवासी गौरव की धर्मपत्नी मनजीत कुमारी ने महिला शूटिंग बाल इंटरनेशनल प्रतियोगिता नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। भारतीय महिला टीम की कप्तान मोनिका के नेतृत्व में यह ऐतिहा. सिक जीत हासिल की।मनजीत कुमारी की यह सफलता सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और मेहनत की मिसाल है। परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्होंने खेल के प्रति अपने जुनून को जिंदा रखा और आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का परचम लहराया।मनजीत ने बताया कि कई वर्षो से वह इस खेल से जुड़ी हुई हैं। करीब 4 साल पहले उनकी शादी थाना भवन निवासी गौरव से हुई थी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने ससुराल वालों और खासतौर पर अपने पति को दिया जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया। गौरव एक प्राइवेट नौकरी करते हैं लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मनजीत के सपनों को पूरा करने में कोई कमी नहीं छोड़ी। नेपाल के काठमांडू में 7 से 9 अप्रैल तक आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 12 महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमें भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। मनजीत की इस उपलब्धि पर थाना भवन में खुशी की लहर है ।





उनके आवास पर पहुंचकर विधायक प्रतिनिधि अभिषेक राणा, पूर्व ब्लाक प्रमुख शेर सिंह राणा, सभासद अनिल कुमार,जय भगवान सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। सभी ने इस उपलब्धि को बेटियों के लिए प्रेरणा बताते हुए कहा कि ऐसे जज्बे से खेल के क्षेत्र में लड़कियों को नया आत्मविश्वास मिलेगा। मनजीत कुमारी आज न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात हैं।

## गैर जमानती आरोपी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र में लंबित गैर जमानती वारंट मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए दो वारंटियों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना भवन प्रभारी निरीक्षक विज. ेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में गुलबहार पुत्र शब्बीर निवासी गांव मसाबी व मैनपाल पुत्र वुगला गांव दोनों अभियुक्त थाना थाना भवन क्षेत्र के निवासी हैं। न्यायालय से निर्गत वारंट अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है स उन्होंने स्पष्ट कहा कि लंबित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का अभियान जारी रहेगा । दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का समापन, 150 पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# जागरण महोत्सव व भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में श्री जय हनुमान सेवा मंडल द्वारा 22वां विशाल श्री हनुमान जागरण महोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आये प्रसिद्ध भजन गायकों ने श्री हनुमान के भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।

शनिवार देर रात शहर के माजरा रोड स्थित शौर्य पैलेसे में आयोजित 22वे विशाल हनुमान जागरण महोत्सव का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल पत्नी मीनू संगल द्वारा संयुक्त रूप से द्वीर प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान बिजनौर से आई भजन गायिका आकांक्षा मित्तल, उडीसा से आई सभांगी सोनी, दिल्ली से गौरव हनी ने सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान श्री हनुमान का आलौकिक श्रृंगार किया गया। अखंड ज्योत और छप्पन भोग लगाया गया। हनुमान सेवा मंडल के संयोजक पवन गोयल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक माह 18 परिवारों को राशन वितरण किया जाता है और सभी के सहयोग से अब तक 343 कन्याओं का विवाह किया जा चुका है। जागरण के बाद महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया।



मौके पर विपिन गोयल, योगेश तायल, खुशीराम अरोरा, शोभित बंसल, रजत गोयल, अशोक कोरियर, देवांश गोयल, तरूण, मयंक गोयल, संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

## अंतिम यात्रा सेवा समूह के तत्वावधान में 11 अज्ञात शवों की अस्थियां हरिद्वार रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को अंतिम यात्र सेवा समूह एवं जय हिंद सामाजिक संस्था के तत्वावधान मे 11 अज्ञात शवों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर उनकी अस्थियां हरिद्वार विसर्जन के लिए रवाना की गईं।

रविवार सुबह 7 बजे शहर के धीमानपुरा स्थित मुक्तिधाम श्मशान घाट के निकट से अस्थि कलश हरिद्वार ले जाए गए। इस दौरान पंडित सचिन शर्मा ने मंत्रेच्चारण के साथ धार्मिक विधियां संपन्न कराईं। पदाधिकारी सभासद निशीकांत संगल ने बताया कि संस्था द्वारा कोरोना काल से लावारिश शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। तब से लेकर अब तक करीब 289 शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि लावारिस एवं अज्ञात शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर उनकी अस्थियों का विसर्जन कराना एक मानवीय सेवा है, जिसे संस्था लगातार निभा रही है। इस पुण्य कार्य में निशिकांत संगल, पंकज गुप्ता, राहुल तायल, महेश गोयल, अमित गुप्ता, कमल कांत धीमान, वाशु धीमान, मनीष नामदेव, दीपक कुमार, साजिद, विजय इंसा, तुषार सिंह, अंशुल उपाध्याय, आशीष कुमार व वैभव कुमार मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल महाअभियान का दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** आर्य समाज मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत आयोजित दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण का समापन रविवार को राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्रशिक्षण में 150 पदाधिकारियों ने पंजीकरण कर भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान पहले सत्र में दामोदर सैनी ने संगठन की कार्यप्रणाली और विचारधारा पर प्रकाश डाला, जबकि दूसरे सत्र में दिवाकर कश्यप ने विस्तार से मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा बंटी चौधरी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ने भी सत्र को संबो. धित किया।

दूसरे दिन के प्रशिक्षण के प्रमुख पूर्व सभासद शिवकुमार सैनी रहे। मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी के नेतृत्व में प्रशिक्षण का भव्य आयोजन किया गया। पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने अपने संबोधन में पार्टी की नीतियों व योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शामली जिला निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है और चल रही योजनाओं का लाभ जल्द ही क्षेत्रवासियों को मिलेगा। इस अवसर पर अर्जुन पंडित, जस्मीत कौर, नीलम नामदेव, सुनीता कुमारी, मोनू तोमर, नवनीत गलिया, मयंक चौधरी, अश्विनी शर्मा, फूल कुमार प्रधान, सज्जन कुमार बावरिया, अक्षय चौहान, निशांत चौहान सहित अनेक पदा. धिकारी उपस्थित रहे।



## बच्चों के विवाद मे महिलाओं में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव किवाना में बच्चों के बीच हुई कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।देखते ही देखते दो महिलाओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।रविवार को गांव किवाना निवासी रेशमा पत्नी कामिल ने बताया कि पड़ोस की महिला उसके परिवार के एक बच्चे के साथ मारपीट कर रही थी। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी महिला ने उस पर भी हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके कान पर गंभीर चोट लगी, जिससे उसका कान फट गया।घायल महिला के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए भर्ती कराया। उसके बाद महिला ने अपने परि. जनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वा. सन दिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

# संतोष आनंद ट्रस्ट ने लगाया कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अग्रवाल धर्मशाला में स्व. संतोष आनंद की पुण्यतिथि पर संतोष आनंद जनकल्याण ट्रस्ट थानाभवन मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच कराई गई। जिसमें चिकित्सकों ने जांच कर मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया।

रविवार को नगर की अग्रवाल धर्मशाला में संतोष आनंद जनकल्याण ट्रस्ट थानाभवन के सौजन्य से स्वर्गीय संतोष अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मेदांता हॉस्पिटल के सहयोग से अग्रवाल धर्मशाला में एक निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बीपी, शुगर, हड्डियों में कैल्शियम, फेफड़ों तथा ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें की गईं। कैंप में लगभग 150 मरीजों की जांच की गई। जिसमे डॉ. अरुण गिरी द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श भी दिया गया। इस सेवा कार्य में सुमित, नितिश, रवीश, हरगोविंद शर्मा, अंजलि एवं निशा की टीम ने सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम में हर्ष जिंदल, रुबी जिंदल, सीमा गोयल, रजत गोयल, वंशिका, सिद्धि एवं गौरी जिंदल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस प्रकार का जनसेवा से जुड़ा आयोजन समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## लोक स्वास्थ्य सेवा समिति ने लगाया नेत्र जांच कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लोक स्वास्थ्य सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर 98वां निशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री मानस संगल एवं अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि मानस संगल ने कहा कि जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराना अत्यंत पुनीत कार्य है, जिससे लोगों को सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे समा. जसेवा के कार्यों में सहयोग करते रहेंगे।शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अब्दुल बासित द्वारा 103 लोगों की कंप्यूटराइज्ड जांच की गई, जिनमें से 92 जरूरतमंदों को चश्मे के लिए चयनित किया गया। चयनित लाभार्थियों को अतिथियों द्वारा चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, डॉ. पंकज गोयल, प्रवीण कुमार शर्मा, अमित मित्तल, पवन संगल, सचिन गौतम, रवि संगल, नाबील, अंकित, नरेंद्र, मोनू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# इकरामपुरा में सांसों पर संकट, जनता परेशान

**☐ एनसीआर के सख्त नियम भी बेअसर, धूल-धुएं से बेहाल लोग, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सख्त नियम लागू होने के बावजूद कैराना के मोहल्ला इकरामपुरा में आबादी के बीच संचालित ईंट भट्टा खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहा है। भठे की चिमनी से निकलता जहरीला धुआं और धूलभरी हवाओं के साथ फैलता प्रदूषण स्थानीय लोगों की सेहत पर गंभीर खतरा बन चुका है।

मौहल्लेवासियों का कहना है कि दिन-रात चलने वाले इस भट्टे से निकलने वाली राख और महीन धूल पूरे क्षेत्र में फैल जाती है। तेज हवा चलने पर हालात और बिगड़ जाते हैं, धूल घरों के अंदर तक पहुंच जाती है, जिससे खाना, पानी और दैनिक जीवन तक प्रभावित हो रहा है। लोग मजबूर होकर दरवाजे-खिड़कियां बंद रखने को विवश हैं।एनसीआर में ईंट भठों के संचालन के लिए पर्यावरण से जुड़े कई सख्त मानक तय हैं। नियमानुसार भट्टा आबादी से पर्याप्त दूरी पर होना चाहिए, साथ ही (जिग-जैग तकनीक) का उपयोग, ऊंची चिमनी, धूल नियंत्रण और प्रदूषण मानकों का पालन अनिवार्य है। इसके अलावा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से वैध अनुमति आवश्यक होती है। वायु गुणवत्ता मानकों पीएम10 और पीएम2.5 का पालन जरूरी है। इस सबके बावजूद मोहल्ला इकरामपुरा में संचालित भट्टे में इन नियमों की खुलेआम अनदेखी किए जाने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्चों और बुजुर्गों में खांसी, दमा, सांस फूलना और आंखों में जलन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कई लोगों ने बताया कि रात के समय भी भठे की चिमनी से धुआं निकलता रहता है, जिससे प्रदूषण का स्तर और बढ़ जाता है। मोहल्लावासियों का आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आबादी के बीच संचालित इस भटटे को तत्काल बंद कराया जाए या इसे निर्धारित मानकों के अनुसार आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए।



साथ ही, जिम्मेदार अधिका. रियों की जवाबदेही भी तय की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के दावों के बीच क्या आम जनता को ऐसे ही जहरीली हवा में जीने के लिए छोड़ दिया जाएगा, या फिर प्रशासन इस मामले में सख्त कदम उठाएगा।

## कच्ची शराब के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम एवं अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्रधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रक्षक सतीश कुमार व पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शराब तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया,पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान नदीम पुत्र राशिद निवासी मोहल्ला गुजरान, के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। आरोपी पर पूर्व मे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर दिया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल नितिन राणा और कांस्टेबल राजीव कुमार शामिल रहे।

# गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हराया

**लखनऊ, वार्ता।** प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) के बाद कप्तान शुभमन गिल (56) और जॉस बटलर (60) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 19वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को आठ गेंदे शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी।

165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 45 रन जोड़े। छठें ओवर की पहली गेंद पर दिग्वेश राठी ने साई सुदर्शन को आउट कर लखनऊ सुपर जायंट्स को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जॉस बटलर ने शुभमन गिल के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 15वें ओवर में लप्रस यादव ने शुभमन गिल को आउटकर पवेलियन भेज दिया। शुभमन गिल ने 40 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। 16वें ओवर में मोहम्मद शमी ने जॉस बटलर को आउट किया। जॉस बटलर ने 37 गेंदों में 11 चौके लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली।



गुजरात टाइटंस ने 18-4 ओवरों में तीन विकेट पर 165 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम किया। वॉलशगटन सुंदर ने 13 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 21 रनों की पारी खेली। राहुल तेवतिया ने नाबाद 10 रन बनाए। इससे पहले आज यहां एडन मारक्रम (30), कप्तान ;षभ पंत (18), निकोलस पूरन (19) और अब्दुल समद (18) के योगदान लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटंस के खिलफ आठ विकेट पर 164 रन बनाये। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर लखनऊ सुपर जायंट्स को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के गें. दबाजी आक्रमण के आगे संघर्ष करते नजर आये। लखनऊ का पहला विकेट 14 के स्कोर पर मिचेल मार्श के रूप में गिरा। उन्हें कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। मार्श ने चार गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए 11 रन बनाये। पांचवें ओवर में मोहम्मद सिराज ने ऋषभ पंत का शिकार कर लिया। ऋषभ पंत ने 11 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 18 रन बनाए।

## पोलार्ड आईपीएल के इम्पैक्ट प्लेयर नियम के खिलाफ आवाज में शामिल हुए

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम के बढ़ते विरोध को एक नई आवाज मिली है। मुंबई इंडियंस के बैटिंग कोच कीरोन पोलार्ड ने बिना किसी लाग-लपेट के कहा, ष्अगर आप मुझसे पर्सनली पूछें कि मुझे यह पसंद है या नहीं, तो मैं सीधे कह सकता हूं: मैं इसका फैन नहीं हूं। मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर, जो 2010 सीजन से अलग-अलग भूमिकाओं में आईपीएल से जुड़े रहे हैं,

को लगा कि इम्पैक्ट प्लेयर ऑप्शन ऑलराउंडरों की स्किल्स का कम इस्तेमाल करता है, जिसका असर इंटरनेशनल टीमों पर पड़ सकता है। इससे छुटकारा पाने की बात करें तो, यह मेरे बस की बात नहीं है। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, इसने टी20 क्रिकेट में स्कोर जरूर बढ़ाया है। क्या इंटरनेशनल क्रिकेट में भी इसका वैसा ही असर हुआ है? मैंने सच में इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया है, क्योंकि यह एक अलग डायनामिक है - अगर आप लीग गेम में कुछ विकेट खो देते हैं, तो भी आपके पास मजबूत होने का मौका होता है। इसलिए, जो लोग सत्ता में हैं, उन्हें यह देखना होगा कि क्या यह असल में खेल के लिए अच्छा है, टेलीविजन के लिए अच्छा है, या सिर्फ लोगों के लिए फायदेमंद है। इम्पैक्ट प्लेयर रूल के साथ, कुछ स्किल सेट ऐसे हैं जिनका इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरी तरह से इस्तेमाल नहीं हो सकता है। उम्मीद है, वे रिव्यू करेंगे कि क्या यह सच में फायदेमंद है। अगर नहीं - और अगर नियम बने रहते हैं - तो आपको बस इसे जारी रखना होगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी, शुभमन गिल और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों ने अलग-अलग मौकों पर इस नियम की आलोचना की है। अक्षर ने सीजन शुरू होने से पहले कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं एक ऑल-राउंडर हूं। पहले, आप बैटिंग और बॉलिग के लिए एक ऑलराउंडर चुनते थे। इस नियम की वजह से, टीम मैनेजमेंट किसी खास बैट्समैन या बॉलर को चुनता है, यह सोचकर कि 'हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है? गिल भी उतने ही क्रिटिकल थे। पर्सनली मेरे लिए, मुझे नहीं लगता कि कोई इम्पैक्ट प्लेयर होना चाहिए। आम तौर पर क्रिकेट 11 प्लेयर्स का गेम है, एक एक्स्ट्रा बैट्समैन जोड़ने से, मुझे लगता है कि गेम से स्किल खत्म हो जाती है। उस एक एक्स्ट्रा प्लेयर के साथ, यह गेम को और भी वन-डाइमेंशनल बना रहा है। गुजरात टाइटन्स के कप्तान ने हाल ही में कहा कि मुश्किल विकेट पर 180 या 160 रन का पीछा करना मेरे लिए सपाट ट्रैक पर 220 रन का पीछा करने से ज्यादा रोमांचक है। इम्पैक्ट प्लेयर नियम 2023 से लागू है।

### खेल विशेष

#### भारत मेजबान केन्या से 2-0 से हारा

**नैरोबी, वार्ता।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने शनिवार को नैरोबी के न्यायो नेशनल स्टेडियम में मेजबान केन्या के खिलाफ 2-0 से हार के साथ अपने फीफा सीरीज 2026 अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 134वीं नम्बर की टीम केन्या के लिए मार्था एमेडोट (2) और टेरेजा ओबुन्या (55) ने गोल किए, जबकि फीफा रैंकिंग में 67वें नम्बर पर मौजूद भारत स्कोर करने में नाकाम रहा। फीफा सीरीज को इंटर-कॉन्फेडरेशन मैच-अप के जरिए इंटरनेशनल एक्सपोजर देने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे टीमों को पारंपरिक टूर्नामेंट के बाहर कीमती कॉम्पिटिटिव मिनट मिलते हैं। टूर्नामेंट में सिर्फ चार टीमें हिस्सा ले रही हैं - जिसकी शुरुआत सेमीफाइनल से होगी। इससे पहले दिन में, ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेमीफाइनल में मलावी को 5-0 से हराया था। इसके चलते, भारत बुधवार को तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलावी से भिड़ेगा।

#### मिरांडा, हंसराज और स्टनर्स जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट के छठे दिन मिरांडा हाउस, हंसराज कॉलेज और स्टनर्स एकेडमी ने आसान जीत हासिल की। इस टूर्नामेंट का आयोजन श्री गुरु तेग बहादुर कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। महिला वर्ग में, मिरांडा हाउस ने हंसराज कॉलेज को 53-18 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिरांडा हाउस की दीक्षिता को दिया गया। पुरुष वर्ग के मैचों में, हंसराज कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 63-38 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हंसराज कॉलेज के सार्थक को दिया गया। एक अन्य मैच में, स्टनर्स एकेडमी ने खालसा एलुमनी को 105-87 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार स्टनर्स एकेडमी के जयंत कादयान को दिया गया।

#### फाइनल में थमा आयुष का स्वप्निल सफर

**निगबो (चीन), वार्ता।** दुनिया के दूसरे नम्बर के पुरुष सिगल्स खिलाड़ी शि यू की ने यहां खेली जा रही बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप 2026 के फाइनल में रविवार को 'जायंट किलर' आयुष शेट्टी की जीत का सिलसिला रोक दिया। चीनी खिलाड़ी ने 20 साल के रूकी पर 21-8, 21-10 से शानदार जीत दर्ज की। 2025 पेरिस वर्ल्ड चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट यूकी ने शुरू से ही मैच पर कंट्रोल कर लिया, उन्होंने पहला गेम 21-8 के स्कोर के साथ शानदार अंदाज में जीता। तीन बार के ऑल इंग्लैंड ओपन चैंपियन ने अपने स्मैश अच्छे से लगाए, जिससे आयुष की डिफेंसिव कमजोरी सामने आ गई और उन्हें नेट्स पर आने से रोक दिया। आयुष ने गेम 2 में अच्छी शुरुआत की, 6-2 की बढ़त बनाई, दूसरे गेम के ब्रेक पर स्कोर यू की के पक्ष में 11-8 था। इसके बाद सब यू की ही रहा क्योंकि दुनिया के 25वें नम्बर के आयुष के पास यूकी के शॉट्स का कोई जवाब नहीं था।

## रुतुराज गायकवाड़ पर 12 लाख रुपये का जुर्माना



**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है

क्योंकि उनकी टीम ने चेन्नई के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नम्बर 18 के दौरान धीमा ओवर-रेट बनाए रखा। आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, जो मिनिमम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए गायकवाड़ पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## पॉवरप्ले तय करेगा राजस्थान और हैदराबाद मुकाबले का फैसला

**हैदराबाद, वार्ता।** कुछ मैच टॉस से शुरू होते हैं, और फिर कुछ मैच बल्ले की पहली झलक से शुरू होते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच यह मैच पूरी तरह से दूसरी कैटेगरी में आता है। यह उतना क्रिकेट मैच नहीं है, जितना कि चार बाएं हाथ के खिलाड़ियों का मिलन है, जो मानते हैं कि संयम एक तरह की कमजोरी है।



सनराइजर्स हैदराबाद अपने होम ग्राउंड पर पूरे कॉन्फिडेंस के साथ उतरेगी, जैसे उसने अपनी बैटिंग लाइनअप के बारे में बहुत सारी अच्छी बातें पढ़ी हों। ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा, उनकी ओपनिग जोड़ी, उतने बैट्समैन नहीं हैं, जितने कि सब्र के खिलाफ तर्क हैं। जब वे कनेक्ट करते हैं, तो बॉल आगे नहीं बढ़ती, वह निकल जाती है। पिच पर राजस्थान रॉयल्स खड़ी है, जो बिना हारे है और इस सीजन में बाकी सभी की परेशानियों से थोड़ी खुश है। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी, उनकी ओप. निग कॉम्बिनेशन, स्कूली बच्चों जैसे दिखते हैं, जिन्होंने पाया है कि मैथ का हल छक्कों से निकाला जा सकता है। दोनों ने मिलकर पावर प्ले को पब्लिक डेमोंस्ट्रेशन में बदल दिया है। इसीलिए मैच को, मॉडर्न क्रिकेट की बेसब्र भाषा में, 'एक्सप्लोसिव लेफ्ट-हैंड ओपनर्स की लड़ाई' बना दिया गया है। यह एक विनम्र कहावत है, खासकर उन चार लोगों के लिए जो ड्रिक्स ब्रेक से पहले फिजिक्स के नियमों को फिर से लिखने की कोशिश कर रहे हैं। एसआरएच, अपने सभी पटाखों के बावजूद, एक अजीब कंट्रोवर्सी बनी हुई है। वे 200 रन उतनी ही आसानी से बना सकते हैं, जितनी आसानी से कोई चाय ऑर्डर करता है, और फिर भी इसका बचाव ऐसे करते हैं।

## ज्योति सुरेखा के नेतृत्व वाली भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**पुएब्ला मेक्सिको, वार्ता।** अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और प्रगति वाली भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने तीरंदाजी विश्व कप 2026 के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को आयोजित मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय तीरंदाजी टीम ने फाइनल में अमेरिका की पेज पियर्स, ओ. लिविया डीन और एलेक्सिस रुइज को 233-232 से हराया।

दूसरे सेट के अंत में भारत 117-114 से पीछे था, और अगले सेट में उसने इस अंतर को घटाकर एक अंक (174-173) कर दिया। चार 'ग' और दो '10' अंकों की बदौलत, भारतीय टीम ने चौथे और अंतिम सेट में पिछड़ने के अंतर को पाटते हुए, 2026 तीरंदाजी विश्व कप के सीजन-ओपनिग चरण में देश का एकमात्र पदक हासिल किया।



तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम इस मुकाबले में एक शानदार विरासत के साथ उतरी थी, क्योंकि उसकी तीनों तीरंदाजों ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में पदक जीते थे। इससे पहले, विश्व की नम्बर 3 तीरंदाज ज्योति सुरेखा, 2025 शंघाई विश्व कप की स्वर्ण पदक विजेता मधुरा धामनगांवकर और 22 वर्षीय प्रगति ने डेनमार्क पर 235-234 की जीत के बाद, सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त तुर्की को 233-230 से हराया था। क्वालीफिकेशन राउंड में कुल 2074 अंकों के साथ शीर्ष पर रहने के कारण, भारत को शुरुआती राउंड में 'बाई' (सीधा प्रवेश) मिला। क्वालीफिकेशन में प्रगति भारत की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली तीरंदाज रहीं, उन्होंने 694 अंक बनाकर 54 तीरंदाजों के समूह में कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया। मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा 691 अंकों के साथ 10वें स्थान पर रहीं, जबकि मधुरा धामनगांवकर 689 अंकों के साथ 15वें स्थान पर रहीं। भारत कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक से चूक गया। जिसमें ओजस देवताले और प्रगति की जोड़ी कांस्य पदक के मुकाबले में अमेरिका की एलेक्सिस रुइज और स्टीफन हैनसेन से 155-154 से हार गई। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में, ज्योति भारत की सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली तीरंदाज रहीं। उन्होंने मौजूदा विश्व चैंपियन और नम्बर 1 खिलाड़ी, मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराया।

## मांडविया ने 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' के 69वें संस्करण की अगुवाई की

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने आज नागरिकों से 'फिट इंडिया आंदोलन' में शामिल होने और एक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सक्रिय जीवनशैली अपनाने का आग्रह करते हुए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' के 69वें संस्करण का नेतृत्व किया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने कहा कि संडे ऑन साइकिल' अब एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी से प्रेरित होकर, देश के युवा फिटनेस के प्रति अधिक जागरूक हुए हैं। एक स्वस्थ नागरिक एक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है, और एक स्वस्थ समाज एक राष्ट्र को विक. सित बनाता है।

मैं प्रत्येक नागरिक से, विशेष रूप से इस देश के युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे 'संडे ऑन साइकिल' आंदोलन में शामिल हों और 'फिट इंडिया' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। डा. मांडविया ने 'फिट इंडिया एप' के माध्यम से फिटनेस के साथ-साथ स्थिरता (सस्टेनेबिलिटी) को जोड़ने पर भी जोर दिया, यह एप नागरिकों को साइकिल चलाकर 'कार्बन क्रेडिट' अर्जित करने का अवसर प्रदान करता है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण-अनुकूल आवागमन को बढ़ावा देना और साथ ही स्वस्थ जीवनशैली को पुरस्कृत करना है।

अर्जित किए गए 'कार्बन क्रेडिट' का उपयोग उत्पाद खरी. दने के लिए किया जा सकता है, और जल्द ही साइकिलिग लीडरबोर्ड पर शीर्ष पर रहने वालों को भौतिक पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान तेज संगीत, तालबद्ध जुम्बा अभ्यास, विभिन्न गतिविधि क्षेत्रों में बिछे योग मैट और साइकिलों की कतारों के साथ, यह आयोजन स्थल सुबह-सुबह ही एक जीवंत फिटनेस अखाड़े में तब्दील हो गया। यहां योग प्रदर्शन, रस्साकशी प्रतियोगिताएं, रस्सी कूदने की गतिविधियां, मनोरंजक खेल क्षेत्र, फोटो बूथ और फिटनेस से जुड़ी विभिन्न संवादात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागी,जिनमें मशहूर हस्तियां, छात्र, पेशेवर, एथलीट और परिवार शामिल थे, बड़ी संख्या में यहां एकत्रित हुए। कॉमनवेल्थ गेम्स 2014 की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज पिकी जांगड़ा को भी सम्मानित किया गया। उनके साथ फिटनेस इन्फ्लुएंसर दिनेश शेट्टी द्धएक मुए थाई मार्शल आर्टिस्ट और 'इंडियाज अल्टीमेट वॉरियर' के विजेताऋ और सामाजिक कार्यकर्ता सोनिया सिसोदिया को भी सम्मानित किया गया। 'राहगीरी फाउंडेशन' द्वारा 'स्टेट यूथ लीडस' की थीम पर एक 'नुक्कड़ नाटक' का भी आयोजन किया गया।

## डा. मनसुख मांडविया ने संग्राम सिंह को सौंपी एक बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने फिट इंडिया मूवमेंट के फिटनेस आइकन और एमएमए की दुनिया में इतिहास रचने वाले संग्राम सिंह का ब्यूनस आयर्स में योग और प्राणायाम का प्रचार करने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

इसके अलावा भी वह कई मंचों से कह चुके हैं कि योग और प्राणायाम को दुनिया भर में घर-घर तक पहुंचाना प्रधानमंत्री का सपना है और वह खेलों को निचले स्तर पर ऊपर उठाना चाहते हैं जिससे भारत खेलों में एक शक्ति के तौर पर उभरकर सामने आए। डा. मनसुख मांडविया का कहना है कि प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए अगर खेल मंत्रालय की किसी भी योजना के तहत संग्राम सिंह युवाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें प्रेरित करने के लिए अगर आगे आते हैं तो उन्हें खेल मंत्रालय की तरफ से पूरा सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने ऐसे कामों के लिए उन्हें हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। डा. मांडविया का मानना है कि खिलाड़ियों को किसी भी स्थिति में अनुशासन के साथ समझौता नहीं करना चाहिए। उन्हें समय पर खाने और समय पर सोने के नियम के साथ ही अपने डेली रूटीन कार्यक्रम का कड़ाई से पालन करना चाहिए। ए सब बातें खिलाड़ी को विश्व स्तर का बनाने की दिशा में पहला कदम होना चाहिए। उन्हें खुशी है कि खिलाड़ियों ने इन मूलभूत नियमों का पालन किया, उसके अच्छे परिणाम भी देखने को मिले हैं। डा. मांडविया ने अपने ए उद्गार यहां खेल मंत्रालय के फिटनेस आइकन संग्राम सिंह को व्यक्त किए। दोहरे कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैम्पियन संग्राम सिंह अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में अपनी तीसरी एमएमए फाइट जीतने के बाद स्वदेश लौटे हैं। शुक्रवार को भारतीय खेल प्राधिकरण के उप-महानिदेशक मंयक श्रीवास्तव ने नेहरू स्टेडियम में उन्हें सम्मानित किया। शनिवार को डा. मांडविया संग्राम सिंह के अर्जेंटीना में योग और प्राणायम का संदेश देने से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी आपसे बहुत कुछ सीखती है। उन्हें आप ज्यादा से ज्यादा अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने और तय कार्यक्रम को अपनाने का संदेश दें। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि राजनीति में तमाम तरह की व्यस्तताओं और उठापटक के बीच इन नियमों का पालन करना बड़ी चुनौती बन जाते हैं लेकिन वह दिनचर्या संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन करने की पूरी को. शिश करते हैं।

## नम्बर एक पोजिशन के लिए भिड़ेंगे अल्काराज व सिनर

**मोंटे कार्लो, वार्ता।** डिफेंडिग चैंपियन कार्लोस अल्काराज मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में जानिक सिनर से भिड़ेंगे, जिसमें जीतने वाला दुनिया का नम्बर एक खिलाड़ी बन जाएगा। दोनों शनिवार के सेमीफाइनल में सीधे सेटों में जीते, जिसमें सिनर ने तीसरे सीड अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-1, 6-4 से हराया और अल्काराज ने घरेलू पसंदीदा वैलेंटीन वैचेरोट का सिलसिला 6-4, 6-4 से खत्म किया। टूर्नामेंट के दूसरे सीड और दुनिया के दूसरे नम्बर के खिलाड़ी सिनर, 2015 में नोवाक जोको. विच के बाद एक सीजन में पहले तीन मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं,

वे पहले ही इंडियन वेल्स और मियामी में जीत चुके हैं। 24 साल के सिनर मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 21 मैच जीत रहे हैं और ज्वेरेव के खिलाफ शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने अपने



चारों ब्रेक चांस को भुनाया और कभी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं किया क्योंकि उन्होंने 82 मिनट में जीत हासिल की। ज्वेरेव के खिलाफ लगातार आठवीं टूर-लेवल जीत पूरी करने वाले सिनर ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। हम यहां (क्ले पर) खुद को कुछ फीडबैक देने की कोशिश में आए थे और अब फाइनल में पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।जब आप सीधे ब्रेक अप करते हैं, तो यह मैच का डायनामिक बदल देता है। मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं है। यहां आकर फाइनल में पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है, इसलिए बेशक मैं कल आखिरी दिन जितना हो सके उतना जोर लगाने की कोशिश करूंगा, दुनिया के नम्बर एक अल्काराज ने सिनर के साथ मैचों में 10-6 की बढ़त बना ली है, जिनसे वह पिछले नवम्बर में एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैच में इटैलियन की सीधे सेटों में जीत के बाद पहली बार मिलेंगे। स्पेन के टॉप सीड खिलाड़ी 84 मिनट में फाइनल में पहुंचे, उन्होंने वैलेंटीन वैचेरोट के खिलाफ चार में से तीन ब्रेक पॉइंट्स को कन्वर्ट किया, जो मोंटे कार्लो में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले मोनाको के रहने वाले बने। अल्काराज ने कहा कि मुझे लगता है कि यह हर किसी के लिए ड्रीम स्पॉट है।

मैं दूसरे मोंटे कार्लो टाइटल के लिए लड़ रहा हूं, वह अपने पहले टाइटल के लिए लड़ रहा है। नम्बर एक दांव पर है, जो कल के मैच को और भी खास बना देगा। मैं वैलेंटिन के खिलाफ यह बहुत मुश्किल मैच जीतकर बहुत खुश हूं। वह अभी अपने होम टाउन में बहुत कॉन्फिडेंस के साथ शानदार टेनिस खेल रहा है। जीतना वाकई मुश्किल था, लेकिन मैं 2026 में जानिक के साथ अपनी पहली मुलाकात को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

# सम्पादकीय

सोमवार, 13 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## अभी शांति दूर

शनिवार को पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में 21 घंटे चली ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष विराम को लेकर दोनों देशों प्रतिनिधिमंडलों की बैठक बेनतीजा समाप्त हुई। निश्चित रूप से यह दुनिया के लिए कोई अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि दोनों देशों के बीच चला संघर्ष पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी शर्तों को लेकर अड़े रहे। कोई भी पीछे हटने को तैयार नहीं था। रविवार को अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स ने कहा भी कि वह बहुत उम्मीद लेकर इस्लामाबाद गए थे, लेकिन ईरानी प्रतिनिधिमंडल अपनी जिद पर अड़ा था। वह न्यूक्लियर पर जरा भी पीछे हटने को तैयार नहीं है, जबकि अमेरिका का नजरिया बिल्कुल साफ है कि वह किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु संपन्न देश नहीं बनने देगा। होर्मुज भी बातचीत के फेल होने का बड़ा कारण बना। ईरान उस पर अपना दावा छोड़ने को तैयार नहीं है, जबकि अमेरिका चाहता है कि होर्मुज को अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार पूरी तरह खुला छोड़ना चाहिए। यूं तो दोनों ही तरफ से अपनी-अपनी शर्तें थी, जहां ईरान ने अपनी दस मांगों का एजेंडा सामने रखा, तो वहीं अमेरिका ने भी अपनी 15 मांगें ईरान के सामने रखीं, उनमें कुछ मांगें ऐसी हैं जो वास्तव में दोनों पक्षों के लिए स्वीकार करना बेहद कठिन है, क्योंकि ईरान जहां होर्मुज पर अपने कंट्रोल, अपने मिसाइल प्रोग्राम और उसकी प्रॉक्सी की सहायता से जरा भी पीछे हटने को तैयार नहीं है, तो वहीं अमेरिका की यह पहली शर्त है। ईरानी डेलिगेशन ने वार्ता के बाद कहा कि इस बैठक में सबसे बड़ी कमी भरोसे की दिखाई दी। वह अमेरिका पर भरोसा करने के लिए तैयार नहीं है। ईरान के लोकसभा स्पीकर गालिबाफ व विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा भी कि अमेरिका उनसे बातचीत में वह चाहता है, जो युद्ध में हासिल नहीं कर सका और इस समय सबसे बड़ी समस्या भरोसे की है। अमेरिका का अब तक जिस तरह का आचरण रहा है, उस पर भरोसा किया भी नहीं जा सकता। ईरान की बात गलत भी नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति जेडी वेन्स जिनके नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आया था, जिसमें स्टीव विटकॉफ व जेरेड कुशलर जैसे नाम शामिल थे, कहा है कि हम ईरान का किसी भी कीमत पर होर्मुज पर कंट्रोल नहीं होने देंगे और न ही परमाणु बम बनाने देंगे और ट्रम्प की नीति को ही आगे बढ़ाएंगे। इससे साफ है कि दोनों पक्ष अपने अड़ियल दृष्टिकोण पर खड़े हैं। ऐसे में यह साफ हो जाता है कि किसी भी पक्ष को एक-दूसरे पर भरोसा नहीं है और कोई भी समझ सकता है कि किसी भी नतीजे पर पहुंचने के लिए भरोसा सबसे पहली चीज है। वार्ता के बाद जिस तरह की भाषा अमे. रिकी राष्ट्रपति बोल रहे हैं और ईरान को धमका रहे हैं और होर्मुज को बलपूर्वक खोलने की बात कर रहे हैं, उससे भी साफ है कि शांति का समय जल्द ही लौटने नहीं जा रहा है।

### कानून पर सार्थक चर्चा संभव नहीं



नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 कानून सितम्बर 2023 में संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित हुआ था और उस समय कांग्रेस ने इसे तुरंत लागू करने की मांग की थी, सरकार ने तब इसे लागू नहीं किया, जबकि अब 30 महीने बाद बिना विपक्ष को विश्वास में लिए विशेष सत्र बुला रही है, परिसीमन से जुड़ी कोई स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की गई है, जिससे इस महत्वपूर्ण कानून पर सार्थक चर्चा संभव नहीं हो पाएगी, सरकार का यह दावा गलत है कि राजनीतिक दलों से इस मुद्दे पर संवाद हुआ है, विपक्ष लगातार 29 अप्रैल 2026 के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग कर रहा है, चल रहे विधानसभा चुनावों के बीच विशेष सत्र बुलाना सरकार की राजनीतिक मंशा को दर्शाता है और यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए उठाया गया प्रतीत होता है।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## Versatile singing के लिए हमेशा याद रहेंगी

# आशा भोसले



आशा भोसले भारतीय संगीत जगत की वह अद्वितीय स्वर सम्राज्ञी हैं, जिनकी आवाज ने लगभग सात दशकों तक श्रोताओं के दिलों पर राज किया है। उनका जीवन केवल एक सफल गायिका की कहानी नहीं है, बल्कि संघर्ष, साहस, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम की ऐसी मिसाल है, जो हर पीढ़ी को प्रेरित करती है। आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ था। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर एक प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक और रंगमंच कलाकार थे। घर का वातावरण पूरी तरह संगीत से भरा हुआ था, इसलिए आशा जी को बचपन से ही संगीत की शिक्षा और संस्कार मिले। उनकी बड़ी बहन लता मंगेशकर पहले से ही संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी थीं और आगे चलकर वह भारत की सबसे महान गायिकाओं में गिनी जाने लगीं।

आशा भोसले का बचपन सामान्य नहीं था। जब वह केवल नौ वर्ष की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया। यह घटना उनके जीवन में एक बड़ा झटका थी। पिता के जाने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर हो गई। परिवार को संभालने की जिम्मेदारी अचानक आशा और लता पर आ गई। इतनी कम उम्र में ही उन्होंने जीवन की कठिनाइयों का सामना करना शुरू कर दिया। उन्होंने फिल्मों में छोटे-मोटे रोल करना और गाना शुरू किया, ताकि परिवार का भरण-पोषण हो सके। यह उनके संघर्षपूर्ण जीवन की शुरुआत थी, जिसने उन्हें भीतर से मजबूत बनाया। आशा भोसले ने अपने करियर की शुरुआत बहुत छोटी उम्र में की थी। उन्होंने पहली बार मराठी फिल्म के लिए गाना गाया और फिर धीरे-धीरे हिंदी फिल्मों की ओर कदम बढ़ाया, लेकिन शुरुआती दौर उनके लिए बिल्कुल आसान नहीं था। उस समय संगीत जगत में गीता दत्त, शमशाद बेगम और उनकी अपनी बहन लता मंगेशकर जैसी स्थापित गायिकाओं का वर्चस्व था। ऐसे में आशा जी को मुख्यधारा के बड़े गीत नहीं मिलते थे। उन्हें बी-ग्रेड फिल्मों और कम बजट की फिल्मों में गाने का मौका मिलता था, लेकिन उन्होंने कभी भी इन परिस्थितियों से निराश होकर हार नहीं मानी। उन्होंने हर छोटे अवसर को अपनी प्रतिभा दिखाने का माध्यम बनाया।

उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उनकी मुलाकात प्रसिद्ध संगीतकार ओपी नैयर से हुई। ओ.पी. नैयर ने आशा भोसले की आवाज की अलग पहचान को पहचाना और उन्हें ऐसे गीत दिए, जिन्होंने उनकी छवि को पूरी तरह बदल दिया। नया दौर, हावड़ा ब्रिज, कश्मीर की कली जैसी फिल्मों के गीतों ने आशा भोसले को लोकप्रियता के शिखर तक पहुंचा दिया। उनकी आवाज में जो चंचलता, मस्ती और ऊर्जा थी, वह उस दौर के संगीत में एक नई ताजगी लेकर आई। इस दौर में उन्होंने यह साबित कर दिया कि वह केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र और सशक्त पहचान वाली गायिका हैं।

आशा भोसले की गायकी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी बहुमुखी प्रतिभा रही है। उन्होंने हर प्रकार के गीतों में अपनी अलग छाप छोड़ी है। चाहे वह रोमांटिक गीत हों, गजल हों, भजन हों, लोकगीत हों या फिर पाश्चात्य शैली के कैबरे गीत, हर शैली में उन्होंने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने पिया तू अब तो आजा, दम मारो दम, इन आंखों की मस्ती के जैसे गीतों के माध्यम से अपनी गायकी की विविधता को साबित किया।

उनके करियर का एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा आरडी बर्मन के साथ। आरडी बर्मन, जिन्हें प्यार से पंचम दा कहा जाता था, ने आशा भोसले के साथ मिलकर संगीत को एक नई दिशा दी। दोनों की जोड़ी ने कई सुपरहिट गीत दिए, जो आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। बाद में दोनों ने विवाह कर लिया और उनका रिश्ता केवल पेश. ेवर नहीं, बल्कि व्यक्तिगत रूप से भी गहरा हो गया। आरडी बर्मन के साथ काम करते हुए आशा भोसले ने आधुनिक संगीत, पॉप और फ्यूजन में भी अपने प्रयोग किए, जिससे उनकी लोकप्रियता और बढ़ी।

आशा भोसले का निजी जीवन भी उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने बहुत कम उम्र में गणपतराओ भोसले से विवाह कर लिया था, लेकिन यह विवाह सफल नहीं रहा। उन्हें इस रिश्ते में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और अंततः उन्हें अलग होना पड़ा। इसके बाद उन्होंने अपने बच्चों की परवरिश अकेले की और अपने करियर को भी आगे बढ़ाया। यह उनके साहस और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।

आशा भोसले ने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई। उन्होंने कई देशों में लाइव कॉन्सर्ट किए और अपनी आवाज का जादू बिखेरा। उन्होंने पश्चिमी संगीत के साथ भी प्रयोग किए और अपनी शैली को समय के साथ बदलते हुए उसे और भी समृद्ध बनाया। यही कारण है कि वह आज भी नई पीढ़ी के कलाकारों के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सफलता का रास्ता कभी आसान नहीं होता। इसमें कई कठिनाइयां, असफलताएं और चुनौतियां आती हैं, लेकिन जो व्यक्ति अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहता है, वह अंततः सफलता प्राप्त करता है। आशा भोसले ने अपने जीवन में हर कठिनाई का सामना किया और कभी हार नहीं मानी। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर इंसान में आत्मविश्वास और मेहनत करने का जज्बा हो, तो वह किसी भी मुकाम को हासिल कर सकता है। आशा भोसले का जीवन एक प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत और प्रतिभा के बल पर जो मुकाम हासिल किया, वह बहुत कम लोगों को नसीब होता है। उनकी आवाज आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनी रहेगी।

### जीवन की उपलब्धियां

आशा भोसले ने अपने करियर में हजारों गीत गाए हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा मराठी, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कई विदेशी भाषाओं में भी गाने गाए हैं। उनकी आवाज की मधुरता और लचीलेपन ने उन्हें हर भाषा में लोकप्रिय बना दिया। उन्होंने लगभग 20,000 से अधिक गीतों को अपनी आवाज दी, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उनकी उपलब्धियों की बात करें तो उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कई बार फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते और एक समय के बाद उन्होंने नए गायकों को मौका देने के लिए अपना नाम इस प्रतियोगिता से वापस ले लिया। उन्हें नेशनल फिल्म अवार्ड फॉर बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर से भी सम्मानित किया गया, जो भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट गायन के लिए दिया जाता है। इसके अलावा भारत सरकार ने उन्हें पदम् विभूषण से सम्मानित किया, जो देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान उनके संगीत में योगदान की सर्वोच्च मान्यता है। आशा भोसले को भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के अवॉर्ड से भी नवाजा गया।

# तमिलनाडु विस चुनाव : नए युग का आगाज!



**ओ.पी. पाल**

तमिलनाडु की राजनीति को समझने के लिए अक्सर वहां की रैलियों का शोर और सिनेमाई सितारों का कट-आउट काफी माना जाता रहा है, लेकिन 23 अप्रैल 2026 को विधानसभा की 234 सीटो पर होने वाले चुनाव से ठीक पहले राज्य की गलियों में पसरा सन्नाटा किसी खामोशी का नहीं, बल्कि एक बहुत बड़े सियासी मंथन का संकेत है। इस बार का चुनाव केवल सत्ता का हस्तांतरण नहीं है, बल्कि यह इस बात का लिटमस टेस्ट है कि क्या 50 साल पुराना द्रविड़ वर्चस्व अब बहु-ध्रुवीय राजनीति के सामने झुकने को तैयार है? यानी एक गहरी राजनैतिक परिपक्वता और त्रिस्तरीय मुकाबले का संकेत है। विशेषकर महिला मतदाता, जो राज्य की आबादी का 51 प्रतिशत हैं, उन्होंने अपनी चुप्पी से डीएमके और एआईएडीएमके दोनों खेमों की नींद उड़ा दी है। हालांकि सभी राजनीतिक दल अपनी नई चुनावी रणनीति के साथ चुनावी जंग में हैं।

तमिलनाडु राजनीति के इतिहास पर नजर डाली जाए, तो चुनाव में तमिलनाडु की राजनीति में इस समय द्रविड़ दलों यानी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एडीएमके) को अक्सर एक राजनीतिक महाशक्ति के रूप में देखा जाता है। ये दोनों प्रमुख दल ही पिछले दशकों से राज्य पर शासन करते आ रहे हैं, लेकिन तमिलनाडु विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार सियासी तस्वीर काफी बदली हुई नजर आ रही है। जहां पहले चुनावों में किसी एक पार्टी या गठबंधन की लहर नजर आती थी, वहीं इस बार ऐसा कोई सियासी परिदृश्य नहीं है। राजग और इंडिया गठबंधन दोनों अपनी-अपनी रणनीति के साथ मैदान में हैं, लेकिन जनता का मूड अभी भी शांत और सोच-समझकर फैसला लेने वाला दिख रहा है। राज्य में चुनावी सरगिर्मयों के बीच इस बार चुनावी रैलियों में वह पारंपरिक उन्माद नहीं दिख रहा, जो कभी एमजीआर, जयललिता या करुणानिधि के दौर में होता था। इस बार मतदाता मौन है और लगता है कि जनता इस बार उम्मीदवारों के चेहरों को नहीं, बल्कि उनके ट्रैक रिकॉर्ड को तौल रही है। यह सन्नाटा बताता है कि मतदाता इस बार लहर के बहाव में नहीं, बल्कि परिणाम के प्रभाव पर वोट करेगा। मसलन इस बार का चुनाव यह तय करेगा कि क्या तमिलनाडु अपनी पारंपरिक द्रविड़ सीमाओं में ही रहेगा या फिर वह राष्ट्रीय मुख्यधारा की राजनीति और नए क्षेत्रीय चेहरों के लिए अपने दरवाजे खोलेगा। दरअसल जब तमिलनाडु का मतदाता शांत होता है, तो वह अक्सर किसी बड़े उलटफेर की पटकथा लिख रहा होता है। 4 मई के नतीजे एक मुख्यमंत्री नहीं चुनेंगे, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति की आधी सदी का रुख तय करेंगे।

#### डीएमके का वर्चस्व और एडीएमके का अस्तित्व

सत्ताधारी डीएमके अपने द्रविड़ मॉडल और महिला केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं के भरोसे मैदान में है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के लिए यह चुनाव अपनी विरासत को स्थाई बनाने की लड़ाई है। इसमें उनका मजबूत कैडर और सरकारी योजनाओं की जमीनी पहुंच मानी जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन का चेहरा सबसे बड़ा है, लेकिन गठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस, छोटे दलों और वामपंथी दलों में दबी हुई नाराजगी के साथ ही कार्यकर्ताओं के बीच जमीनी स्तर पर तालमेल की कमी एक 'अदृश्य दरार' पैदा कर रही है। वहीं सनातन धर्म जैसे विवादित बयानों ने जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन को असहज किया है, उसका असर स्थानीय स्तर पर भाजपा भुनाने की कोशिश कर रही है। भाजपा के लिए तमिलनाडु हमेशा से एक अजेय दुर्ग रहा है, लेकिन इस बार पार्टी ने अपनी रणनीति बदली है। एआईएडीएमके के साथ दोबारा हुए गठबंधन ने राजग को नई ऊर्जा दी है। हालांकि एआईएडीएमके का आंतरिक नेतृत्व संकट अभी भी पूरी तरह सुलझा नहीं है। के. अन्नामलाई के नेतृत्व में भाजपा ने खुद को आक्रामक विपक्ष के रूप में पेश किया है। वे हिंदुत्व को तमिल गौरव से जोड़कर उस वैचारिक चक्रव्यूह को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे द्रविड़ राजनीति ने दशकों से बनाया था। वहीं इस चुनाव में अभिनेता से नेता बने विजय और उनकी पार्टी तमिझगा वेत्री टीवीके इस चुनाव के सबसे बड़े ब्लैक हॉर्स साबित हो सकते हैं। पहली बार वोट देने वाले करोड़ों युवा, जो पारंपरिक द्रविड़ राजनीति से अलग विकल्प ढूंढ रहे हैं। यह विजय का फैन बेस अगर पोलिंग बूथ तक पहुंचा, तो वह बड़े-बड़े दिग्गजों का सियासी गणित बिगाड़ सकता है। तमिलनाडु की सियासत में 2026 का विधानसभा चुनाव एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व मोड़ पर खड़ा है। राज्य के राजनीतिक इतिहास में शायद यह पहला मौका है जब डीएमके, एडीएमके, भाजपा और कांग्रेस जैसे सभी मुख्यधारा के दलों ने किसी भी ब्राह्मण उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है।

# आम्बेडकरवादी भी जातिवादी हैं!



**डा. उदित राज**



भारतीय समाज में जाति एक जटिल और गहराई से जड़ जमाई हुई संरचना रही है, जिसे समाप्त करने का सबसे सशक्त और स्पष्ट आह्वान डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने किया था। उन्होंने न केवल जाति-प्रथा की आलोचना की, बल्कि एक ऐसे समाज की कल्पना की जो समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित हो। उनके विचारों का मूल उद्देश्य था, जाति का उन्मूलन। आज एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि क्या स्वयं को आम्बेडकरवादी कहने वाले लोग इन मूल्यों को व्यवहार में उतार पा रहे हैं या कहीं वे भी उसी जातिवादी सोच के शिकार हो गए हैं, जिसका विरोध आम्बेडकर ने किया था। शादी- विवाह जाति के भीतर ही हो रहा है और गैर आम्बेडकरवादी जातियों की तरह खुद के जाति के संगठन खड़ा कर दिया है। रीति-रिवाज, शादी- विवाह, जाति के आधार पर राजनीति का समर्थन, अपनी जाति को ऊंचा मानना आदि व्यवहार वैसे ही हैं जैसे अन्य हिंदू समाज का है। पुरुष समाज अपनी महिलाओं को उन्ही बंधनों में रखता है जैसे अन्य। जो जागृति दिखती है वो मुख्यतः खुद की सुविधा, धन और सम्मान की प्राप्ति के लिए है। डा आम्बेडकर ने अपनी प्रसिद्ध कृति Annihilation of Caste में स्पष्ट लिखा था जाति केवल श्रम का विभाजन नहीं है, बल्कि श्रमिकों का विभाजन है। इस कथन में उन्होंने यह रेखांकित किया कि जाति-प्रथा समाज को केवल कार्य के आधार पर नहीं, बल्कि मनुष्यों को स्थाई रूप से अलग-अलग वर्गों में बांट देती है। उनका मानना था कि जब तक जाति का अस्तित्व रहेगा, तब तक सच्चा लोकतंत्र और सामाजिक न्याय संभव नहीं है। इसके बावजूद, वर्तमान सामाजिक व्यवहार में एक विरोधाभास देखने को मिलता है। अनेक लोग जो स्वयं को आम्बेडकरवादी कहते हैं, वे सामाजिक-राजनीतिक मंचों पर समानता और अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन निजी जीवन में, विशेषकर विवाह और सामाजिक संबंधों के मामले में, जाति को प्राथमिकता देते हैं। यह प्रवृत्ति केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं है यह व्यापक सामाजिक मनोविज्ञान का हिस्सा बन चुकी है। डा. आम्बेडकर ने अंतरजातीय विवाह को जाति-प्रथा को तोड़ने का सबसे प्रभावी साधन माना था। उन्होंने कहा था जाति को समाप्त करने का वास्तविक उपाय है, अंतरजातीय विवाह। उनके अनुसार, जब तक लोग अपने ही जाति-समूह के भीतर विवाह करते रहेंगे, तब तक जाति की दीवारें बनी रहेंगी। इस संदर्भ में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि आम्बेडकरवादी भी अपने व्यक्तिगत जीवन में इस सिद्धांत को अपनाने से हिचकते हैं, तो फिर उनके विचार और आचरण में सामंजस्य कैसे स्थापित होगा? महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण के मामले में भी एक समान विरोधाभास देखा जा सकता है। डा. अंबेडकर महिलाओं की स्वतंत्रता और अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने कहा था, मैं किसी समुदाय की प्रगति को इस आधार पर मापता हूं कि उस समुदाय की महिलाओं ने कितनी प्रगति की है। इसके बावजूद, आज भी कई समाजों में, चाहे वे किसी भी विचारधारा से जुड़े हों, महिलाओं के प्रति पारंपरिक और सीमित दृष्टिकोण बना हुआ है। अंबेडकरवादी समाज भी इस प्रवृत्ति से मुक्त नहीं दिखता। यह भी सच है कि सामाजिक और आर्थिक संसाधनों तक पहुंच के लिए पहचान-आधारित राजनीति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के लिए संगठित होना और अपने अधिकारों की मांग करना आवश्यक रहा है, लेकिन जब यह पहचान केवल सुविधा, सम्मान और संसाधनों की प्राप्ति तक सीमित रह जाती है और जीवन के अन्य पहलुओं में समानता के मूल्यों को नहीं अपनाया जाता, तो यह एक प्रकार का वैचारिक द्वंद्व उत्पन्न करता है।

डा. भीमराव अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अपने अंतिम भाषण में चेतावनी दी थी कि राजनीति में भक्ति या किसी नेता की अंधपूजा (Hero-worship) पतन और तानाशाही का सीधा रास्ता है। उन्होंने कहा था कि धर्म में भक्ति आत्मा की मुक्ति हो सकती है, लेकिन राजनीति में यह आत्म-विनाशकारी है, क्योंकि यह अंततः लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देती है। इसके विपरीत कथित दलित और पिछड़ों के नेता वोट बैंक की होड़ में अपने-अपने जाति के संगठन खड़ा कर दिए हैं। यह उतने ही जातिवादी हैं जितने अन्य दबंग जातियां और जाति के लोग अंध भक्त बन गए हैं और यह प्रकिया जारी है। यहीं पर आम्बेडकरवाद धराशाई हो जाता है और इनके जातियों के चरित्र और व्यवहार दूसरों के समान हो जाते हैं। आम्बेडकरवादी होना केवल एक पहचान या नारा नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, उन मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की, जिनके लिए डॉ. अंबेडकर ने संघर्ष किया। जाति-प्रथा का विरोध केवल भाषणों और लेखों तक सीमित नहीं होना चाहिए इसे व्यक्तिगत और पारिवारिक निर्णयों में भी परिलक्षित होना चाहिए। अंततः, यह समझना होगा कि जाति-विहीन समाज का निर्माण केवल किसी एक वर्ग या समुदाय का कार्य नहीं है। यह एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यदि हम वास्तव में डॉ. आम्बेडकर के विचारों का सम्मान करना चाहते हैं, तो हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में ईमानदारी से लागू करना होगा, चाहे वह अंतरजातीय विवाह का समर्थन हो, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो, या सामाजिक समानता की दिशा में ठोस कदम उठाना हो। सवर्णों को हर दुख और भेदभाव के लिए दोष देने से कभी भी उद्धार नहीं होगा। हां, सवर्णों के खिलाफ बोलकर कुछ लोग नेता तो बन जाते हैं परंतु खुद के समाज को नहीं बदलेंगे। प्रत्येक मानव स्वतंत्र पैदा हुआ, लेकिन परिवार और समाज उसे अपनी तरह ढालते हैं और यह प्रक्रिया पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। एक तरह से हम अतीत और अगल-बगल के रीति-रिवाज और परंपरा की फोटोकॉपी बनकर रह गए हैं। डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि अपने मस्तिष्क को विकसित करो और जो ऐसा करेगा, खुद प्रगति कर सकेगा और सवर्ण भी उसको नहीं रोक सकते।

**(लेखक दलित, ओबीसी, मॉइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों का परिसंघ (डोमा परिसंघ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के राष्ट्रीय चेयरमैन हैं, व्यक्त विचार उनके निजी हैं)**



अगरतला। त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएडीसी) चुनाव के दौरान मतदान केंद्र के बाहर अपना वोट डालने के लिए कतार में खड़े होकर अपने पहचान पत्र दिखाते मतदाता।

## युंगाडा आर्मी चीफ ने तुर्की से सबसे खूबसूरत महिला मांगी

कम्पाला। युगांडा के आर्मी चीफ और राष्ट्रपति के बेटे मुहूजी कैनेरुगाबा ने तुर्की से 1 अरब डालर (9000 करोड़) और देश की 'सबसे खूबसूरत महिला' को अपनी पत्नी बनाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं हुई तो तुर्की से कूटनीतिक संबंध खत्म कर दिए जाएंगे और तुर्की एयरलाइन पर रोक लगाई जा सकती है। कैनेरुगाबा ने एक्स पर लिखा कि अगर तुर्की ने हमारी समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो 30 दिन में संबंध तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि या तो वे भुगतान करें या हम उनका दूतावास बंद कर देंगे। उन्होंने युगांडावासियों को तुर्की यात्रा से बचने की सलाह दी और इजराइल के समर्थन में 1 लाख सैनिक भेजने की पेशकश की। हालांकि, इस पर तुर्की की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# 2-3 महत्वपूर्ण मुद्दों पर अटकी बातचीतः ईरान

## कई मुद्दों पर सहमति बनी, अंततः वार्ता किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रही

मास्को। ईरान और अमेरिका कई मुद्दों पर सहमत हुए लेकिन दो-तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर असहमति होने के कारण इस्लामाबाद में हुई बातचीत के बाद समझौता नहीं हो सका। यह जानकारी ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने दी। मेहर समाचार एजेंसी के अनुसार, बगाई ने कहा कि हमारे बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी लेकिन दो-तीन महत्वपूर्ण मुद्दों पर हमारे विचार अलग-अलग थे और अंततः वार्ता किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आठ अप्रैल की रात ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम समझौते की घोषणा की थी जिसके बाद, ईरान और अमेरिका ने शनिवार को इस्लामाबाद में वार्ता की।

रविवार सुबह अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख और उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने कहा कि ईरान और अमेरिका लंबी बातचीत के दौरान किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहे हैं और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के वापस लौट रहा है। वहीं ईरान ने अमेरिका के साथ वार्ता में 'व्यावहारिक' प्रस्ताव रखे हैं और अब आगे की प्रगति अमेरिका के रुख पर निर्भर है। प्रेस टीवी ने मामले से परिचित सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी प्रशासन ने वार्ता का आकलन उसी तरह गलत किया, जैसे उसने अपनी सैन्य रणनीति में किया था। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच अगले दौर की वार्ता का स्थान अभी तय नहीं हुआ है। दोनों देशों के बीच शनिवार को इस्लामाबाद में बातचीत हुई,



■ ईरान के प्रस्ताव 'व्यावहारिक' अब अमेरिका को यथार्थवादी रुख अपनाना होगा

### कूटनीति कभी खत्म नहीं होतीः ईरान

■ कहाः ये वार्ताएं 40 दिनों के थोपे गए युद्ध के बाद हुईं और अविश्वास और संदेह के माहौल में आयोजित की गई

तेहरान। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई वार्ता से कोई नतीजा नहीं निकला है। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीति कभी खत्म नहीं होती। उन्होंने कहा कि ये वार्ताएं 40 दिनों के थोपे गए युद्ध के बाद हुई और अविश्वास और संदेह के माहौल में आयोजित की गईं। यह स्वाभाविक है कि हमने शुरू से ही एक ही बैठक में समझौते पर पहुंचने की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा कि किसी ने भी इसकी उम्मीद नहीं की थी। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई वार्ता अमेरिकी पक्ष द्वारा रखी गई अत्यधिक मांगों के कारण बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। वार्ता के बारे में बघाई ने कहा कि ईरान और अमेरिका कई मुद्दों पर एक समझौते पर पहुंच गए थे और दो-तीन महत्वपूर्ण मामलों पर मतभेद हैं।

जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बाद आयोजित की गई थी। इस बीच, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जेडी वेंस ने कहा कि लंबी बातचीत के बावजूद कोई समझौता नहीं हो सका और अमेरिकी दल खाली हाथ लौट रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने कहा कि वार्ता अविश्वास के माहौल में हुई और किसी को भी तत्काल समझौते की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि कुछ मुद्दों पर सहमति बनी, लेकिन दो-तीन अहम विषयों पर मतभेद के कारण समझौता नहीं हो सका।

# ईरान से वार्ता विफल होने पर भड़के ट्रम्प

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान को बताया जिम्मेदार, होर्मुज की सैन्य नाकेबंदी का किया ऐलान

वाशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। पाकिस्तान में हुई नाकाम शांति वार्ता के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बेहद सख्त और तीखा बयान जारी किया है, जिसने वैश्विक राजनीति में हलचल मचा दी है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमधय खोलने का वादा किया था, लेकिन जानबूझकर उसे तोड़ा, जिससे दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता, डर और संकट की स्थिति पैदा हो गई है।

उनके मुताबिक, यह कदम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए गंभीर खतरा बन चुका है और ईरान की गैर-जिम्मेदार हरकतों ने वैश्विक व्यवस्था को चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी आरोप लगाया कि ईरान ने समुद्र में बारूदी माइन्स बिछाई हैं, जिससे जहाजों की आवाजाही खतरे में पड़ गई है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि ईरान की इन हरकतों से उसकी अंतर्राष्ट्रीय छवि खराब हुई है और वह अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने ईरान को चेतावनी भरे अंदाज में तुरंत इस जलमार्ग को खोलने की मांग की और कहा कि इसे तेजी से लागू किया जाना चाहिए। एक दूसरे पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि ईरान के साथ हुई बैठक में ज्यादातर मुद्दों पर सहमति बन गई, लेकिन सबसे अहम मुद्दा परमाणु कार्यक्रम पर कोई समझौता नहीं हो सका। ट्रम्प के अनुसार, इसके बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की नौसेना होर्मुज जलडमरूमध्य में आने-जाने वाले सभी जहाजों की निगरानी और रोकने की प्रक्रिया शुरू करेगी। इसके साथ ही टोल देकर होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को अमेरिकी नौसेना रोकेगी। उनका कहना है कि जब तक पूरी तरह भरोसेमंद स्थिति नहीं बनती, तब तक यह कदम जारी रहेगा।



■ होर्मुज से पास होने वाले जहाजों की निगरानी करेगी अमेरिकी नौसेना, ईरान पर ब्लैकमेल करने का आरोप
■ ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी भरे अंदाज में तुरंत इस जलमार्ग को खोलने की मांग की

ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान यह कहकर अस्थिरता पैदा कर रहा है कि समुद्री रास्तों में कहीं बारूदी सुरंगें (माइन) हो सकती हैं, जिससे जहाज मालिक जोखिम लेने से डर रहे हैं। उनके अनुसार, इसी वजह से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने इस स्थिति को वैश्विक दबाव और ब्लैकमेल बताया और कहा कि कोई भी देश, खासकर अमेरिका, इस तरह के दबाव में नहीं आएगा। ट्रम्प ने साफ कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश इस पूरे मामले पर सख्त नजर रख रहे हैं और जरूरत पड़ने पर आगे कदम उठाए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा कि हालांकि ईरान की नौसेना और उसके अधिकांश बारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाज पहले ही नष्ट किए जा चुके हैं, फिर भी इस पूरे मामले को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान ने समुद्री क्षेत्र में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं, जिससे जहाजों की आवाजाही पर खतरा पैदा हो गया है। ऐसी स्थिति में कोई भी जहाज मालिक जोखिम लेने को तैयार नहीं है, क्योंकि सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। इससे वैश्विक व्यापार और समुद्री आवागमन प्रभावित हो रहा है। अपने पोस्ट में ट्रम्प ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और ईरान के बीच करीब 20 घंटे लंबी बातचीत हुई, लेकिन ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने दो टूक अंदाज में साफ कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि ईरान की नौसेना, एयरफोर्स और रक्षा प्रणाली कमजोर हो चुकी है और उन्होंने अमेरिका की सैन्य ताकत का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने हमला किया या बाधा डाली, तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। ट्रम्प ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी देश इस स्थिति पर नजर रख रहे हैं और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई भी की जाएगी। अपने पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में हुई एक बैठक का भी जिक्र किया। उन्होंने दावा किया कि इस बातचीत में भारत और पाकिस्तान के बीच बड़े युद्ध को रोकने पर चर्चा हुई, जिससे लाखों लोगों की जान बची।

### वार्ता विफल होने के बीच ट्रम्प यूएफसी इवेंट में हुए शामिल

■ संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया

फ्लोरिडा। अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा रही है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शनिवार को फ्लोरिडा में यूएफसी इवेंट में शामिल हुए। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इवेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। ट्रम्प मियामी में यूएफसी 327 में पहुंचे, जहां फाइट देखने के लिए एरीना में जाने से पहले यूएफसी के अध्यक्ष डाना व्हाइट ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनकी बेटी इवांका ट्रम्प, पोती काई ट्रम्प उनके परिवार के कई सदस्य भी मौजूद रहे। अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी शामिल थे। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह मौजूदगी ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका की बातचीत बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई और दोनों पक्षों के बीच मुख्य मतभेद अभी भी सुलझे नहीं हैं। इस्लामाबाद में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि लंबी बातचीत के बावजूद वाशिंगटन और तेहरान किसी डील पर नहीं पहुंच पाए। ऐसे भू-राजनीतिक तनाव वाले माहौल के बीच ट्रम्प के इस इवेंट में शामिल हुए। आलोचकों का कहना है कि एक संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया। कई लोगों ने बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय तनाव के बीच एक हाई-एनर्जी फाइट नाइट में शामिल होने के नजरिए पर सवाल उठाए।

# एक बार फिर भारत और यूएई के मजबूत रिश्ते चर्चा में

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर के यूएई दौरे ने एक बार फिर भारत और यूएई के मजबूत रिश्तों को चर्चा में ला दिया है। उन्होंने दुबई और अबू धाबी में शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर भारत की चिंताओं और प्राथमिकताओं को सामने रखा। खास तौर पर पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारतीय समुदाय की सुरक्षा और दोनों देशों के रणनीतिक रिश्तों पर जोर दिया गया।

जयशंकर ने बताया कि उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश दिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार और आर्थिक सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही हालिया संघर्ष के दौरान यूएई में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और देखभाल के लिए धन्यवाद भी व्यक्त किया गया। जयशंकर ने यूएई के राष्ट्रपति के अलावा दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला से भी मुलाकात की। इन बैठकों में दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। उन्होंने भारतीय समुदाय की भावनाएं और अनुभव भी यूएई नेतृत्व तक पहुंचाए। विदेश मंत्री ने साफ कहा कि इस पूरे दौरे में भारतीय समुदाय उनकी सबसे बड़ी चिंता रहा। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान भारत में भी लोगों को उनकी सुरक्षा की चिंता थी। जयशंकर ने यूएई सरकार द्वारा भारतीयों की देखभाल के लिए आभार जताया और समुदाय की प्रतिक्रिया भी साझा की। बैठकों में ऊर्जा सहयोग, व्यापार और आर्थिक साझेदारी पर भी विस्तार से बात हुई। यूएई भारत का एक बड़ा रणनीतिक साझेदार है, इसलिए दोनों देशों ने इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। यह भी माना गया कि मौजूदा हालात में आर्थिक सहयोग और ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। जयशंकर ने कहा कि क्षेत्र में हालात काफी जटिल हैं और भारत का इस क्षेत्र में बड़ा हित जुड़ा है। इसलिए सुरक्षा और स्थिरता पर खुलकर चर्चा हुई।



■ जयशंकर ने भारतीय समुदाय के लोगों को दिया पीएम मोदी का संदेश, राष्ट्रपति से भी की मुलाकात

# न्यू जर्सी में गोलीबारी से एक की गई जान

## न्यूयॉर्क में बुजुर्गों पर हमला करने वाला सनकी हमलावर ढेर

■ कुछ ही सेकंड में रेस्तरां का माहौल किसी युद्ध के मैदान जैसा हो गया था

वाशिंगटन। अमेरिका के न्यू जर्सी और न्यूयार्क में हुई दो अलग-अलग हिंसक घटनाओं ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। पहली घटना न्यू जर्सी के यूनियन टाउनशिप की है, जहां एक मशहूर फास्ट-फूड रेस्टोरेंट 'चिक-फिल-ए' में शनिवार रात करीब 8:40 बजे अचानक गोलीबारी शुरू हो गई।

हमलावर रेस्तरां के अंदर घुसे और काउंटर के पीछे पहुंचकर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उस समय रेस्टोरेंट में कई ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे, जिससे वहां भगदड़ मच गई। इस हमले में कम से कम छह लोगों को गोली लगी है। इनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि कुछ ही सेकंड में रेस्तरां का माहौल किसी युद्ध के मैदान जैसा हो गया था। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और यूनियन काउंटी प्रासिक्यूटर आफिस मामले की जांच कर रहा है। अभी तक हमलावरों की पहचान और हमले की वजह का पता नहीं चल पाया है। दूसरी घटना न्यूयार्क के ग्रैंड सेंट्रल स्टेशन की है। शनिवार सुबह करीब 9:50 बजे 44 साल के एंथनी ग्रिफिन ने बिना किसी उकसावे के तीन बुजुर्गों पर धारदार हथियार मचेती (एक बड़ा चाकू) से हमला कर दिया। हमलावर खुद को लुसिफर कह रहा था। इस हमले में एक 85 साल के बुजुर्ग के सिर पर गहरा घाव हुआ, एक 65 साल के व्यक्ति के सिर पर चोट आई और एक 70 साल की महिला के कंधे पर वार किया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने हमलावर को हथियार डालने के लिए कई बार आदेश दिया, लेकिन उसने बात नहीं मानी। पुलिस ने उसे मदद की पेशकश भी की, लेकिन वह चाकू लेकर उनकी तरफ बढ़ने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

## रूस यूएन महासचिव पद के चयन प्रक्रिया में रहेगा सक्रियः विदेश मंत्रालय

मास्को। रूस संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद के लिए उम्मीदवारों के नामांकन पर बारीकी से नजर रख रहा है और चयन प्रक्रिया में पूरी तरह से सक्रिय रहना चाहता है। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पुतनिक को दी। लोग्विनोव ने कहा कि रूसी पक्ष अगले महासचिव के चयन की प्रक्रिया को पूरी तरह से जांचने का इरादा रखता है। हम नामांकन प्रक्रिया पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र महासचिव का पद अत्यंत महत्वपूर्ण बना हुआ है।

# तुर्की में नेतन्याहू समेत 35 लोगों पर केस

## 4600 साल तक जेल की सजा की मांग, मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा



■ इन जहाजों में खाने-पीने का सामान, दवाइयां और दूसरी जरूरी मदद भेजी जा रही थी

इस्तांबुल। तुर्की में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 35 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

यह मामला गाजा जा रहे राहत मिशन पर कथित हमले से जुड़ा है। इस्तांबुल के मुख्य सरकारी वकील के दफ्तर ने आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें सभी आरोपियों के लिए कड़ी सजा की मांग की गई है। इसमें उम्रकैद के साथ 1102 साल से लेकर 4596 साल तक की अतिरिक्त सजा की मांग शामिल है। आरोपों में मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार, गैरकानूनी हिरासत, यातना और लूट जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यह मामला पिछले साल सितंबर में हुई एक घटना से जुड़ा है, जब सुमुद फ्लोटिला नाम का एक राहत मिशन गाजा की ओर जा रहा था। इन जहाजों में खाने-पीने का सामान, दवाइयां और दूसरी जरूरी मदद भेजी जा रही थी। जांच के मुताबिक, जब यह फ्लोटिला अंतर्राष्ट्रीय समुद्र में था, तब इजरायली नौसेना ने इसे रोक लिया। आरोप है कि सैनिक जहाजों पर चढ़ गए, वहां मौजूद कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया और जहाजों को आगे बढ़ने से रोक दिया। तुर्की का कहना है कि यह कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ थी, क्योंकि यह घटना अंतर्राष्ट्रीय पानी में हुई थी और जहाज राहत सामग्री लेकर जा रहे थे। इसी वजह से इस पूरे मामले को गंभीर अपराध मानते हुए केस दर्ज किया गया है।

### दक्षिण लेबनान में इजरायली हमला, 5 की मौत

काना। लेबनान के दक्षिणी शहर काना में इजरायली हमले में 5 लोगों की मौत और कई अन्य के घायल होने की खबर है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, बचाव दल घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसके अलावा टायर जिले के अन्य इलाकों में भी हमलों की खबरें सामने आई हैं, जहां कई लोग घायल हुए हैं। काना शहर पहले भी 1996 और 2006 में बड़े हमलों का गवाह रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष की शुरुआत से अब तक हजारों लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। हालिया हमलों में भी कई लोगों की मौत और घायल होने की पुष्टि की गई है।

# ताइवान सीमा के पास चीनी जहाज-लड़ाकू विमान की हलचल

ताइपे। ताइवान के रक्षा मंत्रलय ने रविवार को अपने समुद्री और हवाई क्षेत्र के पास चीन की बड़ी सैन्य गतिविधियों का पता लगाया है। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि आज सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 8 पीएलएएन जहाजे, 2 पीएलए एयरक्राफ्ट और 4 सरकारी जहाज मौजूद थे।

इन 2 विमानों में से एक विमान ने ताइवान के दक्षिण-पूर्वी हवाई सुरक्षा क्षेत्र (एडीआईजेड) में प्रवेश किया। ताइवान की सेना (एमएनडी) ने इस पूरी स्थिति पर कड़ी नजर रखी और उचित जवाब दिया। इससे पहले शनिवार को भी चीन ने ताइवान की सीमाओं के पास भारी सैन्य दबाव बनाया था। शनिवार सुबह छह बजे तक चीन के 17 सैन्य विमान, 7 नेवी जहाज और 1 सरकारी जहाज ताइवान के पास देखे गए थे। खास बात यह है कि इन 17 विमानों में से 15 विमानों ने ताइवान की मधय रेखा को पार किया और उत्तरी व दक्षिण-पश्चिमी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। ताइवान पर चीन का दावा एक बहुत ही जटिल और पुराना मुद्दा है। बीजिंग का मानना है कि ताइवान चीन का एक अटूट हिस्सा है और यह उसकी राष्ट्रीय नीति का हिस्सा है। इसके उलट, ताइवान एक स्वतंत्र पहचान रखता है। वहां की अपनी सरकार, अपनी सेना और अपनी अलग अर्थव्यवस्था है। ताइवान की स्थिति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बहस का विषय है।

# इराक में खत्म हुआ लंबा राजनीतिक गतिरोध

## निजार अमेदी बने देश के नए राष्ट्रपति, जल्द होगा नए पीएम का चुनाव

बगदाद। इराकी संसद ने राजधानी बगदाद में एक अहम मतदान के बाद पूर्व पर्यावरण मंत्री निजार अमेदी को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया है। संसद के अध्यक्ष हैबत अल-हल्बूसी ने रनआफ मतदान में अमेदी को 227 वोट मिलने के बाद आधिकारिक विजेता घोषित किया।

घोषणा के तुरंत बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने संवैधानिक रूप से पद की शपथ ली। इस महत्वपूर्ण सत्र में 329 सदस्यों वाली संसद के करीब 250 सांसद मौजूद थे। राष्ट्रपति चुनाव के लिए कम से कम 220 सांसदों की मौजूदगी जरूरी थी, इसलिए यह संख्या तय कोरम से अधिक थी। टीवी पर दिखाए गए सत्र के अनुसार, पैट्रियाटिक यूनियन आफ कुर्दिस्तान (पीयूके) के उम्मीदवार अमेदी को पहले दौर में 208 वोट मिले। उनके मुकाबले में खड़े कुर्दिस्तान इस्लामिक यूनियन के मुथन्ना अमीन को 17 और मौजूदा विदेश मंत्री फुआद हुसैन को 16 वोट मिले। पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, इसलिए मुकाबला अमेदी और अमीन के बीच दूसरे दौर में चला गया। अमेदी बगदाद में पीयूके के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हैं। वे 2022 से 2024 तक इराक के पर्यावरण मंत्री रहे हैं और पूर्व इराकी राष्ट्रपतियों के सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। इराकी संविधान के तहत नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के पास 15 दिनों के भीतर संसद के सबसे बड़े दल के नेता को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित करने का अधिकार होता है। इसके बाद नामित उम्मीदवार के पास 30 दिनों के भीतर नई कैबिनेट गठित करने और विश्वास मत प्राप्त करने का समय होता है। इराक में पिछले साल नवम्बर में संसदीय चुनाव हुए थे। इस मतदान से लंबे समय से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के खत्म होने का संकेत मिला है। कुर्द दलों के बीच सहमति की कमी और कोरम पूरा न होने की वजह से राष्ट्रपति का चुनाव बार-बार टल रहा था। साल 2003 के बाद इराक में सत्ता के बंटवारे की एक व्यवस्था बनी है। इसके तहत राष्ट्रपति का पद कुर्द समुदाय के लिए, संसद अध्यक्ष का पद सुन्नी और प्रधानमंत्री का पद शिया समुदाय के लिए आरक्षित है।



■ पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, इसलिए मुकाबला अमेदी और अमीन के बीच दूसरे दौर में चला गया

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108